रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73200 10 ग्राम
₹93000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,199.11 | 85.772 |
| +234.12 | +0.018 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 08 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 334, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कमिंस, बुमराह, पैटरसन दिसंबर...

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 23.0° | अधिक. | 25.2° |
| न्यून. | 06.0° | न्यून. | 11.4° |

### झारखंड में एचएमपीवी का संक्रमण नहीं : डॉ इरफान

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को राज्यवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि झारखंड ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण से अप्रभावित है। देश के कुछ हिस्सों में इस वायरस के मामले सामने आने के बावजूद झारखंड में अब तक ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। मंत्री ने जनता से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की। अंसारी ने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि झारखंड में इसका कोई असर नहीं है।

### भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लांच

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लांच किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है।

### जराईकेला में आईईडी विस्फोट में बच्ची की मौत

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला थानांतर्गत ग्राम तिरिलपोसी स्थित राधाबेड़ा जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक प्रेशर आईईडी विस्फोट की चपेट में एक सात वर्षीय बच्ची (पिता सनिका गगराई) पता तिरिलपोसी थाना जराईकेला आ गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। एक अन्य महिला (पिता हरिचरण बोदरा) पता तिरिलपोसी थाना जराईकेला जिला पश्चिमी सिंहभूम मामूली रूप से जख्मी हो गई है। ये सियाल पत्ता तोड़ने जंगल की ओर गई थीं। घटना दिन के लगभग साढ़े नौ बजे की बताई जाती है।

## रांची में बड़ी समस्या बन कर उभरे हैं सड़क किनारे दुकान लगाने वाले

# जितनी दुकानें फुटपाथ से हटीं, उतनी ही फिर लग गईं

**मनोज मिश्रा**



सांकेतिक चित्र

- निगम की टीवीसी कमिटी में है नए तीन वेंडर मार्केट का प्रस्ताव
- बूटी मोड़, अरगोड़ा, बरियातू थाने के पास बन सकता है मार्केट

**रांची।** देशभर के फुटपाथ दुकानदारों ने संगठित होकर सर्वोच्च न्यायालय तक में गुहार लगाई कि उनके विस्थापन से उनके परिवार के भरण पोषण का सवाल खड़ा हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंडर मार्केट बनवाकर इनके पुनर्वास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके बाद पहले दिल्ली और फिर अन्य राज्यों में सर्वेक्षण कराकर उनकी सूची बनाई गई। व्यापक स्तर पर रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पुनर्वास की योजना बनी। जबकि, प्रशासन का मानना है कि मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों के इर्द-गिर्द मनमाने ढंग से दुकान लगाकर न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था में दिक्कत उत्पन्न करते हैं, बल्कि सरकारी राजस्व को भी हानि पहुंचाते हैं। आइए जानते हैं झारखंड की राजधानी रांची में फुटपाथ दुकानदारों की हालत क्या है। राजधानी के अटल वेंडर मार्केट में 472 दुकानें हैं, जिसमें से 72 दुकानों पर नगर निगम का ताला अज्ञात कारणों से लगा है। वहीं, 80 से 90 दुकानदार दुकान खोलते ही नहीं है। इस संबंध में अटल वेंडर मार्केट के अध्यक्ष नागेंद्र पांडे बताते हैं कि मार्केट बनाते समय भवन का डिजाइन सही नहीं बनाया गया था। इस कारण दुकान के कुछ भागों में ग्राहक नहीं जाते हैं। दूसरी बात यह है कि जिन जगहों से फुटपाथ दुकानदारों को उठाकर वेंडर मार्केट दिया गया था, आज वहां फिर उतने ही दुकान फुटपाथ पर लगने लगे हैं। इससे लोग वेंडर मार्केट नहीं आते और फुटपाथ से ही औने-पौने दाम में सामान ले लेते हैं।

राजधानी का ही व्यस्ततम लालपुर सब्जी बाजार क्षेत्र में वेंडर मार्केट बना है, लेकिन पर्याप्त संख्या में नहीं बने होने के कारण सड़कों पर बाजार लग रहा है। इस संबंध में लालपुर सब्जी वेंडर मार्केट के अध्यक्ष शंकर यादव बताते हैं कि यहां 357 सब्जी विक्रेता थे, जिसमें 130 सब्जी विक्रेताओं को लॉटरी के माध्यम से दुकानें आवंटित की गई थी। बाकी लोग आज भी सड़क किनारे दुकानें लगाते हैं। वहीं, गांधी मार्केट में 172 दुकानें हैं, जो पूरी तरह से भरे हैं। इससे अलग निगम की टीवीसी कमिटी में नए तीन वेडिंग मार्केट का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें बूटी मोड़, अरगोड़ा और बरियातू थाना के पास का इलाका शामिल है। राजधानी के अलावे अन्य शहरों का भी हाल ऐसा है कि वहां मनमाने ढंग से लोग दुकान लगाकर उस जमीन को अपने नाम पर आवंटित करने की मांग कर रहे हैं।

## सेवानिवृत्त जस्टिस की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिश पर होगी डीजीपी की नियुक्ति

# कैबिनेट में डीजीपी और आईजी की नियुक्ति नियमावली को मिली मंजूरी

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की हुई बैठक में कुल नौ प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्य में पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बल के प्रमुख) के चयन के लिए नियुक्ति नियमावली, 2025 के गठन की मंजूरी मिल गई है।

कैबिनेट ने 24 फरवरी से 27 मार्च के बीच बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन के लिए नाम निर्देशन समिति का गठन हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस की अध्यक्षता में होगा। इस कमेटी में चीफ सेक्रेट्री, यूपीएससी द्वारा नामित मेंबर, जेपीएससी अध्यक्ष या उनके द्वारा नामित मेंबर, सेवानिवृत्त डीजीपी इस कमेटी के सदस्य होंगे। साथ ही, गृह विभाग के सचिव, प्रधान सचिव या अपर मुख्य सचिव कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। यही कमेटी डीजीपी का चयन करेगी।

### इन प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों का चिह्नितीकरण की स्वीकृति।
- महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति।
- षष्ठम झारखंड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत करने एवं तत्संबंधी औपबंधिक कार्यक्रम पर स्वीकृति।
- झारखंड में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्र सरकार के साथ किए जाने वाले एमओयू प्रारूप पर स्वीकृति।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी, गढ़वा के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति।
- झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन के आलोक में सदन प्रसाद (तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड) फिलहाल सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति देने की की स्वीकृति।
- झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति।
- प्री-बजट कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत रांची के संत जेवियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सीमा अखौरी एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की मंजूरी।
- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए किए गए प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति।

- बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा
- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 9 प्रस्तावों पर मुहर



## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की दिल्ली चुनाव की घोषणा

# एक चरण में चुनाव, 5 फरवरी को मतदान, 8 को मतगणना



- उप्र की मिल्कीपुर, तमिलनाडु की इरोड सीट पर उपचुनाव की भी घोषणा
- जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे

**नई दिल्ली (हि.स.)**

चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। इन दोनों सीटों पर मतदान और मतगणना दिल्ली चुनाव के साथ ही होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बर्फीले मौसम के शेष पेज 11 पर

### आप ने 70, भाजपा ने 29 और कांग्रेस ने 47 प्रत्याशियों की घोषणा की है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा चुनाव की घोषणा हो गई । पांच फरवरी को मतदान है, 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) चुनाव तारीखों की घोषणा से पहले ही दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा अब तक 29 व कांग्रेस 47 उम्मीदवारों की घोषणा की है। कई ऐसी सीटों पर मुकाबला कांटे का है। जहां तक दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी आप का सवाल है, तो इसका सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल हैं। तीन बार - 2013, 2015 व 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उनको केंद्र सरकार ने ईडी व सीबीआई के मार्फत शराब घोटाले में जेल भेजा। जेल से वापस आने के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शेष पेज 11 पर

## कड़िया मुंडा की तबीयत खराब रांची के मेडिका में हो रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत खराब है और इस कारण उन्हें रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यहां उनका इलाज चल रहा है। भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। रक्षा राज्य मंत्री लगातार मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर के संपर्क में हैं और कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों से समुचित इलाज करने को कहा है।

# तिब्बत के शिगात्से में भूकंप, सवा सौ से ज्यादा की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तिब्बत के शिगात्से में मंगलवार की सुबह में आए शक्तिशाली भूकंप से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आए इस भूकंप में 125 से अधिक लोगों की जान जाने की खबर है। 188 लोग मलबे से जीवित निकाले गए हैं। 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। करीब 3000 घर ढह गए हैं। 30 हजार लोग बेघर हो गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 मापी गई है। भूकंप के झटके नेपाल, भूटान और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। भारत में भूकंप के झटके सिक्किम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर में भी महसूस किए गए हैं। काठमांडू के स्युचाटार इलाके में एक 20 वर्षीय युवक ऋषिकेश थापा ने जान बचाने के लिए छत से छलांग लगा दी, जिसके कारण वह मामूली रूप से घायल हो गया। इसके अलावा, बारा जिले के कलैया में रहे त्रिचन्द्र माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 11 विद्यार्थी डर से बेहोश हो गए। हालांकि, सभी को सामान्य उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि सुबह के समय विद्यालय में पढ़ाई चल रही थी, जब अचानक ही सब कुछ जोर जोर से हिलने लगा। छात्रों में भूकंप आने की खबर फैलने के बाद क्लास रूम से बाहर निकलने के लिए भगदड़ मच गई। इसी दौरान कुछ छात्रों के बेहोश होने की खबर मिली। शिक्षक ने बताया कि बेहोश होने वालों में अधिसंख्य छात्राएं हैं, जो डर के कारण अचेत हो गई थी। वहीं, रांची में भी कुछ लोगों ने हल्के झटके महसूस किए हैं। हाईकोर्ट के अधिवक्ता अरविंद लाल के अनुसार, सुबह में जिस समय भूकंप आया, उस समय उनके घर में रखी आलमारी की चाबी हिलने लगी थी।

इधर, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। बीबीसी न्यूज ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि शेष पेज 11 पर



- नेपाल, भूटान और उ. भारत के कई हिस्सों में भी लगे झटके
- मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका
- रांची में भी कुछ लोगों ने महसूस किए झटके

### जान-माल के नुकसान पर भारत ने जताया शोक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप के चलते हुई जानमाल के क्षति पर भारत ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत सरकार तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में विनाशकारी भूकंप के कारण हुए जान-माल के दुखद नुकसान पर संवेदना व्यक्त करती है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

**इंडिया**

# भारत पश्चिमी नजरिया बनाम डिजिटल भारत और भ्रम



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब सोने की चिड़िया भारत खोजने वालों ने वेस्ट इंडीज खोज दिया और कुछ ने भारत को खोजा ही नहीं मनमाने ढंग से लूटा, बर्बाद किया और लूट कर ले भी जाते रहे। भारत का उपनिवेश की तरह दोहन करने से इसकी सभ्यता संस्कृति भ्रष्ट हो गई और इसकी पहचान पश्चिमी देशों ने भिखमंगो और संपेरों वाली बताई क्योंकि लगभग दो हजार साल की गुलामी से इसके मजबूर टूटे हुए लोगों ने सड़कों पर यही सार्वजनिक पहचान बनाई थी।आज का भारत डिजिटल और सोशल मीडिया के युग में स्वार्थी तत्वों की फैलाई अश्लील,असभ्य और झूठी या अतिरंजित घृणा फैलाने वाली कहानियों से भरा है जिसके माध्यम से कुछ लोग भारत विरोधी राजनीतिक आख्यान स्थापित करना चाहते हैं, ये सामग्री इतने शातिराना तरीके और ऐसी विकसित की जा रही है जिसे देखकर देश के लोगों में आत्मविश्वास नहीं बल्कि हिन भावना और भ्रम बढ़ता जा रहा है।यह सब भारी सांस्कृतिक लहजे से बताया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व का यही संकट भारत को भी झेलना पड़ रहा है। चाहे वह वर्तमान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना हो या असहमति का अति-नाटकीयकरण, जो भारत की अंदरूनी समस्याओं को विवाद में बदल देता है। यह संकट आंशिक रूप से हमारी नई-नई उत्सुकता के कारण है कि हम खुद को अपनी कहानी का एकमात्र प्रामाणिक किस्सागो मानते हैं। इतने लंबे समय तक भारत दूसरों की धारणाओं के बोझ तले दबा रहा, जिनकी नजर एक पूर्व उपनिवेश की दुर्दशा पर ही रहती थी, जो अपनी स्वतंत्रता का ठीक ढंग से इस्तेमाल नहीं कर सका। अगर यह हिंदुस्तान की सांस्कृतिक सनक थी, चीन से परे का आश्चर्य था, जिसने पूर्व से आने वाले यात्रियों के पन्नों को जीवंत कर दिया था, तो यह स्वतंत्रता का अंतिम ह्रास कहा जाएगा, जिसने कैथरीन मेयो (अमेरिकी उपन्यासकार, मदर इंडिया की लेखिका, जिन्होंने भारत को दरिद्रता का घर कहा था) जैसी दुःखी आत्माओं को आकर्षित किया। अवमानना और हीनता ने भारत के मायो संस्करण को, जिसे पढ़ने वाले भी बहुत थे, एक ऐसा संस्करण बना दिया, जिसमें कहानीकार ने सांस्कृतिक रूप से अपनी समझ से परे की बातों को पूरी तरह से नकार दिया। बाद में जो हुआ, वह अलग था। जिसने नायपॉल और रश्दी के भारत को अलग कर दिया। एन एरिया ऑफ डार्कनेस, साठ के दशक में अंग्रेजीभाषी दुनिया के लिए भारत के एक शक्तिशाली परिचय के रूप में सामने आई, लेकिन यह भी एक क्रूर वास्तविकता के दर्द को कम नही कर सकती थी।



नायपॉल के लिए यह एक बहस की शुरुआत थी। मिडनाइट्स चिल्ड्रेन में सलीम सिनाई की पहली चीख ने न केवल एक बिल्कुल नई साहित्यिक संवेदनशीलता के आगमन की, बल्कि इतिहास के जुनून और विकृतियों की ओर झुकते भारत की घोषणा भी की। नायपॉल और रश्दी का भारत इस बात का अंतरंग चित्रण था कि इतिहास ने उसे किस चीज से वंचित कर दिया था। फिर वहां अंतरात्मा का रक्षक है, जो प्रगतिशील पाठकों के लिए दयनीय भारत के बारे में लिखता है। उनकी नजर में भारत न्यायविहीन भूमि है, भय का नया गणराज्य है, जहां लोकतंत्र की असहिष्णु प्रवृत्तियां चरम पर हैं। इस भारत को 2014 के आम चुनाव के बाद बढ़त मिली, जब नेहरूवादी भारत की महिमामंडित निश्चितताएं उजागर हुईं। असहमत वर्ग ने स्वतंत्रता के बाद भारत के जीवन में आए सबसे बड़े सांस्कृतिक बदलाव को कुछ छवियों तक सीमित कर दिया। वे वर्जित समाजवादी धर्मनिरपेक्ष राज्य से उबर रहे भारत के साथ बहस करने में कम से कम रुचि रखते थे; वे हिंदू राष्ट्रवादी को देखकर इतने भयभीत हो गए कि उन्होंने इसकी वजह भी नहीं पूछी। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। इसकी निंदा की। वे अब भी ऐसा ही कर रहे हैं। अतीत के आचार-विचार को चुनौती देने वाला भारत इतना बड़ा आख्यान है कि इसे अस्वीकारकर्ताओं और जय-जयकार करने वालों, दोनों के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। राष्ट्र ने लोकतंत्र की स्वीकृत के बाद यहां वापसी की है। इसे गलत लोकप्रिय आवेग के रूप में पढ़ना लोकतंत्र की इच्छा को कमतर आंकना है। जब हम यह सुनते हैं कि 'हम पश्चिम के लिए नहीं लिख रहे हैं', तो हम वहां सांस्कृतिक संरक्षणवाद की जानी-पहचानी आवाज को अनदेखा नहीं कर सकते। अंतरराष्ट्रीय किताबों की अलमारियों में भारत की अनुपस्थिति शायद हमें हमारी कहानी कहने की सीमाओं के बारे में बताती है। जब भारत जैसा विशाल और धैर्यवान लोकतंत्र अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है, धार्मिक अतीत के लागू किए गए वादों को त्यागता है तथा अपने प्राचीनतम संबंधों को पुनः प्राप्त करने वाले राष्ट्र के सांस्कृतिक दृष्टिकोण को अपनाता है, तो इसकी कहानी को व्यापक लोगों तक पहुंचाना आवश्यक हो जाता है। सांस्कृतिक बदलाव की व्यापकता को समझने के लिए बौद्धिक और रचनात्मक इच्छाशक्ति तथा संसाधनशीलता की आवश्यकता है, अन्यथा ऐसा न हो कि भारत अभी तक पूरी तरह से बताई न जाने वाली सबसे बड़ी कहानी बनकर रह जाए।

## कोर्ट ने झारखंड पर कहा, निर्देश के बावजूद नहीं हुई रिक्त पदों पर नियुक्ति

**ब्यूरो**

- बड़ी विपक्षी पार्टी नियुक्ति के लिए निर्वाचित सदस्यों में से एक को चयन समिति में करे नामित
- रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा ये संस्थान होने का क्या फायदा
- केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोगों में लंबे समय से रिक्तियों को नहीं भरे जाने पर नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल भरने का निर्देश दिया। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन के लिए कहते हुए जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने केंद्र से कहा, इन पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा संस्थान होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले लोग ही नहीं हैं?

शीर्ष अदालत ने इस मामले में झारखंड पर गंभीर टिप्पणी की, जिसने विधानसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होने के आधार पर उसके बार-बार निर्देश के बावजूद सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की। पीठ ने कहा कि झारखंड एसआईसी में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जून, 2024 में जारी किया गया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। पीठ ने झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को निर्देश दिया कि वह सूचना आयुक्तों को चुनने के सीमित उद्देश्य के लिए अपने निर्वाचित सदस्यों में शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस भवन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का जनता दरबार

# भूमि विवाद व आर्थिक सहायता के लिए पहुंचे फरियादी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस भवन में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जनता दरबार के माध्यम से जनता की परेशानियों को सुना। मंगलवार को निर्धारित समय के अनुसार जनता दरबार का समय 11 बजे से शुरू होना था। लेकिन मंत्री इरफान अंसारी कांग्रेस भवन 11.45 बजे पहुंचें जिसके बाद करीबन 12.10 बजे दरबार शुरू किया गया। वहीं मात्र 40 से 50 मिनटों में मंत्री इरफान अंसारी ने 40 से अधिक मामलों पर सुनवाई की।

जनता दरबार में अलग-अलग समस्याओं के साथ आमजन पहुंचे थे। इसमें स्वास्थ्य के साथ साथ जमीन से जुड़े और आर्थिक स्थिति से जुड़े कुल 40 मामलों पर मंत्री इरफान अंसारी ने सुनवाई की। 40 मामलों में स्वास्थ्य संबंधी आठ, जमीन संबंधित तीन, थाना विवाद के दो, स्थानांतरण के दो, नौकरी के सात मामलों के अलावा मंईयां सम्मान, अबुआ आवास, विभागीय कार्रवाई सहित अन्य मामले आए। इसी क्रम में काफी दिलचस्प मामला भी जनता दरबार में आया। लोहरदगा के कैरो थाना क्षेत्र की रहने वाली जयंती देवी का है। उन्होंने कहा कि उनके पति को उन्हीं के देवरों ने बंधक बना कर रख लिया है। जयंती देवी ने बताया की पिछले 8 वर्षों से उनके पति को नौकरी और पैसों के लालच में देवरों ने बंधक बना कर रख लिया है। उन्होंने कहा वर्ष 2012 में सास का निधन हो गया जिसके बाद मेरे पति ने तनख्वाह के रुपए अन्य सदस्यों में हिस्सेदारी देना बंद कर दिया। इस बात से नाराज सभी लोगों ने मिलकर पति को ही बंधक बना लिया। उन्होंने बताया कैरो थाना में कई बार शिकायत दर्ज की गई लेकिन कोई सुनवाई अब तक नहीं हुई है। इसलिए अर्जी लेकर मंत्री से मुलाकात करने आए है। मंत्री के हड़बड़ी में निकल जाने के कारण जयंती देवी की मुलाकात मंत्री से नहीं हो पाई। जयंती देवी ने कहा- 'अगली बार मिलेंगे मंत्री से और पति को वापस घर लाने की फरियाद करेंगे।



#### पत्नी के पैर के इलाज में लगे लाखों रुपए, मंत्री से मदद की आस : प्रकाश

जनता दरबार में कई मामले आये थे जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फरियादी के सामने फोन करके बाधित काम को करने का निर्देश दिया। वहीं, रांची के ही एक प्रकाश कुमार महतो ने मंत्री से आर्थिक सहायता की मांग की है। दरअसल किसी घटना में फरियादी की पत्नी का पैर कट गया था जिसके इलाज में लाखों रुपए खर्च हो गए। प्रकाश ने कहा मंत्री इरफान अंसारी ने मौखिक तौर पर सिविल सर्जन से मुलाकात करने के लिए कहा है। वहीं बरियारतू निवासी अनीता कच्छप ने बताया जन वितरण प्रणाली की दुकान जो की पति के साथ संचालन किया करती थी। लेकिन पति के मृत्यु के बाद से दुकान बंद हैं, जिस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा दुकान को शुरू करने के लिए दुकान की अनुज्ञप्ति मेरे नाम पर की जाए। जिसपर मंत्री ने मौखिक आश्वासन दिया है।

## सोएल हेल्थ कार्ड बनवाएं किसान : शिल्पी नेहा तिकी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कृषि पशुपालन और सहकारिता विकास मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अगुवाई में मंगलवार को चान्हो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने लगभग चार घंटे तक विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी जानकारी ली और जरूरत के अनुसार निर्देश दिया। उन्होंने किसानों को सोएल हेल्थ कार्ड बनवाने की जानकारी दी और जरूरतमंद किसानों को सिविल स्कोर के बिना भी केसीसी लोन देने का निर्देश दिया। मार्च तक जो भी बीज वितरण होना है उसका कैलेंडर तैयार कर सार्वजनिक करने और लैंपस का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया। मंत्री ने बैठक में मौजूद जनसेवकों को लताड़ा और कहा कि कृषि विभाग का काम करे और इससे समय बचे तो अन्य विभाग का काम करें। किसान के सशक्त होने से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए योजनाओं की भरमार है और किसान जानकारी के अभाव में सिंचाई की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि कार्यशैली में सुधार लाए और जनता के काम को सबसे पहले करें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, इरशाद खान, बबलू साहू, दिलीप सिंह, अजित सिंह, रघुनाथपुर मुखिया महादेव उरांव आदि मौजूद थे।



## सीएम से मिले प्रधान महालेखाकार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हक) चंद्रमौली सिंह, प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) इंदु अग्रवाल एवं सचिव, प्रधान महालेखाकार चंपक राय ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### बड़गाईं सीओ को रांची शहर अंचल का प्रभार



**रांची (हि.स.)।** बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को रांची शहर अंचल का प्रभार दिया गया है। शहर अंचल में होने वाले कार्य सुचारू रूप से हों इसके लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर का प्रभार दिया गया। उपायुक्त ने दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

## सम्मान के नाम पर सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ कर रही राज्य सरकार : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने राज्य के अर्थव्यवथा पर सवाल खड़ा किए। सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सूचना आ रही है कि झारखंड मुख्यालय राजधानी रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। कहा कि झारखंड के 25वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। राज्य में जिस प्रकार से हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं हो रही हैं ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। कहा कि ऐसा लगता है कि एक मंईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है। कहा कि मंईयां सम्मान के नाम पर बहन बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। कहा कि जिस प्रकार से रोज नए कारनामे उजागर हो रहे और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं,यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जाए।

### पति-पत्नी का आठ साल पुराना विवाद मध्यस्थता से सुलझा

**रांची।** आपसी विवाद के कारण पिछले 8 वर्षों से अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी का विवाद मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा लिया गया है। दोनों ने पुनः एक साथ अपने बच्चों के साथ नई जिंदगी शुरू करने पर सहमति जताई। संदीप नायक की शादी संगीता नायक से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे भी हैं। दोनों के बीच मामूली विवाद का मामला कोर्ट पहुंचा। न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार इंदवार की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता केंद्र भेज दिया, जहां मध्यस्थता के लिए अधिवक्ता मध्यस्थ सेवा चक्रवर्ती को नामित किया गया था।

### डीजीपी ने आईजी रैंक में प्रोन्नत सुनील भास्कर को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पलामू आईजी सुनील भास्कर को बैच पहनाकर सम्मानित किया। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हजारीबाग डीआईजी रहे भास्कर को आईजी कोटि में प्रोन्नति प्रदान करते हुए प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पलामू के पद पर पदस्थापित किया है। इस अवसर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता, रेल डीआईजी प्रियदर्शी आलोक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जयंती पर याद किए गए शिव प्रसाद साहू

## स्वर्गीय साहू की यादें दिल में है : कमलेश महतो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की जयंती कांग्रेस भवन मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक प्रतिभावान एवं परिश्रमी व्यक्ति थे। कार्यकर्ताओं का सम्मान करने एवं जनहित के मुद्दे पर सतत मुखर रहते थे। उनके व्यक्तित्व और उनके कार्य क्षमता का ही परिणाम रहा कि वह रांची लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद निर्वाचित हुए। उन्होंने झारखंड अलग राज्य संघर्ष में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे अपने इसी स्वभाव के कारण में झारखंड के गरीब जनता एवं कांग्रेस जनों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम रहे। आज स्वर्गीय साहू हमारे बीच नहीं है परंतु उनकी यादें हमारे दिल में मौजूद है।



श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नमन विक्सल कोनगारी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, कुमार राजा, राजेश सिन्हा सन्नी, नेलीनाथन, सुरेन राम, शशि भूषण राय, नरेंद्र लाल गोपी, केके गिरी, फिरोज रिजवी मुन्ना, जगन्नाथ साहू, प्रभात कुमार, अजय सिंह, नीतू देवी, मोहम्मद सत्तार, अजय कुमार मंडल, आकाश टोप्पो, राजीव प्रकाश चौधरी थे।

## कांग्रेस ने खलारी में किया मार्च




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस राज्य के जिलों और प्रखण्डों में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू की है। जिसके तहत मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो ने खलारी प्रखण्ड में अम्बेडकर सम्मान मार्च में मंगलवार को शामिल हुए। सम्मान मार्च को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस देश के वंचितों को अधिकार देने वाले संविधान के निर्माता बाबा साहब के सपनों को चकनाचूर करने की मंशा रखने वाली भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम राज्य और देश की जनता करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने आम लोगों को कई अधिकार दिया है और प्रत्येक भारतवासी को एक-समान अधिकार प्रदान भी करता है, परन्तु आज हमारे संविधान पर लगातार हमला किया जा रहा है और उसे कमजोर बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसकी रक्षा का दायित्व आप लोगों पर है।

### नमो पतंग महोत्सव में जरूरतमंदों के बीच होगा कंबल वितरण

**रांची।** रातू रोड के पंडरा रोड में ओटीसी ग्राउंड में 13 जनवरी को नमो पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संरक्षक व रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संयोजक मुकेश काबरा को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नमो पतंग महोत्सव की शुरूआत वर्ष 2006 में सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया था। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि दिन में 11:30 बजे निश्चित समय पर भक्ति में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग यह कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएगा। इसके अंतर्गत पतंग वितरण और उत्सव का भव्य आयोजन रखा गया है। इस उपलक्ष्य पर समिति की ओर से जरूरतमंद व्यक्तियो के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। साथ ही आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग की भी व्यवस्था रहेगी।

## देश में शक्तिशाली नेता हैं पीएम : देवेगौड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/देवघर।** पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि 2014 में पूर्ण बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनाई। पूर्ण बहुमत के कारण वे चाहते तो अपने कैबिनेट में किसी को भी रख सकते थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग प्रकार के लोगों को रखा ताकि समाज के हर तबके का प्रतिनिधित्व हो सके। 2019 में भी पूर्ण बहुमत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट में वैसे लोगों को रखा, जिनको भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में विश्वास था। पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी ने छोटे दलों को मौका दिया। मंगलवार को देवघर सर्किट हाउस में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाई। इस कारण मोदी को सहयोग करने वाले छोटे दल किसी व्यक्तिगत कारण से उनके साथ नहीं है, बल्कि राज्य और समाज हित में सहयोग कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी वर्तमान राजनीति में सबसे ताकतवर हैं, जो हमेशा देश हित में सोचते हैं और काम करते हैं। इस महीने में नरेंद्र मोदी वर्तमान में देश को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, और शरद पवार की पार्टी भी आगे बढ़ रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इन पार्टियों को फायदा हुआ है। करीब 48 पार्टियों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है, लेकिन देश में उनकी सरकार नहीं बन पाई। 2014 और 2019 की तुलना में 2024 में इंडी गठबंधन को अधिक फायदा हुआ है। दोनों सदनों में भी इंडिया गठबंधन भारी है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कांग्रेस अभी भारत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

## रक्षा राज्य मंत्री ने दिल्ली में झारखंड की 22 आदिवासी महिलाओं का किया अभिनंदन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को अपने दिल्ली स्थित आवास पर आदिवासी महिलाओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव बल्लभ भी मौजूद थे। बता दें कि पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम के तहत देशभर से 500 निर्वाचित जनप्रतिनिधि आदिवासी महिलाएं दिल्ली आयी थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड की 22 आदिवासी प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। उन सभी बहनों का रक्षा राज्य मंत्री ने अपने दिल्ली स्थित आवास पर स्वागत किया।



#### राष्ट्रीय महिला आयोग ने इन बहनों को मार्गदर्शन देने का काम किया

रांची के सांसद व मंत्री संजय सेठ ने इन महिला जनप्रतिनिधि बहनों से संवाद किया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इन बहनों को मार्गदर्शन देने का काम किया है। ये बहनें महिला सशक्तिकरण के साथ आदिवासी हितों की रक्षा सहित अन्य मुद्दों पर मुखर होकर समाज के साथ खड़ी रहेंगी। इन महिलाओं ने संसद भवन परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडे भी मौजूद थे।

### केंद्रीय सरना समिति भारत का 24 जनवरी को दिल्ली में प्रदर्शन

**रांची।** आदिवासियों की धार्मिक पहचान मुद्दें को लेकर मंगलवार को केंद्रीय सरना समिति भारत की प्रतिनिधि सभा हुई। आयोजन रांची प्रेस क्लब करम टोली में हुई। इसमें चार मुद्दों पर सहमति बनी। जानकारी दी गई कि सरना धर्मकोड को लेकर दिल्ली में 23 फरवरी को प्रतिनिधि सभा होगी और 24 फरवरी को जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन होगा। 28 जनवरी से दो फरवरी तक धार्मिक मान्यता सृष्टि स्थल सिरसीता नाले पैदल डुमरी गुमला से होगी। आदिवासियों की धरोहर रोहतासगढ़ अंतरराष्ट्रीय कोहा बेंज 12 और 13 जनवरी को होगी। इसको लेकर 11 जनवरी को अपने स्थल से प्रस्थान कर सभी रोहतासगढ़ पहुंचेंगे। इसके अलावा सरना धर्म महासम्मेलन 22 और 23 मार्च को होगी।

### राज्य में चल रहे सड़क प्रोजेक्ट के कार्यों की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा

# इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को प्राथमिकता दें सभी उपायुक्त : मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाए, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। वह मंगलवार को राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।



#### एनएचएआइ की चल रहीं कई योजनाएं

बताते चलें कि राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं। वहीं अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नई योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

**सभी विभागों से समन्वय बना कर निकालें समाधान :** मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी कराएं। इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों की बाधा को तत्काल दूर करें। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई काम नहीं रुकना चाहिए। समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं सभी संबंधित उपायुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## कांग्रेस महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम करती है : दीपिका पांडेय

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची।** झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जुमले की नहीं, जरूरतमंदों की पार्टी है। जहां भी कांग्रेस या उसके गठबंधन वाली सरकार है, वह महिलाओं को केंद्र में रखते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। इस मामले में उन्होंने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और झारखंड का उदाहरण दिया। झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर देश को 'लाडली' शब्द से योजना देने वाली पहली मुख्यमंत्री शीला दीक्षित थीं। उन्होंने अपनी सरकार में यह सुनिश्चित किया था कि कोई भी बच्ची अगर अस्पताल में पैदा होती है, तो उसे सरकार की तरफ से 11 हजार रुपये और अगर अस्पताल में पैदा न हुई हो तो 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसी क्रम में उन्होंने 1 से लेकर 12वीं कक्षा तक लड़कियों की शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये देने का ऐलान किया था। पांडेय ने कहा कि शीला सरकार ने बुजुर्ग, दिव्यांग और एकल महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए 600 रुपये से शुरू कर 1500 रुपये तक दिए थे। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश सरकार महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की सहयोग राशि दे रही है। कर्नाटक में भी कांग्रेस सरकार महिलाओं को प्रतिमाह दो हजार रुपये दे रही है। तेलंगाना सरकार भी महिलाओं को स्वतंत्र करने के लिए ट्रांसपोर्टेशन योजना और आवास दे रही है। उन्होंने दावा किया कि जहां भी कांग्रेस पार्टी और गठबंधन की सरकार है, वहां महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिर्फ वादे करती हैं, उन्हें पूरा नहीं करती हैं। आआपा और भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बिहार, झारखंड यानि पूर्वांचल के लोग जब छठ पर्व पर यमुना तट पर जाते हैं तो पता चलता है कि हमारी आस्थाओं के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और दिल्ली में सत्तारूढ़ आआपा किस तरह खिलवाड़ कर रही हैं। मैली यमुना इसकी ताजा मिसाल है। यमुना दिल्ली में पहुंचते ही हजारों गुना अधिक प्रदूषित हो जाती है। दिल्ली आज कचरे के ढेर और वायु प्रदूषण की गिरफ्त में है।



## डीजी होमगार्ड और डीजीपी हाईकोर्ट में हुए हाजिर

# अवमानना याचिका हुई रद्द

- होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलेरी मिलती रहेगी
- एरियर का भुगतान राज्य सरकार की अपील के आदेश पर निर्भर
- 10 अगस्त 2024 को राज्य सरकार ने होमगार्ड के जवानों को समान वेतन देने का आदेश जारी किया था।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** समान काम के बदले समान वेतन देने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट में डीजीपी अनुराग गुप्ता और डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अवमानना याचिका को खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में राज्य सरकार अपील (एलपीए) में गई है, इसलिए होमगार्ड के जवानों का एरियर सरकार के अपील के फैसले पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड को वर्तमान में मिल रहे बढ़ी हुई सैलरी मिलता रहेगा। इससे पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाईकोर्ट के 25 अगस्त 2017 के




प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। राज्य सरकार ने 10 अगस्त 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है।

इसके आधार पर वर्तमान में होमगार्ड जवानों को बढ़ी हुई सैलरी मिल रही है। होमगार्ड जवानों को एरियर भुगतान में कई वित्तीय कठिनाइयों भी हैं, सरकार स्तर पर अभी तक इस पर निर्णय नहीं हुआ है।

दरअसल, पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त 2017 के प्रभाव से होमगार्ड जवानों को बढ़े हुए वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था कि आदेश की तारीख से पुलिसकर्मियों के समकक्ष होमगार्ड जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ देना होगा। दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। विदित हो कि प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दायर की है। प्रार्थी ने एकल पीठ के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट से पहले ही खारिज हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था तथा एसएलपी खारिज कर दी थी।

## खादी हमारी विरासत और संस्कृति का अहम हिस्सा : राज्यपाल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 20 दिसंबर से चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिल्पकारों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खादी हमारी विरासत और संस्कृति का अहम हिस्सा है, यह देश की आजादी के संघर्षों की भी याद दिलाता है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हर हाथ को काम देने का सपना खादी से ही पूरा होगा। वहीं राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि खादी को बढ़ावा देने से महिला सशक्तीकरण को भी बल मिलेगा।

खादी सह सरस महोत्सव के समापन से ठीक एक दिन पहले बीस हजार से अधिक लोगों ने मेले का भ्रमण किया। मेले मे लगभग 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले मे आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जी भरकर लुत्फ उठाया।

## न्यूज बॉक्स

### हरिकनक ग्रेटर प्रथम चार्टर नाईट मनाया

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा प्रथम चार्टर नाईट केक काटकर एवं अनेक सामाजिक कार्यक्रम कर अशोक नगर स्थित मोहन कॉम्प्लेक्स मे मनाई गयी। इसमें क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही इंटरनेशनल मेडल विनर, सेंचुरियन प्रेसिडेंट एमजेएफ लायन प्रेमशंकर मिश्रा का हरिकनक ग्रेटर परिवार में शामिल होने पर टी.सीरीज एवं आस्था चैनेल सिंगर वीणाश्री जी द्वारा स्वागत गान से उनका भव्यरूप से स्वागत किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन राजेश केडिया ने भगवा नारी सेना की अध्यक्ष पिया बर्मन सहित अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुछ से स्वागत किया। वहीं कहा कि लायन प्रेमशंकर मिश्रा जैसे अनुभवी व्यक्ति के आने पर हमारे क्लब मे नई ऊर्जा मिलेगी साथ ही जिले में एक नया कीर्तिमान भी स्थापित होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के मेंटर लायन सुजीत कुमार,गाइडिंग लायन रंधीर चौधरी, सेक्रेट्री लायन अमित मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष लायन सुबोध चौधरी, जोन चेयरपर्सन लायन गणेश प्रसाद, लायन दीपक कुमार साहू, लायन अनूप आनंद,लायन ममता मिश्रा,लायन शिव किशोर शर्मा,लायन प्रशांत कुमार सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में वैकुंठ महोत्सव कल, तैयारियां जोरों पर

**रांची।** पहाड़ी मंदिर की निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में गुरुवार से ही वैकुण्ठ द्वार का दर्शन सुलभ हो जायेगा। मुख्यरूप से 10 जनवरी शुक्रवार को वैकुण्ठ एकादशी व्रत का मान है। इसी वैकुंठ एकादशी के अवसर पर चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आयोजन



किया गया है। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना 09 जनवरी से 12 जनवरी तक होगा। यह सहस्त्रनाम सब अपराधों का शमन करनेवाला और परमभक्ति की वृद्धि करनेवाला है। यह अक्षय ब्रह्मलोक तथा समस्त इच्छाओं की प्राप्ति का एकमात्र साधन है। यह सर्व दुखों का विनाश करने वाला तथा विष्णु लोक का एक सोपान है। यह समस्त सुखों को प्रदान करने वाला, सत्य और परम निर्वाणदायक है। काम, क्रोध तथा सभी मन की वासनाओं को शुद्ध करने वाला है। यह मनुष्यों को शांति प्रदान करता है, महापातकियों को भी पवित्र करता है और प्राणियों की सभी अभीष्ट इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है। यह समस्त विघ्नेंऔर घोर दुखों का शमन करने वाला तथा सभी अरिष्टों और तीव्र दरिद्रता का नाश करने वाला है। अतः श्रीवैकुंठ एकादशी के अवसर पर वर्ष में एक बार सामूहिक रूप से यह विष्णु सहस्त्रनाम का आयोजन किया जाता है। इसमें अवश्य रूप से भाग लेना चाहिए। इस अनुष्ठान में यजमान स्वरूप शामिल होने के लिए मंदिर कार्यालय से कूपन अवश्य प्राप्त कर ले।

### कोहरे से कई ट्रेनें लेट, रि-शिडयूल होकर गई

**रांची।** कोहरे के कारण ट्रेनों का विलंब से आना और देर से प्रस्थान करने का दौर जारी है। मंगलवार को रांची और हटिया स्टेशन कई ट्रेनें विलंब से आई। इसके कारण ट्रेनों को रि-शिडयूल कर रवाना किया गया। इसी क्रम में लिंक रेक देर से आने के कारण रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस जिसका निर्धारित समय दोपहर 2.25 बजे है, उसे रात 7.25 बजे रवाना किया गया। इसके अलावा यशंतपुर एक्सप्रेस जिसका निर्धारित समय शाम 5.25 बजे था, यह ट्रेन शाम 6.18 बजे रवाना हुई। इसके अलावा संबलपुर एक्सप्रेस 40 मिनट और मालदा-सूरत एक्सप्रेस 50 मिनट देर से आई और रवाना हुई। 10 को परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में विकास कार्य होगा। इसके कारण मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण 10 जनवरी को दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागपुर-बल्हारशाह होकर चलेगी। वास्को द गामा-जसीडीह एक्सप्रेस भी इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इसके अलावा नौ जनवरी को हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

### विशेष लोक अदालत में विवाह और चेक बाउंस के मामले निष्पादित होंगे

**रांची।** साल की पहली विशेष लोक अदालत का आयोजन 22 फरवरी को होने जा रहा है। इसकी तैयारी डालसा ने प्रारंभ कर दी है। विशेष लोक अदालत में फैमिली कोर्ट और चेक बाउंस से जुड़े मामलों का निष्पादन किया जाएगा। मामले को चिन्हित किया जा रहा है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित वादों के निस्तारण करने का लक्ष्य है। इसके लिए न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं। साथ ही संबंधित लोगों को नोटिस भी भेजा जा रहा है। प्री-लोक अदालत की बैठकें 17 से 21 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

### बेंगलुरु और दिल्ली से देर से आए विमान

**रांची।** कुहासा और खराब मौसम के कारण विभिन्न शहरों से रांची आनेवाले कुछ विमान सेवाएं घंटों लेट से आई। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई और घंटों विलंब से रांची आए। कोलकाता, बेंगलुरु और दिल्ली से विमान सबसे अधिक लेट आए। दिन में 4.40 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु से आनेवाली विमान सेवा रात 7.30 बजे रांची आयी। इसी एयरलाइंस की 5.55 बजे दिल्ली से आनेवाला विमान रात 7.15 बजे रांची एयरपोर्ट पर उतरा। रात को 8.30 बजे कोलकाता से आनेवाली विमान भी डेढ़ घंटा विलंब से आने की संभावना है। जबकि, सुबह में 8.20 बजे मुंबई, पुणे और बेंगलुरु से आनेवाली विमान सेवाएं करीब एक-एक घंटे लेट से आयी।

### मौलाना आजाद कॉलेज के विकास कार्यों पर मंथन

**रांची।** मौलाना आजाद कॉलेज के विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को कॉलेज में बैठक हुई। इसमें लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्णय लिया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोख्तार अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक में कॉलेज भवन के रखरखाव और शैक्षणिक प्रगति पर भी चर्चा की गई। कॉलेज सचिव इम्तियाज अली और प्राचार्य डॉ परवेज अख्तर ने कॉलेज की वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट पेश की। बैठक में मो. असलम, अमान, अब्दुल खालिक नन्हू, मो अनवर हुसैन, नदीम इकबाल आदि मौजूद थे।

### छवि रंजन समेत छह की न्यायिक हिरासत अवधि 20 जनवरी तक बढ़ी




**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 20 जनवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन की बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि, कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त हैं। वहीं, एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

## श्रीमद् भागवत गीता कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

# कृष्ण-सुदामा के मार्मिक प्रसंग से पूरा मंदिर परिसर आनंदित भाव-विभोर हो उठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा- धाम मंदिर में तीसरे दिन भगवान श्री राधा- कृष्ण के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता कथा के तीसरे दिन संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने उद्धव चरित्र रुक्मणी विवाह एवं कृष्ण सुदामा लीला की मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। कथा की अमृत वर्षा स्वामी जी के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा के यजमान सुनीता अग्रवाल ,राजू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, विजय अग्रवाल सपरिवार एवं संस्था के सदस्यों ने बड़े ही प्रेम भाव से श्रीमद्भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज को माल्यार्पण चंदन- वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की।



श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ पर आसीन संत सदानंद जी महाराज ने कहा कि दुख- सुख को समझने वाले जिस धैर्यवान पुरुष को एक इंद्रियों के विषयों के संजोग व्याकुल नहीं करते वह मोक्ष के योग्य नहीं है। महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि उद्घव से ज्ञानी को भी कहना पड़ा यह गोपियों तू धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है और तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों ने इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है। नंद बाबा के ब्रज में रहने वाले गोपांगनाओ चरण धूलि को मै बार-बार प्रणाम करता हूं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र एव अंतरंग सखा सुदामा जी थे। जिनकी कथा जग प्रसिद्ध है श्री सुदामा जी के एक मुट्ठी चावल के बदले अपना जैसा वैभव प्रदान किया।

भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव को ज्ञान उपदेश करते हुए कहा कि संसार मे जो भी मानव यह जगत क्या है इसमें क्या हो रहा है। इत्यादि बातों पर विचार करने में निपुण है वह चीत में भरी हुई अशुभ वासनाओ से अपने आपको स्वयं अपने विवेक शक्ति से प्रायः बचा लेते हैं।

## रांची डीसी ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

# घर बैठे दर्ज करा सकते हैं अपनी शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक पर एक पोस्ट जारी कर आम लोगों के समस्याओं के सामाधान के लिए नई पहल शुरू की है। इसके जरिए राजधानीवासी अपनी शिकायत और समस्याएं सीधे व्हाट्सएप पर दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए एक नंबर 9430328080 जारी किया गया है। इस नंबर पर लोग अपनी समस्याओं को अबुआ साथी के तहत भेज सकते हैं। रांची प्रशासन के इस नई व्यवस्था से आम लोगों के शिकायतों के सामाधान में तेजी आएगी। साथ ही किसी भी नागरिक को अपनी समस्याएं बताने के लिए किसी जनता दरबार में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा ये पहल जनता से जुड़ाव बढ़ाने में



मददगार साबित होगी।

रांची जिला प्रशासन का कहना है कि व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी शिकायतें भेजने वाले नागरिक अपनी समस्याओं का पूरा विवरण भेज सकते हैं। साथ ही अपना नाम और संपर्क का पता भी देना अनिवार्य है। ताकि कार्रवाई के बाद आपके साथ जानकारी साझा किया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाना और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। प्रशासन की इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान जल्द और प्रभावी तरीके से मिल सकेगा।

## जारी है सर्दी का सितम, पारा अभी और गिरेगा



**रांची।** झारखंड में सर्दी का सितम जारी है। आठ जनवरी को भी राज्य के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार के कोहरे का असर कई जिलों में देखने को मिलेगा। कई इलाकों में सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ होगा। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, सरायकेला-खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम के लिए अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई है। इसके बाद अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## जब तक मांगे नहीं होंगी पूरी अनिश्चितकालीन बंद जारी रहेगा : विवेक तिर्की

# क्षेत्रीय भाषा विभाग में दी जाए सभी मूलभूत सुविधाएं : छात्र संघ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मंगलवार को जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग (टीआरएल) की उपेक्षा और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर आंदोलन किया गया। इस दौरान सभी गेट बंद कर विश्वविद्यालय के कार्य को ठप कर दिया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व डीएसपीएमयू इकाई के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने किया। मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, आरयू अध्यक्ष मनोज उरांव, रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव भी उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई**

प्रदर्शन के दौरान कुलपति ने गेट पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। कुलपति ने छात्रों और पदाधिकारियों के साथ टीआरएल विभाग का निरीक्षण किया। वहीं कुलपति ने छात्र संघ के प्रतिनिधियों साथ बैठक की जिसमें अगले 7 दिनों में सभी विभागों की पुस्तकालयों को अपग्रेड करने, टीआरएल विभाग के लिए 6 महीनों में नया भवन बनाने, तब तक के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने पर सहमति बनी। वहीं टीआरएल विभाग और एसीएस के प्रतिनिधियों के साथ 16 जनवरी को एक उच्चस्तरीय बैठक होगी।

**आश्वासन का स्वगत है लेकिन मांगे पूरी होने तक**




**रहेंगे सतर्क : छात्र संघ :** आदिवासी छात्र संघ के द्वारा कहा गया कि यह आंदोलन छात्रों के अधिकारों और टीआरएल विभाग के विकास के लिए किया गया। हम प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन का स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक ये मांगें पूरी नहीं होतीं, हम सतर्क रहेंगे। आदिवासी छात्र संघअध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में, टीआरएल विभाग के छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आन्दोलन में केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने बताया टीआरएल विभाग में 9 भाषा में से एक भी भाषा के विभाग में पढाई सुचारू रूप से नहीं होती है। कुडूक विभाग, नागपुरी विभाग, संथाली, खोरठा, सहित 9 भाषा के विभागों के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं है। ना ही महिला/ पुरुष शौचालय की स्वछता पर ध्यान दिया जाता है। सभी डिपार्टमेंट की परेशानियों का समाधान कुलपति से करने की मांग की गई है।

## शिविर में 468 लोगों ने स्मार्ट मीटर को लेकर मोबाइल नंबर का कराया निबंधन



**रांची।** नव वर्ष में फिर बिजली शिविर में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी। रांची विद्युत आपूर्ति अंचल के विद्युत प्रमंडलों में मंगलवार को बिजली कैंप लगाया गया। स्मार्ट मीटर पंजीकरण को लेकर 485 आवेदन हैं, जिसमें 468 का निष्पादन किया गया। जबकि, 17 मामलों को एक सप्ताह के अंतराल में निष्पादित कर लिया जाएगा। इसके अलावा नए स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर 41 आवेदन और बिजली बिल नहीं मिलने को लेकर 131 मामले आए। बिजली बिल सुधार को लेकर 13 मामले आए। इसमें मात्र एक मामले का ही समाधान हो पाया। नए कनेक्शन का बिजली बिल को लेकर 14, ऑनलाइन बिजली बिल समायोजन को लेकर दो मामले आए। कार्यालय अवधि में लगे शिविर में पूरे दिन 731 आवेदन बिजली आपूर्ति अंचल में प्राप्त किए गए।

## आईएमए ने एचएमपीवी को बताया सामान्य वायरस, कहा

# बचाव के लिए कोविड-19 के समान ही तरीका अपनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आइएमए) ने एचएमपीवी वायरस को लेकर हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। आइएमए अध्यक्ष (झारखंड) डॉ अरुण कुमार सिंह और सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य वायरस है। इसका लक्षण कोविड-19 के समान है। पिछले कई दिनों से चीन के कुछ प्रदेशों में रेस्पिरेट्री सिंपटम्स वाले मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। चीन द्वारा इसे सीजनल इंफ्लूएंजा माना जा रहा है। वर्ष 2024 में मलेशिया में 327 एचएमपीवी केस प्रतिवेदित हुए थे। भारत में दिसंबर 2024 में एसएआरआई के 714 केस रिकॉर्ड में आए। इसमें 9 मामले लैब टेस्ट में एचएमपीवी पॉजिटिव पाये गये।

- **एचएमपीवी से संबंधित इन बिंदुओं का रखें ध्यान :** आइएमए



के मुताबिक, एचएमपीवी एक रेस्पिरेट्री वायरस है जो सबसे पहले नीदरलैंड में वर्ष 2001 में आया। इसमें कफ, बुखार सांस संबंधी कुछ परेशानी इस वायरस के चलते आती है। एक बीमार व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में यह फैलता है। संक्रमित व्यक्ति को छूने से भी यह फैल सकता है। जाड़े के महीने में इसका असर प्रभावित व्यक्ति में करीब एक सप्ताह तक रहता है। इससे बचाव के लिए कोविड-19 के समान ही तरीका अपनाएं। हाथों को साबुन और पानी से लगातार धोते रहें। गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह को टच ना करें। संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखें।

## प्रमंडलीय स्तर पर समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

# योजनाओं के प्रति लोगों को करें जागरूक : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारीयों के साथ संबंधित विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पूरक पोषाहार,पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, डायनप्रथा उन्मूलन एवं सामाजिक कुरीति निवारण, विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं विद्यालय की अद्यतन स्थिति सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई।

सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसका लाभ सभी जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को दिया जाना है। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनुमोदित आवेदनों का शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है। नए आवेदनों का जांचोपरांत ससमय भुगतान कर दिया जाएगा। आयुक्त द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि एक भी सुयोग्य बालिका योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रह जाए, इसका विशेष ध्यान रखें। कन्यादान योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त को अवगत करवाया गया कि गुमला जिला के किस्को पंचायत में विवाह निबंधन पोर्टल में दिक्कत हो रही जिसके वजह से कई आवेदन लंबित है। आयुक्त ने जल्द से जल्द पोर्टल को ठीक कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि पोर्टल संबंधित किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो तुरंत सूचित करें। किसी भी हाल में योजना संबंधित कोई भी कार्य रुकना नहीं चाहिए।

मुख्यमंत्री विधवा पुनर्विवाह योजना विधवा महिलाओं को दूसरी शादी के लिए आर्थिक मदद सरकार के द्वारा की जाती है, इसका अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कराने का निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि नवंबर माह तक का पोषाहार हेतु राशि दे दी गई है। आयुक्त ने कहा कि टीएचआर में किसी प्रकार गुणवत्ता से कोई खिलवाड़ नहीं हो,सभी को सही पोषण सही समय पर मिले। विभाग से आवंटन हेतु समय पर आकलन कर प्रतिवेदन भेज दें।



### डायनप्रथा उन्मूलन को लेकर आयुक्त ने दिया निर्देश

डायन प्रथा व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया जाए। जागरूकता के माध्यम से आम जनों को डायन एवं उससे संबंधित कुप्रथाओं के प्रति जागरूक करें। अंधविश्वास को जड़ से खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना की सुचना मिलती है तो तुरंत ऐसे लोगों पर करवाई कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा संचालित सभी वृद्धाश्रम एवं मूक बाधिर विद्यालयों को अनुदान राशि दे दी गई है।

## आज / कल



## एक नजर

### मंदार टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट शाखा ग्राउंड में वाईसीए येलो बनाम मंदार क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। वाईसीए येलो ने 20.5 ओवर में 10 विकेट पर 37 रन बनाया।आयुष ने सर्वाधिक 12 रन बनाया। अभिषेक ने 3, अतुल ने 2 और अयान राजा ने 2 विकेट लिया। वहीं मंदार क्रिकेट अकादमी ने 3.3 ओवर में 40 रन बनाया। प्रीतम ने 18, अयान राजा ने 11 रन बनाया। मंदार ने 10 विकेट से जीत दर्ज की।

### सरस्वती पूजा को लेकर हुई बैठक

**ठाकुरगांव।** शारदा संघ निराला चौक की बैठक हुई जिसमें सरस्वती पूजा को लेकर मुद्दे की बात हुई। सर्वसहमति से अभिषेक तिवारी को अध्यक्ष, मनोज गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रशांत गुप्ता को सचिव चुना गया। बैठक में अंजू साहु, गोविंद साहु, पंचम सिंह, जुगनू साहु सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे। ठाकुरगांव में रांची के दुर्गा पूजा के तर्ज पर मां सरस्वती की पूजा की जाती है। पूरे क्षेत्र में दस से पंद्रह बड़े-बड़े पंडाल बनाए जाते है। वहीं अत्याधुनिक लाइट से पूरे गांव सजाए जाते हैं। लोगों के दर्शन के लिए 2 दिन तक पंडाल का पट्ट खुला रहता है और तीसरे दिन विसर्जन किया जाता है।

### विशेष बच्चों को भी मिले समानान्तर शिक्षा

**खलारी।** प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं विद्यालय से जोड़ने से संबंधित शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक भाग लिए। बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि विशेष बच्चों के मन में कुंठित भावना उत्पन्न न हो और उन्हें भी सामान्य बच्चों के समानान्तर शिक्षा मिले।

### कुसुमटीकरा मैदान में डॉ सुखदेव बेदिया चैम्पियन ट्रॉफी का समापन

**मुरी।** चेतन मांझी की अध्यक्षता में हरेक साल की भांति कुसुमटीकरा के मैदान में चल रहे दो दिवसीय स्व डॉ सुखदेव बेदिया चैम्पियन ट्रॉफी का समापन हो गया । संचालन संतोष बेदिया और योगेश्वर बेदिया ने किया।मंच पर जिप सदस्या वीणा देवी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो, पिस्का पंचायत मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिल टाइगर,हांकेदाग पंचायत मुखिया हरिपद मांझी , पूर्व पंचायत समिति,लक्ष्मण महतो , पुरूषोत्तम महतो,अभिराम बेदिया, दुर्गा चरण यादव, मनोहर महतो थे ।जिप सदस्या वीणा देवी समेत मंच के सम्मानित सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाया। विजेता टीम जागरण बद्रश कुसुम टीकरा को जिप सदस्या वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया।

मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का दिया निर्देश

❑ मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ जनता को मिले



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को चान्हो प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समीक्षा बैठक के दौरान प्रखंड स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं के शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने को लेकर गंभीर दिखी। उन्होंने इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। समीक्षा बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, आवास, मनरेगा और 15 वीं वित्त योजना, जे एस एल पी एस, समाज कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग के साथ साथ जमीन संबंधी मामले को लेकर लंबी चर्चा की। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ जनता को मिले। इसको लेकर अधिकारियों की गंभीरता दिखनी चाहिए। उन्होंने विकास योजनाओं को धरातल में उतारने को लेकर अड़चनों को समय सीमा के अंदर दूर करने का भी निर्देश दिया है। मौके पर मो इश्तियाक, मंगलेश्वर , मो मोजीबुल्ला, इरशाद खान, अजित सिंह, दिलीप सिंह, सुरजीत शाही, अब्दुल्ला अंसारी, लतीफ अंसारी, आबिद खान, मो एहसान, मो जावेद, शशि साहु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# तिसरी प्रखंड क्षेत्र में लोगों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** पुस महीने की शुरूआत से ही ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. पिछले कुछ दिनों से हो रहे कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है. वहीं इसी के मद्देनजर हर साल की भांति इस साल भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिसरी प्रखंड क्षेत्र में लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. मंगलवार को भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक उपाध्याय और जिला मंत्री मनोज यादव के नेतृत्व में तिसरी,रतनगडुरा और गम्हारियाटांड गांव में दर्जनों महिला व पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया. इस दौरना अशोक उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सहयोग से कमजोर तबके के लोगों के बीच हर वर्ष कंबल का वितरण किया जाता रहा है.बाबूलाल मरांडी इस क्षेत्र के बेटा हैं,गरीबी में पला बड़ा आपका बेटा आपके दर्द को भलीभांति समझता है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में ही सम्पूर्ण विकास सम्भव है. वहीं मनोज यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रतेक वर्ष ठंड में कंबल का वितरण किया जाता है. इस कार्य के लिए उन्होंने पार्टी और बाबूलाल मरांडी को धन्यवाद दिया है. मौके पर सुरेश उपाध्याय,दामोदर यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## न्यूज बॉक्स

### जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने बांटने के लिए इकट्ठा किए गर्म वस्त्र



**गांडेय,गिरिडीह।** बढ़ती ठंड को देखते हुए गांडेय में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राओं ने मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष श्याम पाठक को गर्म वस्त्र वितरण करने के लिए सहयोग किए इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार ने अपने विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं से गर्म वस्त्र इक्कठा कर मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष श्याम पाठक को सुपुर्द किया। इस दौरान श्याम पाठक ने कहा कि मानाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के माध्यम से विगत 12 वर्षों से असहाय अनाथ बच्चों के बीच गरम वस्त्र वितरण करते आ रहे हैं।कहा कि बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए ग्रामीण इलाकों के बच्चे बच्चियों वृद्ध महिला पुरुष को गर्म वस्त्र वितरण किया जाएगा। मौके पर उपस्थित जिला सचिव गौतम पाठक,धीरज कुमार पाठक,गणेश यादव,शिक्षिका संजू सिंह,गुलाब कुजूर,सेल त्रिवेदी,नवाब मेंहदी सहित विद्यालय के दर्जनों छात्र छात्राओं मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



**मांडर।** प्रखंड के पुनगी बरटोली नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत लगभग पांच करोड़ रूपए से बनने वाले पुल का शिलान्यास मंगलवार को पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग के लिए पुल बन जाने से काफी सहूलियत मिलेगी। पुल के लिए वर्षों से यहां के जानता की मांग थी जिसे आज पूरा कर दिया गया है। अंत में कहा कि आपका चुना हुआ विधायक मंत्री हैं तो इसका लाभ आप भरपूर ले। मौके पर जमील मलिक, मांगा उरांव, तबारक खान, होसे उरांव, समसुल सेख, मो खालीद, रसीद अंसारी, रसीद खान , मेरी उरांव, हातीम अंसार, अर्जुन महतो के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनी फरियाद



**सिल्ली।** सोनाहातु प्रखंड के 14 पंचायत में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने जनता दरबार लगाकर जनता से रूबरू होते हुए। जनता के समस्यायों को समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच सोनाहातु प्रखंड के हिसाहातु पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा आंचल के सीआई बंकिम चन्द्र गांगुली के द्वारा जनता का काम नहीं करने का शिकायत विधायक को किया। जिसमें विधायक ने संज्ञान में लेते हुए अंचल के सीआई बंकिम चन्द्र गांगुली को डांट फटकार लगाते हुए जनता के समस्यायों का समाधान करने का आदेश देते हुए जनता के साथ अच्छी तरह से व्यवहार करने का आदेश दिया।

### ताइक्वांडो संघ का प्रतिनिधि मंडल खेल मंत्री से मिला



**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ का प्रतिनिधि मंडल मंत्री सुदिव्य कुमार से मिला। वहीं मंत्री को हाल में ही कराए गए भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 के बारे में बताया और प्रतियोगिता का मोमेंटो ओर शॉल दे कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में खेल मंत्री को भी शामिल होना था पर कुछ कारण वश वे नहीं पहुंच पाए थ। मंत्री ने ताइक्वांडो खेल के बारे में बात किया और जो भी विभाग के तरफ से सहायता हो सकेगा उसे करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, कोच अविनाश राम, आदित्या शर्मा शमिल थे।

# रासायनिक खादों से उगाई गई सब्जियों से होती है बीमारियां : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव** मंगलवार को रामकृष्ण मिशन के तत्वाधान में ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बगदा गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेश कुमार बैठा, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज, समिति के निदेशक विकास कुमार, जिप सदस्य मनोज बाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, मुखिया पूजा किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद ने कहा कि रसायनिक खादों व कीटनाशकों से उगाई गई सब्जियों के प्रयोग से कई जटिल बीमारियां हो रही है। साथ ही उन्होंने किसानों से जैविक विधि से खेती करने की भी बात कही। वहीं विधायक सुरेश बैठा ने विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए जल्द ही कोल्ड स्टोर का निर्माण कराने की बात कही। प्यारेलाल महतो चुने गये सर्वश्रेष्ठ किसान। किसान मेला में सर्वश्रेष्ठ किसान के रूप में बगदा गांव के प्यारेलाल महतो का चुनाव किया गया। मेला में किसानों के द्वारा फसल के 678 नमूने व पशु पक्षी के 120 नमूने लाये गये थे। 90 उत्कृष्ट फसल के नमूना लाने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। किसान मेला के सफल आयोजन में समिति के डॉ मदन, रूपलाल महतो, मनोज महतो, योगेंद्र महतो, कृष्णा कुमार, बरतु पाहन, कुलेश्वर महतो, अजित कुमार, मोहनलाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# दिवंगत राजेश तुरी के स्वजनों से मिले कांग्रेस नेता, जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी दौरे पर आए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशवमहतो कमलेश सहित अन्य कांग्रेस नेता मोहननगर निवासी दिवंगत समाजसेवी राजेश तुरी के घर जाकर उनके स्वजनों से मिले। कांग्रेस नेताओं ने राजेश तुरी के आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को सांत्वना दिया। शोक प्रकट करने वालों में विधायक सुरेश बैठा, रवीन्द्र सिंह, केदार पासवान, विनय सिन्हा, सतीशपाल मुंजनी, राजन सिंह राजा जी, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, साबिर अंसारी, इंदिरा देवी, पिंकी सिंह, इम्तियाज अंसारी, अशोक राम, रवि उरांव आदि शामिल थे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ मांडर डीलर संघ की बैठक, कहा

# लाभुकों के प्रति कोताही बर्दाश्त नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** प्रखंड सभागार में मंगलवार को मांडर डीलर की समीक्षा सह मासिक बैठक किया। प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चंचला कुमारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपने कामों में कोई भी कोताही ना बरते। उन्होंने कहा कि किसी भी डीलर की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सख्त आदेश दिया कि कोई भी लाभुक का हक उन्हें हर कीमत पर देनी होगी। प्रत्येक डीलरों का उन्होंने वितरण प्रतिशत जाना और आवश्यक निर्देश दिया कि वह अपने वितरण के प्रतिशत को बढ़ाएँ। साथ ही उन्होंने ए जी एम को आदेश दिया कि वह डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से ससमय डीलरों का माल का डिलीवरी करें। माल डिलीवरी में अनाज की गुणवत्ता एवं वजन पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया। बैठक का संचालन करते हुए रांची जिला के फेयर प्राइस डीलर शॉप मंत्री अमिताभ कुमार पाठक ने कहा कि हम दुकानदारों का बकाया कमीशन का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाय।

## थाना परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सड़क सुरक्षा को लेकर सिल्ली थाना में शपथ ग्रहण का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा संबंधित नियम जैसे दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहन कर चलाऊंगा, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊंगा, नाबालिक बच्चों को बाइक चलाने नहीं दूंगा, साथ ही साथ अपने आस-पड़ोस के लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने को लेकर जानकारी दूंगा इत्यादि सड़क सुरक्षा को लेकर थाना के जवानों के द्वारा निष्ठा पूर्वक शपथ लिया गया। इस मौके पर विकास पासवान, रामदेव कुमार यादव, उदय कुमार सिंह, बी हेंब्रम, विनोद कुमार चौधरी इत्यादि जवान शामिल थे।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं को मिलती है व्यापक जानकारी : सविता उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं को कृषि क्षेत्र में व्यापक जानकारी मिलती है। छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान देने से भविष्य में छात्र-छात्राएं कृषि को कैरियर के रूप में अपना सकते हैं। उक्त बातें सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा कृषि फॉर्म केंद्र लापुंग का शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कही । वहीं मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कृषि फार्म के प्रबंधक अनिल कुमार जांगड़े ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आधुनिक कृषि तकनीक, स्प्रींकल टपक सिंचाई पद्धति सहित कई विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। अनिल कुमार जांगडे ने कहा कि आज के दौर में ऑर्गेनिक खेती को अपनाए जाने की जरूरत है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। आज के दौर में ऑर्गेनिक खेती किसानों को भरपूर लाभ प्रदान कर सकता है। इससे स्वास्थ्य की समस्याओं का सामना भी करना नहीं पड़ेगा और आशातीत सफलता भी मिलेगी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को फलवर्गीय, सब्जीवर्गीय, धान्य वर्गीय फसलों की भी जानकारी दी गई।

मोहन सहिस ने सिल्ली का नाम किया गौरवान्वित

# भारतीय प्रभात संगीत नृत्य प्रतियोगिता में रावा रत्न से हुए सम्मानित



झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने मोहन सहिस को सम्मानित किया था

**नवीन मेल्ल संवाददाता। मुरी/सिल्ली** मुरी निवासी मोहन सहीस लगभग 15 वर्षों से डांस सीख रहे है और सीखा भी रहे हैं। सन 2022 में उन्हें आर्ट्स ऑफ कल्चर की ओर से पूरे भारत में आयोजित भारतीय प्रभात संगीत नृत्य प्रतियोगिता में जीत हासिल करने के पश्चात रावा रत्न से सामनित किया गया। जहां इंदौर, गुजरात, यूपी, एमपी, आसाम, बांग्लादेश जैसे टॉप 10 अभ्यार्थियों को पश्चिम बंगाल कोलकाता में फाइनल में बुलाया गया और सबको पीछे छोड़ कर जीत हासिल की, जिसके लिए उन्हें आर्स्ट ऑफ कल्चर की तरफ से रवा रत्न से सम्मानित किया गया एवं विश्व रतन से भी सम्मानित किया गया। सन 2023 में उन्होंने परस्तीजायस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड भी बनाया। रांची में सांसद संजय सेठ के द्वारा आयोजित संसद सांस्कृतिक महोत्सव में भी सिल्ली विधानसभा की ओर से उन्होंने मनमोहक प्रदर्शन देकर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया और अपने सिल्ली विधानसभा के क्षेत्र को गौरवशील होने का पात्र बनाया एवं सिल्ली में अपनी राज्य एवं देश के पारंपरिक संस्कृति को हर साल प्रस्तुत करने वाली गूंज महोत्सव में भी उन्होंने प्रत्येक वर्ष अपना मनमोहक प्रदर्शन करते हुए 2023 के गूंज महोत्सव में उन्हें तत्कालीन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों सम्मानित किया गया था। वर्ष 2023 में उन्हें हाल ही में आयोजित जी बांग्ला टीवी चैनल में होने वाले डांस रियलिटी शो में डांस बांग्ला डांस में प्रतिभागी के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता एवं नृत्य महागुरु मिथुन चक्रवर्ती के सामने उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी।

बढ़ते अपराध के खिलाफ भाकपा माले ने निकाला चेतावनी मार्च

# थाना गेट पर किया नुक्कड़ सभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** भाकपा माले द्वारा मंगलवार को गावां प्रखण्ड में लगातार बढ़ रहे चोरी, अपराधी घटना को लेकर गावां ब्लॉक मोड़ से थाना गेट तक चेतावनी मार्च निकाला गया। मार्च की अगुवाई पूर्व विधायक राजकुमार यादव कर रहे थे। मार्च पूरा गावां बाजार किया। इस दौरान केंद्र सरकार व पुलिस प्रशासन के नारेबाजी की गई। नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पूरे जिले में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार और भ्ष्टाचार चरम सीमा पर है। लेकिन पुलिस एक भी मामले की उद्भेदन नही कर पा रही है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि नेताओ को भी फोन पर जान से मारने की धमकी देने लगे है। उन्होंने कहा कि माले नेता सकलदेव यादव को भी जान से मारने की धमकी मिली है। लेकिन इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। कहा कि प्रखंड में लगातार अब वाहनों से आकर मोटर आदि की चोरी कर ले जा रहे हैं। जिसका बानगी पिछले माह प्रखंड के कई पंचायतों में दिखा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को धड़ पकड़ और आपराधिक घटनाओं में रोक लगाने की मांग की है। मौके पर अखलेश यादव, सकलदेव यादव, चन्दन यादव, कन्हाइ राम, कमलेश यादव, अशोक यादव, पिंटू कुमार, इंददेव यादव, अशोक मिस्त्री, रंजीत कुमार, रूपेश कुमार, दिनेश कुमार, भुनेश्वर यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिवानी ने दिलाया रजत, झारखंड आठवें स्थान पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेली जा रही 68वीं एसजीएफआई अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मंगलवार को झारखंड के खाते में एक मात्र रजत पदक आया। चार सौ मीटर हर्डल रेस में शिवानी कुमारी ने ये पदक अपने नाम किया। इस पदक को जीतने के साथ ही झारखंड अंक तालिका में आठवें पायदान पर पहुंच गया है। शिवानी ने 108.26 सेकेंड में दौड़ पूरी करते हुए रजत पदक पर दावा पक्का किया। इसमें स्वर्ण पदक दिल्ली की हर्षिता गोस्वामी ने अपने नाम किया। उन्होंने 102.47 सेकेंड में दौड़ पूरी की। इस मुकाबले का कांस्य पदक केरल की ज्योतिका के खाते में गया। ज्योतिका ने 108.62 सेकेंड में दौड़ पूरी की। झारखंड टीम दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ 24 अंक हासिल का चुका है। इससे पहले सोमवार को 400 मीटर दौड़ में साकेत मिंज और हाई जंप में प्रीति लकड़ा ने झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीता था। प्रतियोगिता में केरल की टीम शीर्ष पर है। टीम ने चार स्वर्ण पदक के साथ 70 अंक अपने नाम कर लिए हैं। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण पदक के साथ 63 अंक हासिल किए हैं और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। तीसरा स्थान तमिलनाडु की टीम ने हासिल किया है। 57 अंक के साथ टीम के खाते में चार स्वर्ण पदक हैं। हरियाणा की टीम पदक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही है।

**आज इनसे पदक की आस :** झारखंड को चौथे दिन बुधवार को चार प्रतियोगिताओं में पदक की आस है। 200 मीटर दौड़ में साकेत मिंज और ट्रिपल जंप में प्रीति लकड़ा फाइनल में पहुंच चुके हैं। इनके अलावा 4 गुणा 400 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी।

### सांस्कृतिक संध्या में झूमर डांस ने भरा जोश

प्रतियोगिता के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में झारखंड के पारंपरिक झूमर डांस ने रंग भर दिया। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के प्रतीक इस नृत्य प्रस्तुति के दौरान विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी और अतिथि भी झूमते दिखे। आयोजन परिसर ढोल, नगाड़ा और मांदर जैसे वाद्ययंत्रों की मधुर धुन से सराबोर रहा। अग्नि डांस ग्रुप के द्वारा राष्ट्रभक्ति से भरे गीतों पर प्रस्तुतियों ने माहौल में राष्ट्रवाद का जोश भर दिया। अवध और अनिता कुमारी ने अपने मधुर गीतों से सबका मन मोह लिया।

### हॉकी में आशीष को बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार

भोपाल में आयोजित अंडर-14 बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड के आशीष पूर्ति को बेस्ट ऑलराउंडर प्लेयर का पुरस्कार मिला है। इस प्रत्योगिता का सेमीफइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। सेमीफइनल में झारखंड टीम तीसरे स्थान पर रही। झारखंड अंडर-14 हॉकी टीम के कोच सैयद मोहम्मद मशरूर और टीम मैनेजर राजन गुरुंग हैं।

## एक नजर

### मंच से 14 प्रतिभाशाली विद्यार्थी हुए सम्मानित

**रामगढ़।** मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच का 13 वां सम्मान समारोह मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में मंगलवार को संपन्न हुआ। समारोह में मारवाड़ी समाज के 14 प्रतिभाशाली युवाओं को मेडल, अंग वस्त्र, उपहार तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में स्वागत भाषण उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, अध्यक्षीय भाषण डॉ एके बेरलिया, धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर परसरामपुरिया तथा समारोह का संचालन संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मानद सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल, रतन कुमार जैन, माणिक चंद जैन, सुरेश बौंदिया, डॉ महेश खंडेलवाल, निशा जैन, प्रमोद मोदी, अरविंद जैन, सुनील अग्रवाल, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बुंडू स्पोट्स कल्ब सदस्यों ने बैठक सह वनभोज का किया आयोजन

**गिद्दी।** बुंडू स्पोट्स कल्ब सदस्यों ने मंगलवार को बैठक सह वनभोज किया। जिसमें बुंडू गांव के नई पीढ़ी के लड़कों को नशा से दूर रखने और खेल के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित क्लब के सदस्यों और गांव के मांनिद ग्रामीणों ने गांव के युवाओं को नशा से दूर रखने और खेल कूद के प्रति प्रेरित करने का निर्णय लिया। ताकी युवा गांव, परिवार, समाज के साथ-साथ राष्ट्र के उत्थान में योगदान कर सकें। इसके बाद सभी ने वनभोज किया। वनभोज सह बैठक में बुंडू स्पोट्स क्लब के कोच पुरुषोत्तम सिंह बिल्ला, बैंक ऑफ इडिया रेलीगढ़ा के मैनेजर अनूप डुंगडुंग, कर्मी धीरज कुमार, ग्रामीण रामकिशुन मुर्मू, मन्ना राम मांझी, रामेश्वर मांझी, एतवा मांझी, सोना राम मांझी, मोतीलाल मांझी,आरती कुमारी, नितीशा कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शहर का बाजार हुआ गुलजार, एक सप्ताह पूर्व से खरीदारी में जुटे लोग

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि। मकर संक्रांति में अब कुछ ही दिन शेष हैं। जिला और प्रखंड मुख्यालयों समेत तमाम कस्बाई क्षेत्रों में तिलकुट-तिलवा की दुकानें सज चुकी हैं। शहर में खरीदार जुटने के साथ बिक्री भी खूब हो रही है। इन दिनों जिलेभर में तकरीबन 5 क्विंटल तिलकुट प्रतिदिन बिक रहा है। मकर संक्रांति के दौरान प्रतिदिन 20 क्विंटल तक तिलकुट की बिक्री बढ़ने का अनुमान है। गुड़, चीनी और खोवा से तैयार तिलकुट की बिक्री खूब जमकर हो रही है। वहीं जिले में गुड़ वाले तिलकुट और तिलवा की मांग सबसे ज्यादा है। इस बार का मूल्य पिछले बार के मुताबिक है। दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि इस बार मकर संक्रांत्ति की तैयारी पूरी कर ली गई है। पर्याप्त मात्रा में तिल से संबंधित स्टॉक हमारे यहां उपलब्ध है।

दिशा की बैठक में बरही विधायक ने उठाए जनहित के कई मुद्दे

# फंड के अभाव में लंबित है बरही जलापूर्ति योजना

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जिला सभागार में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में दिशा की बैठक सम्पन्न हुई. जिसमे उपायुक्त सहित सांसद, जिले के सभी विस क्षेत्र के विधायक, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र में जनहित के कई ज्वलंत समस्याओं को रखते हुए उसके कारण और समाधान जानने का प्रयास किया. वर्षों से लंबित पड़े बरही पेयजलापूर्ति योजना के बंद होने के कारण और गर्मी के पूर्व चालू करने की मांग की. पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार ने कोष की कमी बताते हुए सकारात्मक जवाब देते हुए निकट भविष्य में पेयजल उपलब्ध कराने की बात कही. जिसे विधायक ने युद्धस्तर पर पूरा करते हुए क्षेत्र के ड्राई जोन में डीप बोरिंग करवाने की बात कही. उन्होंने चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत के बिजली समस्या को दूर करने के लिए कोडरमा जिले से की जा रही है विद्युतापूर्ति की हजारीबाग से जोड़ने की बात कही. जिसका बिजली विभाग से सकारात्मक जवाब दिया. अतिक्रमण के कारण सेल्हारा मध्य विद्यालय के डीएमएफटी फंड से निर्मित होने वाले चहाररदीवारी कार्य के रुकने पर अधिकारियों को अतिक्रमण हटाकर अतिशीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराने की बात कही. विधायक ने पॉश मशीन लेकर मुंबई जाने वाले चौपारण के एक डीलर का मामला उठाया, जिसे डीएसओ ने निलंबित करते हुए एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दिया.




### जिप उपाध्यक्ष ने भी रखे मुद्दे

बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने नदी और चुवां से रानीचुंवा पंचायत के धोबघट पानी पीने की बात कही. विधायक ने पीएचईडी विभाग को शीघ्र चापाकल लगाने का निर्देश दिया.बरही को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव : बैठक में बरही को नगर परिषद बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई. इस मुद्दे पर अनुमंडल पदाधिकारी को आगे की कार्रवाई करने की सहमति दी गई.

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

# हर एक कार्यकर्ता अपनी सक्रिय जिम्मेवारी निभाएं : रंजीत चंद्रवंशी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत चौपारण प्रखंड के चोरदाहा में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमें मुख्य रूप से चौपारण पश्चिमी प्रभारी मुकुंद साव, सदस्यता प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार यादव, पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान आदि मौजूद थे. सदस्यता प्रभारी श्री चंद्रवंशी ने स्थानीय सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार यह बैठक आयोजित किया गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है. इस अभियान में पार्टी के हर एक कार्यकर्ता अपनी सक्रिय जिम्मेवारी निभाएं. जिससे अधिकाधिक लोग संगठन से जुड़ सकें. चौपारण पश्चिमी प्रभारी श्री साव ने कहा कि यह अभियान न केवल पार्टी को विस्तार करने अपितु आम लोगों की समस्याओं और विचारों से अवगत होने का मौका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के उद्देश्यों को हर घर तक पहुंचाते हुए संगठन से जोड़ने की अपील की. बैठक में मंडल और प्रखंड स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता सहित विजय पासवान, प्रमेश्वर यादव, नरेश भुइयां, अशोक पासवान, प्रभात कुमार, सुजीत कुमार, प्रदीप पासवान आदि कई लोग मौजूद थे.

## न्यूज | बॉक्स

### बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार से दो बाइक की चोरी आए दिन होती है चोरी की घटनाएं



**बरकट्ठा।** आजकल शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आए दिन इस तरह की बातें सुनने को मिल रही है। कुछ इसी तरह का मामला बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार में चोर कोई न कोई बाइक उड़ा ही लेता है। सोमवार साप्ताहिक बाजार के दिन चोरों ने दो बाइक की चोरी कर ली। इस बाबत में बाइक मालिक सीताराम प्रसाद पिता बिजुली महतो ग्राम गंगपाचो निवासी का बाइक जेएच 02 बीएन 0262 सोमवार बाजार के दिन एक दुकान के पास से आधे घंटे के भीतर ही चोरी हो गई। वहीं दूसरी बाइक जेएच 02 बीबी 7591 जो कामेश्वरी देवी पति किशुन महतो ग्राम गंगपाचो निवासी के नाम से था। उसे भी चोरों ने टपा लिया। लोंगो के मुताबिक साप्ताहिक बाजार में बाइक और मोबाइल चोरी आम बात हो गई है। एक वर्ष के भीतर आधे दर्जन से अधिक बाइक और लोगों का मोबाइल की चोरी हो चुकी है। लेकिन पुलिस इस मामले में एक भी बाइक बरामद नहीं कर पाई है।

### यूथ फेस्टिवल में भाग लेने खिलाड़ियों की टीम कोलकाता के लिए रवाना



**हजारीबाग।** 38वां एआईयू ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में भाग लेने परफॉर्मिंग आर्ट्स की सहायक प्राध्यापिका कुमारी सीमा व फाइन आर्ट्स के सहायक प्राध्यापक शिवदेव कुमार के साथ 28 प्रतिभागियों की टीम कोलकाता के लिए मंगलवार को रवाना हुई। बता दें कि यूथ फेस्टिवल 08 जनवरी से 12 जनवरी तक सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय, कोलकाता में संचालित होगा। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसमें आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से क्लासिक वोकल में ऋतिक राज, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंल सोलो में साहिल सेन गुप्ता, विकास कुमार, लाइट वोकल (इंडियन) में निलेश कुमार, वेस्टर्न वोकल (सोलो) में अंशु सेन गुप्ता, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल (सोलो) में दीपक कुमार, ग्रूप सॉन्ग में नलिन, निलेश, ऋतिक, आर्यन व रोहित, लोकनृत्य में माधवी राज, शालिनी, वशु, रौशनी, स्वप्निल, अंशु, दिव्या, क्रांति, भीम व किशुन, रंगोली में निधि, मेंहदी में पल्लवी राणा, ऑन द स्पॉट पेंटिंग में कुमार कुशवाहा, क्ले मॉडलिंग में पवन कुमार, फोटोग्राफी में शैली सुमन, पोस्टर मेकिंग में निशि शर्मा, कोलाज मेकिंग में मंजू कुमारी, कार्टूनिंग में कृष्ण कुमार दांगी, इंस्टॉलेशन में निधि, कृष्ण, आनंद व पवन अपना-अपना प्रतिभा दिखाएंगे।

### विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने अपने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में क्षेत्र के दूर-दराज से आए आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वे खुद समस्याओं को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ताकि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। साथ ही, विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निपटारा जल्द से जल्द किया जाय ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक स्तर पर सुधार और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने नागरिकों से आह्वान किया कि अपनी समस्याएं उनके सामने रखें, ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र का विकास संभव हो सके।

### व्यापारियों के सुख-दुख में चेंबर रहेगा साथ : विनय कुमार अग्रवाल

**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में कुजु स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में जाकर कोल व्यवसायियों से मुलाकात की। इस दौरान कोल व्यवसाई पर की गई गोलीबारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मौके पर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने कोल व्यवसायियों को आश्वासन दिया कि उक्त घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों से मिलकर अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने एवं भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसकी मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि कोल व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उनके हर सुख-दुख में उनके साथ रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अलावा उपाध्यक्ष मंजीत साहनी, सचिव मानु चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष मंजी सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष विमल बुधिया शामिल थे।

पुलिस टीम ने श्रीवास्तव गिरोह के 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार

# अपराधियों से वाहन समेत हथियार बरामद




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** एसपी अजय कुमार ने 7 जनवरी को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि विगत 10 दिसंबर 2024 को पतरातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत एमजीसीपीएल कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे रेलवे फ्लाई ओवर ब्रीज पर अमन श्रीवास्तव गिरोह द्वारा फायरिंग करायी गयी थी। उक्त घटना के अनुसंधान के क्रम में 5 जनवरी को एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पतरातु थाना क्षेत्र अन्तर्गत ऐलेक्सा रिसोर्ट, तालाटांड में एमजीपीपीएल कंपनी के प्रतिनिधि के साथ अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य मीटिंग करने वाले हैं। एसपी ने बताया कि प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को सादे लिवास में ऐलेक्सा रिसोर्ट कैंपस तालाटांड में तैनात किया गया। तैनात पुलिस पदाधिकारी के द्वारा संदेह के आधार पर दो लोगों के पास जाकर पूछताछ किया गया, तो वे अपना नाम पता छुपाने लगे तथा वहां से चलाकी से भागने का प्रयास किये। जिसे तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा पकड़ा गया तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम पता क्रमशः 1. दीपक कुमार, उम्र करीब 30 वर्ष पिता-स्व० विजय शंकर राव सा०-स्टीम कॉलोनी, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ वर्तमान पता सा० रोचाप, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ तथा 2. शहादत अंसारी, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-नुरहसन अंसारी, सा०-रोचाप, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ बताया गया। दोनों लोगों की तलासी लेने पर इनके पास से 09 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल भी बरामद हुआ है।

### घातक हथियार बरामद

◆9 एमएम देशी पिस्टल-01 ◆9 एमएम का जिंदा गोली-02
◆स्कॉर्पियो पंजीयन संख्या जेएच01डीसी5893 ◆कार पंजीयन संख्या
◆सुजूकी फरोंक्स पंजीयन संख्या-जेएच01एफएच 8859 ◆एंड्राईड मोबाईल-06 ◆छापामारी दल में पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, ◆भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, ◆पुअनि प्रदीप कुमार रजक और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गिरफ्तार व्यक्ति का नाम व पता

दीपक कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता-स्व० विजय शंकर राव सा० स्टीम कॉलोनी, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़, शहादत अंसारी, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-नुरहसन अंसारी, सा०-रोचाप, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़, एहसान अंसारी, पिता-स्व० गुलामनवी, सा०-रोचाप, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़

गणतंत्र दिवस को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# विकास के लिए कार्य करने वाले लोग या संस्था गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर मंगलवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को जानकारी देते हुए कहा कि विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/ संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें 'रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली झांकियों के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागों का चयन करते हुए उनके संबंधित अधिकारियों को इस वर्ष योजनाओं अथवा विकास कार्यों से सबंधित थीम चयनित करते हुए थीम के आधार पर झांकी आयोजित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को पूर्वाभ्यास के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।

### दामोदर घाटी निगम सोलर परियोजना के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़**
हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत दामोदर घाटी निगम के कोनार डैम में विस्थापितों के अवशेष जमीन में सोलर परियोजना का अधिष्ठापन दामोदर घाटी निगम विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है, जिससे विस्थापित ग्रामीणों में रोष व्याप्त है । विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को दिए हुए आवेदन में उल्लेख किया गया है। अधिग्रहित जमीन पर यदि 5 साल तक कार्य नहीं किया जाता है , तो वह जमीन रैयतदारों को वापस कर दी जानी चाहिए । परंतु अधिग्रहित भूमि 70 वर्षों से बंजर पड़ी हुई है , जिस पर डीवीसी के द्वारा सोलर परियोजना लगाने का कार्य जारी है ,जो मनमानी तरीके से किया जा रहा है । अगर इसे बंद नहीं करवाया गया तो हम सभी विस्थापित ग्रामीण बाध्य होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2025 को कोनार डैम के समक्ष करेंगे । जिसकी विधि व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेवारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग की होगी । जिसकी अपील ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से की गई है ।

ठंढ के मौसम में सुबह को बिना सुरक्षित सीधे न निकले बाहर

# बड़ों को लकवा और बच्चों में निमोनिया की होती है अधिक संभावनाएं : डॉ ज्ञानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शीत लहर का प्रकोप जारी है ऐसे में एहतियातन सुरक्षा आवश्यक है. ठंढ में कैसे सुरक्षित रहे, इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी से हुई वार्ता में कई महत्पूर्ण सुझाव सामने आए है. डॉ ज्ञानी के अनुसार ठंढ में इम्यूनिटी ह्रास होता है. विशेषकर बच्चो और बुजुर्गो में रोग प्रतिरोधक क्षमता माकूल नही होते है और ठंढ लगने की संभावना अधिक होती है. उन्होंने बताया कि बच्चो और बुजुर्गो पर विशेष ध्यान देने की आवश्यता है. डॉ ज्ञानी के अनुसार ऐसे मौसम में बड़ों में स्ट्रोक अर्थात लकवा और बच्चों में कोल्ड डायरिया अर्थात निमोनिया की संभावना अधिक रहती है. ऐसे मौसम में लगभग प्रतिदिन स्ट्रोक और कोड डायरिया के मरीज मिल ही जाते है. उन्होंने स्ट्रोक का मुख्य कारण हाइपरटेंशन और शुगर बताया है. इससे सुरक्षित रहने के लिए उन्होंने नियमित बीपी और शुगर की जांच के साथ सुबह में रजाई या कंबल से हटने के बाद सीधे बाहर नहीं आने की सलाह दी है. स्ट्रोक होने पर नजदीकी प्रशिक्षित चिकित्सक से संपर्क कर बीपी कम करने के प्रयास करनी चाहिए. साथ ही सीटी स्कैन करवाकर स्ट्रोक का पता करते हुए उचित इलाज प्रारंभ करवानी चाहिए. उन्होंने महिलाओं से बच्चों के डायपर नियमित अंतराल में जांच करने तथा भींगे डायपर को तत्काल हटाने की सलाह दिया है. जिससे बच्चे कोल्ड डायरिया या निमोनिया का शिकार नही हो. यदि इस प्रकार की समस्या आती है तो बच्चों को नमक चीनी या ओआरएस का घोल देते हुए तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की बात की है. लापरवाही जानलेवा हो सकता है.

### ऐसे बचा जा सकता है ठंढ से

ठंढ से बचने के लिए सुरक्षित अलाव, निश्चित अवधि के लिए रूम हीटर का उपयोग, गर्म वस्त्र और गर्म पानी का प्रयोग, ताजे भोजन का उपयोग, फ्रीज के समान के सीधे उपयोग से बचने तथा तुलसी, दालचीनी इत्यादि से बने अर्क का नियमित सेवन आदि सहित धूप का सेवन करनी चाहिए.

# कड़कड़ाती ठंढ में जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मंगलवार को शीतलहर और ओंसबारी के बीच बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत के विभिन्न 13 वार्डो में कंबल वितरण किया गया. जिसमे मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र यादव, पंसस सुमिया देवी, पंचायत सचिव ललिता कुमारी सहित वार्ड सदस्य शामिल हुए. इस दौरान राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कुल 130 लाभुकों को कंबल दिया गया. मुखिया श्रीमती देवी ने बताया कि वितरण में वैसेनिराश्रित और जरूरत मंद को शामिल किया गया जिन्हे पिछले वर्ष कंबल नहीं दिया गया था. उन्होंने बताया कि हलाभुकों को संख्या अधिक है, जबकि कंबल कम है. प्रखंड प्रशासन से उन्होंने और अधिक कंबल की मांग किया है. पूर्व मुखिया श्री यादव ने बच्चों और बुजुर्गों सहित सबों को शीतलहर से बचने के लिए गर्म कपड़े, अलाव और अनावश्यक घर से बाहर नही जाने की अपील किया है. वितरण कार्यक्रम में वार्ड सदस्य नजमा खातून, मिनेश शर्मा, देवंती देवी, रेनू देवी, मीणा देवी, रिंकी देवी, रमेश रबीदास, ग्रामीण नरेश यादव, लक्ष्मण ठाकुर, धीरेन्द्र यादव, राजेश यादव, पंकज कुमार, शिव कुमार यादव,राजू शर्मा, रूपन राणा, बिंदु पंडित, गिरधारी पंडित, उर्मिला देवी, शकूंत देवी, सविता देवी, कामेश्वर रविदास, विनोद यादव, नागेश्वर रजक आदि सहित कई ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे.

टुसू परब सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मुख्य संयोजक बने सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड बुध बाजार सिरु में झारखंड के प्रमुख पारंपरिक त्योहारों में से एक टुसू परब के शुभ अवसर पर आगामी 16 जनवरी 2025 को बुधबाजार सिरु में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता लिलेश्वर महतो ने की और संचालन सपुत कुमार ने किया। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सुधीर मंगलेश को आयोजन समिति का मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया। सुधीर मंगलेश ने जानकारी दी कि हर साल की तरह इस वर्ष भी टुसू परब को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा टुसू परब हमारी संस्कृति, प्राकृतिक उत्साह और उमंग का प्रतीक है, जिसे झारखंडी लोग पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते हैं।




### इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई

**मुख्य संयोजक :** सुधीर मंगलेश, **मुख्य संरक्षकः** इकबाल अंसारी, प्रदीप महतो, **अध्यक्षः** उतम महतो, सचिवः करमु महतो, **कोषाध्यक्षः** बबलू महतो, **व्यवस्थापकः** सिकेनदर नायक आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनोद महतो, रामप्रसाद महतो, सिबचरण महतो, सुनील करमाली, युगल किशोर महतो, रोहित करमाली, शुभम कुमार, रितेश कुमार, ठाकुरदास महतो, विरेंद्र कुमार, रोशन कुमार, रोहित प्रजापति, और कामेश्वर महतो शामिल किये गए है । यह आयोजन झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और हमारी संस्कृति को सशक्त करें।

### कृषि कार्यालय में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024-25 का हुआ आयोजन

# हॉर्टिकल्चर एवं बागवानी कार्य को अपना कर अपनी आजीविका को बनाएं बेहतर : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला कृषि कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले के सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हममें एक बात याद रखना आवश्यक है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है इस प्रकार सिमडेगा जिला भी कृषि प्रधान है। लेकिन यहां की कृषि व्यवस्था जो है। उसमें लघु और सीमांत किसान सबसे अधिक है। सीमांत कृषक जो है जिले के एक लाख निबंधन में किसानों में से 60% है। जो की 2.5 एकड़ से कम भूमि में कृषि कार्य करते हैं और उसके बाद 18 से 20% ही लघु कृषक है जिनके पास 01 हेक्टर से 02 हेक्टर भूमि है जिसमें वह कृषि कार्य करते हैं। अब यहां का फसल कार्य वर्षा आधारित है। यहाँ के किसान वर्षा पर निर्भर करके अपनी खेती करते हैं। कहा जाय तो वे भगवान भरोसे खेती करते हैं, वर्षा अचछी हुई तो फसल भी अच्छी होती है। वर्षा अच्छी नहीं हुई तो फसल अच्छा नहीं होती है। उपायुक्त ने सभी किसानों को हॉर्टिकल्चर एवं बागवानी कार्य को अपना कर अपनी आजीविका को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्षा आधारित कृषि कार्य को देखते हुए जिले में सिंचित भूमि को बढ़ाने के लिए नीति आयोग के माध्यम से लिफ्ट इरीगेशन अधिष्ठापन करने हेतु शंख, पालामाड़ा एवं कोयल नदी किनारे बसे गांवों का चयन किया गया है। उन्होंने सभी किसानों को उन्नत कृषि कार्य करते हुए अपनी आजीविका को बेहतर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु जागरूक किया। इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय रबी कर्मशाला में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने कार्यक्रम की उद्देश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए जिले कृषि के क्षेत्र में विभाग द्वारा क्रियान्वित एवं विकास योजनाओं की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि जिले में खरीफ 2024-25 में बीज विनिमय, बीजोत्पादन एवं वितरण की योजना अन्तर्गत 50% अनुदान पर कुल 1042 क्वि० धान, एवं मूंगफली बीज का वितरण एवं रबी मौसम में 439 क्विं० गेहूँ बीज लैम्पस के माध्यम से ब्लॉकचेन प्रणाली द्वारा कुल 5188 किसानों के बीच किया गया है। बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में शत प्रतिशत अनुदान पर ऑनलाईन ब्लॉकचेन प्रणाली द्वारा खरीफ 511 हे0 में प्रत्यक्षण हेतु कुल 177 क्विं० उरद, मक्का एवं मूंगफली बीज का वितरण कुल 2544 किसानों के बीच किया गया है। रबी मौसम में 288 क्विंटल गेहूँ, सरसों, मक्का एवं मसूर बीज 3313 किसानों के बीच वितरित किया गया है। वहीं सॉयल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत कुल- 12051 लक्ष्य के विरूद्ध 9748 किसानों के खेतों की मिट्टी की जाँच कर निशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया गया। किसान क्रेडिट कार्ड जिले के बिरसा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से अच्छादित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1224 किसानों को कृषि कार्य करने हेतु लगभग 5,50,80,000/- रू का कृषि ऋण वितरित किया गया है। झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना योजना अन्तर्गत 7097 किसानों के 50000/- हजार तक एवं 2434 किसानों का 2,00,000/- (दो लाख) तक का मानक कृषि ऋण माफ किया गया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-प्रति बूंद अधिक फसल योजना अंतर्गत 90% अनुदान पर 98 हे0 भूमि में 177 किसानों को ड्रीप एवं मिनी स्प्रींकलर सिचाई प्रणाली से लाभांन्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि एफ०पी०ओ० को सहायता अनुदानः योजना अंतर्गत जिले में निबंधित कुल 10 एफ०पी०ओ० के विरूद्ध एक एफ०पी०ओ० के द्वारा अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त है आम्लिक मृदा सुधार की योजना योजना अंतर्गत जिन किसानों के खेतों की मिट्टी का पी०एच० मान- 5.5 से कम है वैसे किसानों को लैम्पस के माध्यम से 90% अनुदान पर 352 हेक्टेयर हेतु डोलोमाईट वितरण का किया जाएगा। साथ ही उद्यान विकास की योजना अंतर्गत जिले के सभी प्रखण्डों के लगभग 2312 किसानों को सब्जी, मशरूम किट/प्रशिक्षण, उद्यानिक / माली प्रशिक्षण, शेडनेट, केला पौधा, फूल पौधा, पपीता पौधा, ओल बीज, अदरख बीज, गृह वाटिका का निर्माण आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा विभाग से संचालित सभी योजनाओं के बारे में बताया गया।अंत उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों को जागरूक हो विभाग एवं सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। मंच का संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा कुमार सौरभ के द्वारा किया गया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, एलडीएम सन्नी अभिजीत मिंज, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो, भूमि संरक्षण पदधिकारी दानिश मेराज, जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो० समी आलम, केवीके बानो के वैज्ञानिक, डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कृषक गण उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग पंचायत भवन 159 जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**कुरडेग।** प्रखंड के कुरडेग पंचायत भवन में मंगलवार को जरूरतमंदों महिला एवं पुरूषों के बीच 159 कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया उर्मिला कुजूर व पंचायत सचिव एनोसेन्ट बाः के द्वारा पंचायत के सभी वार्डों से चिन्हित किये गये गरीब,बेसहाराओं,और कमजोर वर्ग के महिला पुरूषों के बीच कंबल दिया गया।मौके पर मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण कड़ाके की ठंड और शीतलहर से गरीब और असहाय लोगों को बचाने के लिये किया गया जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी।मौके पर वार्ड सदस्य आयुब अंसारी,ग्राम अध्यक्ष मो हयुम अंसारी उपस्थित थे।

### सिमडेगा पुलिस ने तीन पंचायतों में लगाया जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**सिमडेगा।** राज्य के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर राज्य भर में अलग-अलग जगह पर थाना की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन कर आम जनता की समस्याओं को सुनने का निर्देश प्राप्त है जिसको लेकर सिमडेगा एसपी के निर्देश पर कम्यूनिटि पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस" के तहत् सिमडेगा थाना अन्तर्गत गरजा पंचायत तथा कोलेबिरा थाना अंतर्गत ऐडेगा पंचायत भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। कार्यक्रम में लोगों के द्वारा अपनी शिकायतों से संबंधित आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में लोगों के शिकायतों से संबंधित कुल 03 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसपी सौरभ ने कहा कि लगातार सभी पंचायत पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता की जो समस्याएं हैं। उसे लोग बेझिझक पुलिस के समक्ष रख और उन समस्याओं को पुलिस प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का काम करेगी।

### रण बहादुर सिंह चौक हनुमान मंदिर में 13 जनवरी से तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम

**सिमडेगा।** रणबहादुर चौक स्थित हनुमान मंदिर में 13 जनवरी से तीन दिनी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन विहिप और सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। समिति के जितेंद्र तिवारी ने बताया कि 13 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 14 जनवरी को अखंड हरि कीर्तन शुरु होगा और 14 जनवरी को यज्ञ हवन और भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने सभी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस को लेकर सदर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**सिमडेगा।** आगामी मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस को लेकर सिमडेगा सदर थाना परिसर में मंगलवार की शाम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में कहा गया की मकर संक्रांति के दिन जिले के कई देवालय में पूजा हेतु एवं कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ,जिसको लेकर तैयारी से संबंधित जानकारी ली ।जहां पर बताया गया कि सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मकर संक्रांति के मौके पर अरानी स्थित भैरव बाबा पहाड़ी में भव्य मेला का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ,जिसको लेकर विधि व्यवस्था संबंधित चर्चा किया गया ।जिस पर थाना प्रभारी ने बताया कि वहां पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा हुई जहां पर बताया गया कि गणतंत्र दिवस के दिन सिमडेगा सदर थाना परिषद में झंडा फहराया जाएगा ,इस पर सभी लोगों को उपस्थित रहने के लिए अपील ।की गई। इसके अलावा बताया गया कि और सिमडेगा गांधी मैदान में ऐतिहासिक गांधी मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ेगी, जिसको देखते हुए जगह-जगह पर पुलिस बल ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ।साथ ही साथ पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम, जयप्रकाश पार्क, अटल पार्क एवं शंख नदी संगम तट और खासकर मधुबन खमन भद्रा पर विशेष नजर रखी, जाएगी ताकि किसी प्रकार से कोई भी अप्रिय घटना ना घटे इसके अलावा सभी लोगों से अपील किया गया कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार से परेशानी हो तो पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई ।मौके पर मो ग्यास, रामजी यादव, अनूप केशरी,प्रदीप केशरी, सरीक खान, सहित अन्य उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति और गणतंत्र को लेकर गिर्दा ओपी में शांति समिति की बैठक

**बानो।** बानो सर्किल के गिर्दा ओपी थाना में प्रभारी हर्ष कुमार शाह के अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया ।गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर खेलकूद सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्णय लिया गया ।मकर संक्रांति पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा वाहन चालक बिना हेलमेट व गाड़ी के कागजात न चले । जीवन अनमोल है ।मौके पर नामजन जोजो जमतई पंचायत मुखिया,सोमा पाहन रायकेरा पंचायत मुखिया,बालेश्वर नाग,प्रवीण साहू,विरेन्द्र साहू, बुद्धदेव साहू,नरेश सिंह,बलदेव साहू,मो० तैयब अली,स्थानीय समाज सेवीगण,प्रबुद्ध जन और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### साइबर अपराध पर एसपी ने कार्यालय में बैंक प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# किसी भी प्रकार की वैद्यानिक सूचना उपलब्ध कराना बैंक की जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक सौरभ एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक की अध्यक्षता में सिमडेगा जिला में अवस्थित सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ साईबर अपराध के विषय पर संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में बैंक सुरक्षा एवं जिले में बहुत तेजी से फैल रहे साईबर अपराध के संबंध में तथा इसके रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नये कानून के तहत किसी भी प्रकार की वैद्यानिक सूचना उपलब्ध कराना बैंक की जिम्मेवारी है, अतः यह अनुरोध किया गया कि बैंक, पुलिस का आवश्यक सहयोग करेगी और किसी प्रकार की वांछित सूचना ससमय उपलब्ध कराएगी। यह देखा जा रहा है कि, अपराध कर्मियों द्वारा एक व्यक्ति के नाम से विभिन्न बैंकों में अलग-अलग खाता खुलवाकर उसका प्रयोग साईबर ठगी करने के कार्यों में किया जा रहा है। अतः निर्णय लिया गया कि सभी बैंको के डेटा का मिलान कर इस प्रकार के खातों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी जिसमें बैंक भी आवश्यक सहयोग करेगी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय सिमडेगा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा, जिले में अवस्थित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, सभी थाना प्रभारी, साईबर सेल, एवं अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय जांच दल के द्वारा मंडल कारा में चलाया गया जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट से पारित आदेश एवं झालसा के निर्देशानुसार गठित जिलास्तरीय जांच दल के द्वारा मंडल कारा में मंगलवार को जांच अभियान चलाया गया। जांच दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया गया था। इस संयुक्त जांच अभियान में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,एसपी सौरभ,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी,महिला अधिकार कार्यकर्ता पुष्पा कुमारी,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल थे। जांच दल में शामिल अधिकारियों ने जांच के क्रम में सिमडेगा मंडल कारा में रह रहे प्रत्येक बंदियों से बातचीत की तथा उनसे जानकारी ली गई कि क्या उन लोगो के साथ जाति,धर्म या लिंग के आधार पर कारा में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। साथ ही खान-पान एवं पढ़ाई लिखाई या इलाज में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। इस पर सभी बंदियों ने बताया कि उनके साथ किसी तरह का कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता है तथा वे सभी एक साथ भोजन करते हैं तथा अध्ययन कक्ष में भी एक साथ पढ़ाई करते हैं। इसके बाद पीडीजे,एसपी व अन्य अधिकारियों ने मंडल कारा के बंदी पुस्तिका का भी अवलोकन किया तथा पाया कि इस बंदी पुस्तिका में भी बंदियों के जाति से संबंधित कोई कॉलम नहीं है और न ही जेल प्रशासन द्वारा बंदी पुस्तिका में किसी भी बंदी का जाति धर्म उल्लेखित है। वकील के विषय में बंदियों ने बताया कि सभी का अपना-अपना वकील है। उन्होंने यह भी बताया की डालसा के विजिटर अधिवक्ता नियमित रूप से जेल आते हैं और बंदियो से मुलाकात कर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करते हैं।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा से मिले विस्थापित दुकानदार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर में छोटे छोटे ठेला खोंमचा लगाकर जीवन व्यतीत कर रहे व्यवसायों को विगत दिनों नगर परिषद एवं प्रशासन के द्वारा हटाए जाने से इन लोगों का व्यवसाय ठप्प हो गया। इससे रोजमर्रा व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे लोगों के बीच विकट स्थिति हो गई है। इससे प्रभावित लोगों से श्रद्धानंद बेसरा ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मुलाकात किया और अस्वस्थ कराते कहा कि आप सभी लोगों की समस्या बहुत गंभीर समस्या है। झारखंड सरकार गठित होते ही सरकार का रवैया छोटे छोटे व्यवसाय कर रहे व्यवसायों को हटाने का काम किया जा रहा है जो निंदनीय है इसके विरुद्ध में आप सभी व्यवसाय करने वालों की मांग को लेकर एसडीओ सिमडेगा से मुलाकात कर समस्याओं को रखी जाएगी और समाधान हेतु मांग किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू जिला अध्यक्ष धुपेन्द्र पांडे, दीप नारायण दास, वरूण सिंह और प्रभावित व्यक्ति उपस्थित थे।

# सड़क पर उतरे एसपी, अपराध नियंत्रण और अतिक्रमण का लिया जायजा

### अतिक्रमण हटवाते हुए सरकारी भूमि को खाली करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर को जाम मुक्त एवं अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था को देखते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ मंगलवार की शाम सिमडेगा सड़क पर उतरकर पैदल जायज लिया ।इस दौरान सिमडेगा शहर क्षेत्र के झूलन सिंह चौक ,बस स्टैंड ,महावीर चौक, नीचे बाजार प्रिंस चौक सहित आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करते हुए उन्होंने विधि व्यवस्था से सभी बिंदुओं की विस्तार पूर्वक जानकारी ली ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि सिमडेगा शहर को साफ सुथरा और जाम मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस एवं प्रशासन मिलकर काम करेगी ,ताकि शहर में आए दिन सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में निर्धारित कई स्थानों पर पार्किंग बनाई जाएगी ,जिससे कि यहां पर आने वाले लोगों को एक निश्चित स्थान पर वाहन पार्किंग के लिए परेशानी नहीं होगी और इससे दुर्घटना की संभावना कम रहेगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि सभी लोग सरकारी भूमि को समय पर खाली कर दे, ताकि उन्हें परेशानी ना हो। वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा कि शहर के कई जगहों पर व्यवसाय वर्ग अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी जरूर लगाए, जिससे कि किसी प्रकार के अगर अपराधी घटना घटती है तो सीसीटीवी इस पर मददगार साबित हो सकती है ।इसके अलावा उन्होंने कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उपस्थित पदाधिकारी का आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद ,थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति, सिटी मैनेजर प्रवीण इंदवार सहित अन्य उपस्थित थे।

### हाथी ने मचाया उत्पात कई घरों को तोड़ घर में रखे अनाज को किया बर्बाद

**बांसजोर।** प्रखंड अंतर्गत उरते एवं कोम्बाकेरा पंचायत के विभिन्न गांव में बीती रात झुण्ड से बिछड़े हाथी ने जमकर उत्पात मचाते हुए कई घरों को ध्वस्त कर दिया वहीं घर में रखे अनाज को को भी बर्बाद कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उरते पंचायत अंतर्गत गिनिकेरा में अनीता एक्का एवं निर्मला एक्का के घर को तोड़ दिया एवं भण्डारित अनाज को भी नुकसान पहुँचाया वहीं कोम्बाकेरा पंचायत अंतर्गत कादोपानी गांव में भी किशोर डुंगडुंग एवं ग्रेगोरी सोरेंग के घर को भी तोड़ दिया जबकि बांसजोर बरईबेड़ा में जानकी देवी के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सुचना मिलने पर उरते पंचायत कि मुखिया सीमा डुंगडुंग ने पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात कर हर संभव मदद करने कि बात कही एवं घटना कि जानकारी वन विभाग को दी। सुचना मिलने पर वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी अविनाश बीसी मौक़े पर पहुँचे एवं नुकसान का जायजा लिया एवं पीड़ितों को विभाग कि और से मुवावजा देने कि बात कही।

# बोलबा थाना पारिसर मे हुई मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस को लेकर शान्ति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**




**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर मेमंगलवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई। इस मौक़े पर अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक ने बताया की 26जनवरी गणतंत्र दिवस के मौक़े पर सौहार्द बिगड़ने वाली कोई बात नहीं होना चाहिए। इस मौक़े पर झडोतोलन के बाद से झंडा उतरने तक निगरानी रखने की बात कही, गणतंत्र दिवस पर सविधान संशोधन को लेकर किसी तरह की कोई विवाद नहीं होना चाहिए। सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की बात होने पर पूर्व से ही सचेत होना चाहिए,किसी तरह की कोई घटना होने पर तत्काल प्रखंड प्रशासन को सूचित करने के लिए कहा गया।आए दिन बोलबा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके मे बाइक दुर्घटना मे नाबालिक युवक अधिक स्पीड. गाड़ी चलाने, नशे की हालत मे गाड़ी चलाने, बिना कागजात के गाड़ी चलाने की बात सामने आई. इसको ध्यान मे रखते हुए सर्व सम्मति से बोलबा प्रखंड मुख्यालय मे बैठक किया जाएगा।जिसमें प्रखंड के सभी स्कूल के छात्र -छात्राएं उसके अभिभावक एवं स्कूल के शिक्षक शामिल रहेंगे जिसमें यातायात से संबधित जानकारी दी जायगी इसके साथ ही सडक किनारे की झाड़ी को दूर तक दिखने के लिए काटकर साफ करने की. बात हुई।साइबर ठगी से बचने के लिए सावधान रहने की बात कही गई।अनजान कॉल नहीं उठाना है, सरकारी योजना ट्रैकटर, मशीन लौटरी आदि का लाभ दिखाकर बैक के खाते मे पैसा डालने की बात होने पहले थाने मे संपर्क करने की बात बताया गया।प्रखंड मुख्यालय मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर सभी स्कुल के बच्चे एवं ग्रामीण मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने पर चर्चा किया गया। इस मौक़े पर अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक, थाना प्रभारी सोनू पाठक, अजेंद्र कुमार सिंह, सूरजन बड़ाइक, बिनोद बड़ाइक, जोगेंद्र मांझी, किशोर सिंह, देवकुमार सिंह, फाल्गुन नायक, प्रशांत कुमार, चकरधर महानडिया, रवि कुमार सिंह, ममता केरकेट्टा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर अधिकारी ने दिलाई की शपथ

**सिमडेगा।** देशभर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता मन चल रही है जिसके तहत सिमडेगा में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में जिले भर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रखंड प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचल अधिकारी मो० इम्तियाज अहमद के द्वारा सभी कार्यालय कर्मों को सड़क सुरक्षा नियम पालन करने के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट एवं सड़क पर चलने समय सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने से संबंधित सभी कार्यालय कर्मी एवं प्रखंड कार्यालय में आए हुए लोगों को शपथ दिलाई।

# डॉ फा. रोशन बा बने संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के नए प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. फादर एफ्रेम बा बुधवार से संत जेवियर्स कॉलेज रांची में अपनी सेवा देंगे। मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ फादर एफ्रेम बा को शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्रों ने भावभीनी विदाई दी। छात्रों ने इस अवसर पर विदाई गीत और अन्य कार्यक्रमों प्रस्तुत किए। डॉ फादर एफ्रेम बा ने अपने कार्यकाल के दौरान संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा को एक नई पहचान दी है। शिक्षा के प्रति उनके समर्पित कार्य के कारण आज जिले के बच्चे आसानी से उच्च डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. फादर एफ्रेम बा ने इस मौके पर अपने विचार रखें। उन्होंने विदाई समारोह आयोजित करने के लिए सबके प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने कार्यकाल के लिए कालेज प्रबंधन का आभार जताया।नए प्राचार्य डॉ फादर रोशन बा ने पदभार ग्रहण किया डा. फादर रोशन बा ने संत जेवियर्स कॉलेज,सिमडेगा के नए प्राचार्य का पदभार ग्रहण करते हुए अपने संबोधन में कहा कि हम सिमडेगा को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का काम करेंगे। जिले के गरीब बच्चों को भी उच्च शिक्षा देने की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। जिले के सभी गरीब बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

कई कांडों में वांछित एक हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

# झारखंड-बिहार की पुलिस को थी तलाश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पुलिस ने तालो मरांडी ऊर्फ सुनील मरांडी नामक एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। नक्सली पर झारखंड और बिहार में कई नक्सली कांड को अंजाम देने का आरोप है। दोनों राज्यों को उक्त नक्सली की तलाश थी। तालो नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का हार्डकोर मेंबर बताया जा रहा है जिसे सोमवार की शाम गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना इलाके के चोलखो नदी के समीप से पकड़ा गया है। इस बाबत गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। एसपी ने बताया कि तालो बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चकाई थाना इलाके के नेहालडीह का रहने वाला है। वर्ष 2020 में नक्सली घटना का अंजाम देने में इस आरोपी का पूरा हाथ था। इसके अलावा कई मामलों को लेकर भेलवाघाटी थाना और बिहार के चकाई थाना में इसके खिलाफ मामला दर्ज था। टीम में एसडीपीओ खोरिमहुआ राजेंद्र प्रसाद, थाना प्रभारी भेलवाघाटी बृजेश कुमार, अर्जुन उराव और सशस्त्र बल एवं रइ 35 बटालियन के सशस्त्र बल शामिल थे।

# चोरी की घटनाओं को लेकर अपराधी और ज्येलरी दुकान के मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



## रामगढ़ और हजारबाग के अपराधी गिरफ्तार

### चोरी के सामान हुए बरामद

❑ नगद 40,000 / रूपया ❑ एक टैब ❑ चार मोबाईल फोन ❑ पांच चांदी का सिक्का। ❑ सोने के विभिन्न प्रकार के आभूषण (न्यू लक्ष्मी ज्वलेर्स, सौदागर मुहल्ला, रामगढ़ से) ❑ घर का ताला तोड़ने में प्रयुक्त किया गया लोहे का छोटा साबल (नुकीला रड) एवं पिलास आदि शामिल हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, सअनि सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी 23/निकेत कुमार, आरक्षी 95/ मिथिलेश यादव, आरक्षी 126/बसंत यादव,आरक्षी 415/ओम प्रकाश शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विगत कुछ दिनों से रामगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटित घटनों के उदभेदन हेतू एसपी अजय कुमार द्वारा एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम (एसआइटी) का गठन किया गया। गठित टीम को अनुसंधान के क्रम में 6 जनवरी को मिली गुप्त सूचना पर ग्राम-मनुवा, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग से एक शातिर आद्यतन अपराधी को पकड़ा गया । जिसके द्वारा रामगढ़ एवं कुजू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी 7 जनवरी को प्रेस वार्ता में एसपी अजय कुमार द्वारा दी गई । प्रेस वार्ता में बताया कि पकड़े गए अपराधी के घर से चोरी किया गया नगद 40 हजार रूपया, 04 मोबाईल फोन, एक टैब तथा पांच चांदी का सिक्का को बरामद किया गया। पकड़े गए अपराधी के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर चोरी के जेवरात खरीदने वाले सोनार ओमहरि सोनी, गोलपार रामगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर कांड में चोरी गये जेवरात को गला कर बनाये गये विभिन्न प्रकार के आभूषण को उसके दुकान से बरामद कर जब्त किया गया है। कांड में बरामद आभूषण / सामानों से संबंधित वैध कागजात की मांग करने पर किसी भी तरह का कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सदर विधायक ने जनता से किया सीधा संवाद उनकी समस्याओं का किया समाधान



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को सुबह अपने विधायक सेवा कार्यालय में जनता जनार्दन से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ों नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, और प्रशासनिक समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। इनमें राशन कार्ड, पेंशन, सड़क, बिजली, पानी की समस्याएं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख थे। श्री प्रसाद ने सभी समस्याओं को अत्यंत धैर्य और संवेदनशीलता के साथ सुना। विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया। संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और आवश्यक फीडबैक भी प्राप्त किया। कुछ जटिल मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की आपकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। हर समस्या का समाधान होगा। उपस्थित जनता ने विधायक के प्रयासों और उनकी तत्परता की सराहना की। एक ग्रामीण ने कहा की विधायक जी हर बार हमारी समस्याओं को सुनते हैं और तुरंत समाधान करते हैं। यह हमारे लिए एक बड़ी राहत है। श्री प्रसाद ने यह भी कहा कि इस प्रकार का सीधा संवाद कार्यक्रम जनता से जुड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह न केवल लोगों की समस्याओं को समझने में मदद करता है, बल्कि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का अवसर भी प्रदान करता है। जनता के लिए विधायक द्वारा यह प्रयास क्षेत्र में विश्वास और विकास का प्रतीक बनता जा रहा है।

## यूसिल प्रबंधन व श्रमिक संघ की बैठक टली, अगली बैठक 11 जनवरी कों

**जमशेदपुर।** यूसिल की श्रमिक संगठन भारतीय कामगार श्रमिक संघ व यूसिल प्रबंधन के बीच आज मंगलवार को आयोजित बैठक टल गई. अब अगली बैठक 11 जनवरी को सुबह 11 बजे रखी गई है. इस सिलसिले में कंपनी प्रबंधन ने सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता वाली यूसिल की श्रमिक संगठन भारतीय कामगार श्रमिक संघ को पत्र भेजकर आज 7 जनवरी को होने वाली बैठक को स्थगित किए जाने की सूचना जारी की.

जेजेए ने महामहिम के नाम एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

# लोकतंत्र का यह स्तंभ भी खतरे में सरकार दे सुरक्षा की गारंटी : जावेद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संगठन की जेजेए (झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन) की बरही इकाई ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीओ को ज्ञापन दिया है. जिसकी अगुवाई प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम ने किया. ज्ञापन में पांच सूत्री मांगों की चर्चा की गई है. जिसके तहत बीते दिन समाचार प्रकाशित करने के कारण छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर को हत्या करने वाले संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी, पूरे गिरोह को नष्ट करने, मृतक पत्रकार के आश्रितो को पचास लाख रुपए की मुआवजा, देश में पत्रकारों की सुरक्षा की गारंटी आए देश के पत्रकारों के लिए भयमुक्त वातावरण में समाचार संकलन करने के लिए माहौल देने की मांग की गई है. प्रदेश सचिव ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में पत्रकार सुरक्षित नहीं है. आए दिन पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार, मार पीट और हत्या जैसे मामले देखने को मिले है. जिससे लोकतंत्र का यह स्तंभ भी खतरे और भय में है. जेजेए पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर लगातार आवाज उठा रहा है, सरकार को इस बात कर ध्यान देने की आवश्यकता है.

## यूसिल प्रबंधन व श्रमिक संघ की बैठक टली, अगली बैठक 11 जनवरी को जादूगोड़ा में

**जमशेदपुर।** यूसिल की श्रमिक संगठन भारतीय कामगार श्रमिक संघ व यूसिल प्रबंधन के बीच आज मंगलवार को आयोजित बैठक टल गई. अब अगली बैठक 11 जनवरी को सुबह 11 बजे रखी गई है. इस सिलसिले में कंपनी प्रबंधन ने सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता वाली यूसिल की श्रमिक संगठन भारतीय कामगार श्रमिक संघ को पत्र भेजकर आज 7 जनवरी को होने वाली बैठक को स्थगित किए जाने की सूचना जारी की. अगली बैठक में कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉक्टर संतोष कुमार सतपति व तकनीकी निदेशक मनोज कुमार के शामिल होने की प्रबल संभावना बताई जा रही है. बैठक में वर्षों से लंबित वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम के तहत कंपनी कर्मी के पुत्रों की बहाली और क्षेत्र के विस्थापितों के मुद्दे पर चर्चा होनी थी.

# डकैती मामले में सात आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के धनवार थाना क्षेत्र स्थित राजा मंदिर के पुजारी चंद्रिका पांडेय के घर में एक सप्ताह पूर्व हुई डकैती मामले में फरार चल रहे अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धनवार पुलिस ने डकैती की घटना में संलिप्त सात आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी मंगलवार को पपरवाटांड स्थित अपने कार्यालय में एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि अपराधकर्मियों के गिरोह के द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पीड़ित चन्द्रिका पंडित के लिखित आवेदन के आधार पर धनवार थाना में काण्ड सं 0-01/25 अंकित करते हुए अपराधियों के विरूद्ध काण्ड प्रतिवेदित कराया गया था। मामले का उद्भेदन करने के लिए खोरीमहुआ अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद एवं जमुआ पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस दौरान पूर्व में दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। जबकि अनुसंधान के क्रम में तकनीकी व मानवीय सहयोग से सागर मुंडा, सूरज टुडू, पृथ्वी लोहार, सुनील नयाल, इलियास अंसारी, बीटूनाग सबर एवं मोहन किस्कू को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन एवं एक चाकू बरामद किया है। बतला दें कि धनवार थाना क्षेत्र स्थित राजा मंदिर के पुजारी चंद्रिका पांडेय के आवास में एक सप्ताह पूर्व देर रात कुछ अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। भागने के क्रम में दो अपराधियों को ग्रामीणों ने धर दबोचा था और इसे फिर पुलिस के हवाले कर दिया था।


जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, रामगढ़
Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RE-01, 08/2024-25, PR No-343287 में निम्न आंशिक संशोधान किया जाता है : –

(i) परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि :– 07.01.2025
(ii) परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 08.01.2025
(iii) निविदा प्राप्ति की तिथि :– 09.01.2025
(iv) निविदा खोलने की तिथि :– 09.01.2025

शेष यथावत रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.343665 District(24-25):D


बिरहोर परिवारों के बीच बीडीओ ने किया कंबलों का वितरण



**गावां गिरिडीह।** प्रखंड क्षेत्र अतंर्गत धनेता में बिरहोर परिवारो के बीच बीडीओ महेंद्र रविदास ने कंबल का वितरण किया। बीडीओ ने कहा कि लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्बल जरूरतमंदों तक पहुंचे इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि दर्जनों बिरहर परिवार के बीच कम्बल वितरण कर उन्हें ठंड से बचने के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में कम्बल का आबंटन कर दिया गया है। मौके पर अरविंद सिंह, दीपक कुमार, बिनोद यादव, रविन्द्र बरनवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कार और मोटरसाइकिल की टक्कर, बाइक चालक घायल



**बिरनी गिरिडीह।** रांची-देवघर-दुमका मुख्यमार्ग पर मंगलवार दोपहर बिरनी के बरहमसिया के पास एक सड़क दुर्घटना में इर्टिगा कार (जेएच 24एम 1966) और बाइक (जेएच 12एच 2617) में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में सरिया के परसिया निवासी 35 वर्षीय बाइक सवार दिनेश राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के कारण कार और बाइक दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कार चालक ने घायल युवक को बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सा पदाधिकारी ने प्राथमिक उपचार किया।

## सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग के जागरुकता रथ को सीओ ने दिखाई हरी झंडी



**डुमरी।** सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग द्वारा जागरुकता रथ रवाना किया गया।मंगलवार को सीओ शशिभूषण वर्मा ने अंचल कार्यालय परिसर से उक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जागरूकता रथ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वाहक चालकों से यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने एवं नशा करके व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूक करेगा।

## पुलिस ने बंदगांव के सुदूरवर्ती क्षेत्र में 10 एकड़ अफीम की खेती को किया नष्ट

**चक्रधरपुर।** सुदूरवर्ती जंगल क्षेत्र में होने वाले खेती व भंडारण रोकने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी के तहत शनिवार को बंदगांव के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अभियान चलाकर लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार कटवा में करीब चार एकड़, टेबो थाना क्षेत्र के अंगरिया गांव में लगभग तीन एकड़ व कराईकेला थाना क्षेत्र के नवादा, सांडीसाई, उदयनारायणपुर, उलीगढ़ा, जाहिरडीह में लगभग तीन एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया गया .इस मौके टेबो, बंदगांव, कराईकेला थाना के अधिकारी व जवान मौजूद थे.

डेंटल कॉलेज व मिशन होस्पिटल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में लोगों को बुनियादी उपचार बिल्कुल मुफ्त : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित पबरा में निःशुल्क दंत जांच शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 41 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो।

## हजारीबाग यूथ विंग ने शीतलहर में जरूरतमंदों के बीच कंबलों का किया वितरण

**हजारीबाग।** ठिठुरती सर्द से राहत के लिए रात में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग ने शीतकालीन राहत अभियान के तहत संस्था के सदस्यों ने देर रात तक शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण कर रिक्शा चालकों, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। सेवा का जज्बा और मानवता का संदेश को लेकर कंबल वितरण के दौरान संस्था के सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं भी सुनीं। सेवा के इस जज्बे के साथ उन्होंने समाज को मानवता का संदेश दिया। इस अभियान को लेकर स्थानीय निवासियों ने भी संस्था की सराहना की। लाभार्थियों ने इसे सर्दी के मौसम में उनके लिए एक बड़ी राहत बताया। एक रिक्शा चालक ने कहा की रात के समय कंबल पाकर मुझे बहुत खुशी हुई। ठंड में यह कंबल मेरे लिए एक बड़ा सहारा है,हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान केवल एक शुरूआत है। भविष्य में भी समाजसेवा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का उनका संकल्प है। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर सहायता प्रदान करना और समाज में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। हजारीबाग यूथ विंग की यह पहल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ-साथ समाज में एक सकारात्मक संदेश भी छोड़ गई।


Government of Jharkhand
Department of Information Technology and e-Governance
3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

Bids are invited from CERT-IN empaneled auditor for audit of ASA & AUA/ KUA (DoIT & e-Gov., Govt. of Jharkhand) for year 2024-25. The bid document can be downloaded from Govt. of Jharkhand's e-procurement website- "www.jharkhandtenders.gov.in". The bidder may submit their proposals latest by 25.01.2025 till 06:00 P.M. though the online e-tendering portal.
For further queries please contact on the following:
Email – uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in
The details of the tender are as follows:
Important Information

| Sl. No. | Description | Detailed Information |
|---|---|---|
| 1 | Name of project | RFP for Audit of ASA, AUA/KUA & Other Departments |
| 2 | Tender Reference Number | ASA AUA/KUAAudit-06/2024-25 |
| 3 | Date of release of bidding document on Jharkhand e-Tender Portal | 08.01.2025 at 10:00 AM onwards |
| 4 | Last date and time for bid document can be download from Jharkhand e-Tender portal | 25.01.2025 at 12:00 PM |
| 5 | Last date and time for bid submission on e-Tender portal | 25.01.2025 at 06:00 PM |
| 6 | Last date and time for receiving query related to bid | 14.01.2025 at 05:00 PM |
| 7 | Date and time for opening of Technical Bid | 27.01.2025 at 04:00 PM |
| 8 | Date and time for opening of Financial Bid | To be informed later |
| 9 | Address of Opening of Technical Bid | Chamber of Deputy Secretary, 3rd Floor, Project Bhawan, Ranchi, Jharkhand. |
| 10 | Bid related queries | Phone No.: +91-651-2970091 Email Id: uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in |
| 11 | EMD | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) |

Note: - 1. Bids should be submitted online through Govt. of Jharkhand's e-procurement website
2. Bids will be opened online; Bidders may view the details through their terminal.

Sd/-
Deputy Secretary
DoIT& e-Gov

PR 343680 Information Technology(24-25)#D


विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड डिजिटल पैनल का हुआ उद्घाटन

# बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विभाग निरीक्षक, ओम प्रकाश सिन्हा एवं ब्रजेश कुमार सिंह, प्रवासी कार्यकर्ता, विद्या विकास समिति, झारखंड सह प्राचार्य,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग, एवं विद्यालय के उपाध्यक्ष, अमिता कुमारी ने सांसद मनीष जायसवाल से शिष्टाचार भेंट किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य अनिल कुमार, पूनम सिंह दीदी, रूबी वाला दीदी, कार्यालय प्रमुख, कुमार प्रवीण आदि मौजूद थे। मालूम हो कि विद्यालय में डिजिटल स्मार्ट क्लास के अपडेट वर्जन का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में पढ़ने वाले भैया- बहन निरंतर नवीन टेक्नोलॉजी के आधार पर इस स्मार्ट बोर्ड डिजिटल पैनल से अपडेट वर्जन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे। बच्चों को अद्यतन जानकारी मिल सकेगी। सांसद ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पंचपति शिक्षण पद्धति के अनुरूप स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले भैया - बहन शिक्षा प्राप्त करेंगे' इस डिजिटल पैनल से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी ' कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय एवं मंच संचालन विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार सिंह, समिति सदस्य ने किया।

## कुकडू के चोकेगाड़िया में टॉस के जरिए हुआ लखटकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फैसला

**सरायकेला।** कुकडू प्रखंड के चोकेगाड़िया फुटबॉल मैदान में कुकडू अंचल फुटबॉल समिति के तत्वावधान में विगत शनिवार को एक दिवसीय आठ दलीय लखटकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का फाइनल मैच आदिवासी मूलवासी कुकडू अंचल बनाम एसबी कंपनी की टीम के बीच खेला गया. फाइनल मैच गोलरहित रहा. इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट हुआ और पेनाल्टी शूटआउट भी ड्रा रहा. वहीं प्रतियोगिता में जीत-हार का फैसला टॉस के जरिए हुआ, जिसमें एसबी कंपनी की टीम विजय हुई. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो शामिल हुईं. फाइनल खेल से पहले अतिथियों ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. वहीं प्रतियोगिता के समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण किया गया. विजेता एसबी कंपनी की टीम को नगद एक लाख रुपये और ट्रॉफी एवं उपविजेता आदिवासी मुलवासी कुकडू अंचल की टीम को नगद 75 हजार रुपये और एक ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया.


GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

Very Short E-Quotation No. 02/2024-25

Rates through e-quotations are invited for Materiel category for (A) repairing and maintenance of 10 HP C/F motor pump set , S/F Control panel etc. and other allied works at Clear Water Rural W/S scheme NADIYA. (B) Repairing and Maintenance of 50HP C/F motor pump set, 60 HP C/F motor pump set FASD starter, control panel at clear water rural water supply scheme Akashi. (C) Repairing of 20 HP Vertical Turbine Pump set and other allied works at Akashi Raw water pumping plant. (D) repairing and maintenance of 40 HP VT pump set no-1, 30 HP C/F pump set No-1, ,FASD starter etc. ,control panel etc. and other allied work at Rural W/S scheme Kairo. (E) Supply, installation and commissioning of 63 KVA power transformer and cable termination etc. at intake water pumping plant Rural water supply scheme Kairo. Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 07.01.2025 at 3:30 hrs. to 15.01.2025 at 3:30 hrs. The quotation will be opened on 17.01.2025 at 3:30pm Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 343669 (Water Resource)24-25*D

> जब कोई परिस्थिति मुझे अत्यधिक कठिन प्रतीत होती है और मैं उससे बचने के लिये मानसिक रूप से कोई रास्ता ढूँढ़ने का प्रयत्न करती हूँ, तब मैं सदा इस सत्य को याद करती हूँ। मैं तब विचार करती हूँ: मैं पलायन कर रही हूँ, विजय प्राप्त नहीं कर रही। - श्री ज्ञानमाता

संपादकीय

# भारत की वीआईपी संस्कृति की गहरी जड़ें

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्री मंजुनाथ स्वामी में पूजा करने वाले भक्तों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए श्री सानिध्य परिसर का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को कर्नाटक में श्री क्षेत्र धर्मस्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थानों पर वीआईपी संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हाल के वर्षों में एक सुखद बदलाव बुनियादी ढाँचे का विकास रहा है जो हमारे धार्मिक स्थानों के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी सराहना की जानी चाहिए क्योंकि ये हमारे सभ्यतागत मूल्यों के भी केंद्र हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए। जब प्राथमिकता दी जाती है, जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, जब हम इसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में लेबल करते हैं, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वीआईपी संस्कृति एक विपथन है, समानता के आधार पर देखा जाए तो यह एक घुसपैठ है। इसका समाज में तो क्या धार्मिक स्थलों में भी कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि सर्वकालिक महान व्यक्ति के नेतृत्व में यह धर्मस्थल समतावाद का उदाहरण बनेगा और हमें सर्वकालिक वीआईपी संस्कृति से दूर रहना होगा। वीआईपी दर्शन का विचार ही देवत्व के विरुद्ध है। इसे खत्म किया जाना चाहिए। नई सुविधा की परिकल्पना डी वीरेंद्र हेगड़े ने की है और यह दर्शन के इच्छुक भक्तों के लिए मौजूदा कतार प्रणाली का एक उन्नत प्रतिस्थापन है। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि श्रीक्षेत्र धर्मस्थल में प्रारंभिक कतार प्रणाली दशकों पहले शुरू की गई थी, लेकिन धार्मिक स्थल पर भक्तों की बढ़ती संख्या के कारण प्रतीक्षा अवधि लंबी हो गई। उपराष्ट्रपति के कथन से देश में एक नई बहस शुरू हो सकती है कि क्या वीआईपी वीवीआईपी और सामान्य लोगों के लिए एक नियम बनाए जा सकते हैं? यहां सारी लड़ाई या राजनीति के दांव पेंच अपने को आम आदमी से अलग श्रेष्ठ बनाने के लिए की जाती है ऐसे में मंदिर या किसी भी धार्मिक स्थल में समानता की अवधारणा इतनी आसानी से लागू हो पाएगी। पहले से ही मंत्री से लेकर संतरी तक लाल पीली और नीली बत्ती हटाए जाने के बाद से असहज हैं और पीएम मोदी से नाराज भी हैं कि पूरे देश से वीआईपी संस्कृति को हटा कर उन्हें राजा से रंक की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया है। दरअसल सामान्य परिवारों से लेकर धनाढ्य तक और मामूली कार्यकताओं से लेकर बड़े नेताओं तक सभी खास बनना चाहते हैं और जिन्हें किसी जुगाड़ से वीआईपी टैग नहीं मिलता वे निजी सुरक्षा गार्ड रखकर या बेहिसाब पैसे खर्च कर या पैसे चंदा के रूप में देकर वैसी स्थिति बना लेते हैं। फिल्मों से जुड़े लोगों और बड़े व्यवसायियों के बारे में प्रचारित किया जाता है कि उन्हें सुरक्षा कारणों से वीआईपी दर्शन कराना पड़ेगा या बिना भीड़ के यात्रा को रोककर दर्शन नहीं कराने से अप्रिय घटना हो सकती है। इसी प्रकार भारत में वोट की ताकत के बलबूते कुछ लोगों को वीआईपी का दर्जा अघोषित रूप से मिल जाता है जिसमें कथित धार्मिक गुरु,जातीय संगठनों के प्रमुख और माओवादी तक शामिल हैं जिन्हें जेल से लेकर हर सार्वजनिक स्थान तक वीआईपी माना जाता है। इस श्रेणी में वर्तमान और पूर्व अपराधी या डाकू,स्मगलर तक शामिल हैं जिन्हें अघोषित वीआईपी का दर्जा मिलता है और वे बड़े शान से अपने वैभव का प्रदर्शन करते हुए सामान्य लोगों को न सिर्फ चिढ़ाते हैं बल्कि प्रेरित करते हैं कि किसी भी तरह वीआईपी बनो भले हार जाओ पर चुनाव लड़ो।

# हमारा सबसे अच्छा दिन आज ही है!



आज की बात



डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

इस जगत में कुछ भी रुकता नही है। हमारे जीने के वर्षों की गणना संभव है, लेकिन जीवन उन वर्ष में सिमटा नहीं होता है। जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है। उस पल को पीना है। हम विराट की आशा करते है, और लघुता से असहमति जताते हैं। हमारी चाहत शाश्वत सुख की होती है और उस सुख के क्षण में स्थिर होना नहीं चाहते हैं। हम हर पल को नष्ट करते हुए शाश्वत को दूर करते जाते हैं।

सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था। हमने उसे क्षणिकता में छोड़ दिया। सुख प्रतिपल है। जो सुख मैंने बीते कालखंड में बिताया, उसे अब दुबारा कहां पाया जा सकता है? समय का सवाल उस सुख को अब सपना बना दिया है। उन सुनहरे पल के साथ सुख की धारा चली थी, संगीत की लहर बही थीं और परिवेश में एक मादक प्यास का आलम था। आज सब खत्म हो गया। ऐसे पल में एक पंक्ति याद आती है-कभी कभी दो लम्हों का साथ जिंदगी का प्रेम दे जाता है। और कभी-कभी जिंदगी भर का साथ भी दो लम्हों का सुकून नहीं दे पाता है। हमारी सुख हमारी इंद्रियों का मोहताज है। हमारी तार्किक बुद्धि हरेक सुख को दुखद अंत में बदल डालती है। हम अपने सुख की निंदा करते हैं। प्रेम की, मित्रता की, भोजन की और अपने शरीर की भी निंदा से नहीं चुकते हैं। वर्तमान का जीवन दुखी जीवन है जिसमें सुख के कोई पल नहीं है। बगीचा में ओस की बूंदों के कारण चमकने वाले फूल की पंखुड़ियां सदैव वैसी नहीं रहती है। इस कारण हम फूल के सौंदर्य को इंकार नहीं कर सकते हैं। ऐसा फूल नहीं मिलेगा, जो खिला रहे।

शक्ति क्षण में ही नीहित है। इस पर प्रख्यात लेखक द्वय स्विच और मेड टू स्टिक ने एक किताब लिखी है, जिसका नाम है- दी पावर ऑफ मोमेंट। इसमें उन्होने इस का पता लगाया है कि कुछ संक्षिप्त अनुभव हमें कैसे झकझोर सकते हैं, हमें ऊपर उठा सकते हैं और हमें बदल सकते हैं - और हम अपने जीवन और काम में ऐसे असाधारण क्षणों का निर्माण कैसे कर सकते हैं। जबकि मानव जीवन अंतहीन रूप से परिवर्तनशील है। हमारे जीवन में क्षण भी निर्णायक हो सकते है। इस किताब में बताया गया है कि हमारे सबसे यादगार सकारात्मक क्षणों में चार तत्व हावी होते हैं- उत्थान, अंतर्दृष्टि, गर्व और संबंध। यदि हम इन तत्वों को अपनाते हैं, तो हम और अधिक महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं। क्यों हम किसी अनुभव के सबसे अच्छे या सबसे बुरे पल को याद रखते हैं, साथ ही अंतिम पल को भी, और बाकी को भूल जाते हैं ? क्यों जब चीजें निश्चित होती हैं तो हम सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, लेकिन जब वे निश्चित नहीं होती हैं तो हम सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं। और क्यों हमारी सबसे प्रिय यादें हमारी युवावस्था के दौरान एक संक्षिप्त अवधि में एकत्रित होती हैं ? हममें से अधिकतर लोग जीवन को अपने से दूर जाने देते हैं। हम जीते नहीं। हम बस मौजूद रहते हैं, लेकिन सवाल जरूर करते है कि समय नहीं मिलता है ! काफी व्यस्त जिंदगी है। अगर हम हर पल का सबसे अच्छा उपयोग करते हैं तो ही जीवन सफल बनता है। हमारे जीवन में कई निर्णायक क्षण संयोग या दुर्भाग्य के परिणाम होते हैं - लेकिन हम अपने सबसे सार्थक, यादगार और ऊर्वर क्षणों को संयोग पर क्यों छोड़ना चाहेंगे! सभी क्षण समान नहीं होते हैं तो सभी क्षण में से कुछेक की यादें हमारे साथ चलती है। हमारी स्मृति उन्हीं क्षण को याद रखती है जो हमारे जीवन में अर्थपूर्ण होते हैं, ऊंचाई की ओर ले जाते है या हमका दुख का कारण बन जाते हैं। हम किसी क्षण को तभी अर्थपूर्ण बना पायेंगे, जब हमारी अंतर्दृष्टि सहज रहेगी। अंतर्दृष्टि सहज होने पर हमारा नजरिया बदल जाता है और जीवन जीने के तरीके में भी बदलाव आ जाता है। ऐसी स्थिति में हम खुद सत्य को जानते हैं उसके साथ रहना पसंद करते हैं। यह सकारात्मकता को बढ़ता है और दूसरों की पहचान में मदद करता है। कभी-कभी मोमेंट के कुछेक शब्द ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवर्तन उसी क्षण संभव है जब हम चीजों की वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार कर लेते हैं, जैसी वे हैं। भविष्य चिंता, पछतावा, योजना, दिवास्वप्न आदि चरित्रगत बातों को छोड़ना सीख सकं तो हमारी दुनिया अधिक सरल, दयालु और आकर्षक बन जायेगी। वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गई सो बात गई...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें? टेरेसा अमाबिले और स्टीवन क्रेमर ने द प्रोग्रेस प्रिंसिपल में बताया है कि कार्य के दौरान खुशी, जुड़ाव और रचनात्मकता को उर्वर बनाने के लिए छोटी जीत या खुशी का उपयोग करना चाहिए। प्रगति को सक्षम करने वाली दो शक्तियों को सक्रिय करना होता है। पहली शक्ति उत्प्रेरक है, जो सीधे कार्य को सुविधाजनक बनाती हैं। दूसर तत्व पोषक है। पारस्परिक घटनाएँ जो लोगों का उत्थान करती हैं, जिसमें प्रोत्साहन और सम्मान और सहकारिता का प्रदर्शन शामिल है। दूसरों को पहचानें, तो कभी-कभी कुछ सकारात्मक शब्द ही प्राप्तकर्ता के लिए गर्व का बड़ा क्षण बन सकते हैं। समय में रिश्तों को मजबूत करने की शक्ति होती हैं। एक सार्थक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना शक्तिशाली हो सकता है। इसमें रोचक कहानी, प्रेरणा और खट्टे मीठे अनुभव होते हैं, जो जीवन में शक्तिशाली क्षणों को बार-बार लाते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात

# क्या चीन में फैला है जानलेवा वायरस?



राकेश दुबे

सारी दुनिया में चर्चा है कि चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है। चीन खामोश है। क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा? भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या यह संगठन पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है? भारत का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में 'ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर ही पुष्टि हुई है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का सैलाब उमड़ा है। लोगों ने मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई भी आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। उसका यह रवैया नवंबर, 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस, चीन के ही वुहान शहर में सामने आया था। तब उसे 'रहस्यमयी निमोनिया' करार दिया गया था। चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम हैं। दरअसल, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ. तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं।**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

सभी आत्माओं को उन ईश्वर में वापस लाने की, मानव जाति के लिए ईश्वर की योजना को समझने का प्रयास करें, और उनकी इच्छा के अनुरूप कार्य करें। ईश्वर प्रेम हैं; उनकी सृष्टि की योजना केवल प्रेम में ही आधारित हो सकती है। क्या पाण्डित्यपूर्ण तर्कों की अपेक्षा यह साधारण विचार मानव हृदय को सान्त्वना नहीं देता? प्रत्येक वह सन्त जिसने परमसत्य के मर्म को पूर्णतः समझा है, प्रमाणित करता है कि एक दिव्य सर्वजनीन योजना विद्यमान है, जो सुन्दर एवं आनन्द से भरपूर है। जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं; तटस्थ रूप में नहीं, अपितु सगे भाइयों की तरह, एक ही पिता की सन्तान के रूप में। जान ले कि सभी जातियों की नसों में एक ही जीवन-रक्त संचारित हो रहा है। जब सभी में ईश्वर विद्यमान हैं और श्वास लेते हैं तो कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से, चाहे वह किसी भी जाति का हो, घृणा कैसे कर सकता है? हम केवल कुछ ही वर्षों के लिए अमरीकी, हिन्दू या किसी अन्य राष्ट्रीयता से सम्बन्ध रखते हैं, परन्तु हम ईश्वर की सन्तान सदा के लिए हैं।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




**आज का दोहा**

**सावधान हो देवता, ओ! मौसम मारीच।**
**एक बगावत सी हुई, है, ऋतुओं के बीच॥**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

प्रवासी भारतीय दिवस

# नए भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे



ललित गर्ग




प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ह्विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानह्व। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊजार्वान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है। दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था। नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हरित महाकुंभ में जुटेंगे 1000 से ज्यादा पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता

**एजेंसी। महाकुम्भनगर**

महाकुम्भ प्रयागराज संस्कृति और आध्यात्म के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश प्रसारित कर रहा है। यहां 31 जनवरी को हरित महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर से 1000 से ज्यादा पर्यावरण और जल संरक्षण कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 'ज्ञान महाकुम्भ - 2081' के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत यह विशिष्ट कार्यक्रम प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ज्ञान महाकुंभ के मुख्य संरक्षक हैं। हरित महाकुम्भ के अंतर्गत प्रकृति, पर्यावरण, जल समेत स्वच्छता से संबंधित मसलों पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होगी। प्रकृति के पांच तत्वों के संतुलन और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर विशेषज्ञ अपनी राय और अनुभव साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त महाकुम्भ में आ रहे लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और इस संबंध में चलाए जा रहे अभियान को लेकर भी चर्चा होगी। पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता राम बाबू तिवारी ने बताया कि हरित महाकुंभ को लेकर तैयारी चल रही है। इसमें देश भर के पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ता और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। महाकुंभ में हिस्सा लेने आ रहे श्रद्धालुओं को किस तरह पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के अभियान से जोड़ा जाए, इस पर भी व्यापक चर्चा और विमर्श किया जाएगा। वहीं, योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियों, जनप्रतिनिधि से लेकर शहर के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली। महाकुंभ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा निकाली गई। मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को लेकर स्वच्छता रथ निकाला गया है।



## महाकुंभ में स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार करे भ्रमण जरूरत हो तो लोगों का उपचार कराए : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में सीएम योगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। इस समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करें और लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए।



## प्रयागराज जाने से पहले महाकुंभ एप जरूर डाउनलोड कर लें

**नवीन मेल संवाददाता**

- महाकुंभ हेल्पलाइन - 1920
- पुलिस हेल्पलाइन - 112
- आपदा हेल्पलाइन - 1077
- श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए जारी की गई एडवाइजरी

**प्रयागराज।** जिला आपदा विभाग ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि प्रयागराज जाने से पहले महाकुंभ एप जरूर डाउनलोड कर लें। यदि तीर्थयात्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है या कोई बीमारी है, तो यात्रा से पहले अपनी सेहत की जांच जरूर करा लें। पहले से बीमार व्यक्ति डॉक्टर से परामर्श लेकर ही जाएं। जरूरी दवाएं व डॉक्टर का नंबर साथ रखें। आयुष्मान कार्ड धारक हैं, तो कार्ड साथ में रखें, ताकि आपात स्थित में आयुष्मान योजना के तहत इलाज हो सके। एडवाइजरी कहा गया है कि महाकुंभ में पैदल अधिक चलना पड़ सकता है, तो पानी का स्तर बनाए रखने के लिए ओआरएस का घोल पीते रहें। बच्चों, वृद्धजनों और गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान न करने दें। गहरे पानी में जाने से बचें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खांसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। हीटर व अलाव आदि का इस्तेमाल टेंट के अंदर न करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112 और आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क करें।

# ज्योतिष शास्त्र कहता है मकर संक्रांति पर खुलते हैं बंद किस्मत के दरवाजे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जब सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो हिन्दू पर्व मकर संक्रांति मनाया जाता है। 2025 में 14 जनवरी को पवित्र दिवस मनाया जा रहा है। इस त्योहार को देश के सभी राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। इसे 'खिचड़ी' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चावल, उड़द और तिल दान का विशेष महत्व रहता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है। मतलब यह कि इस दिन से सूर्य उत्तर दिशा की ओर बढ़ना शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति में दान का क्या महत्व है, इस बारे में आईएएनएस ने ज्योतिष और वास्तु शास्त्र विशेषज्ञ गायत्री शर्मा से बात की। उन्होंने बताया, 'मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को बनाई जाएगी। मकर संक्रांति बनाने का विशेष कारण होता है कि सूर्य धनु राशि से मकर राशि में जाता है। सूर्य उत्तरायण की ओर चलना शुरू हो जाता है। विशेष रूप से मकर संक्रांति पूरे भारत में ही मनाई जाती है। इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। एक दिन पहले पंजाब में लोहड़ी मनाई जाती है। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में खिचड़ी नाम लोकप्रिय है, तो दक्षिण भारत में इसे पोंगल नाम से मनाया जाता है। दान के महत्व पर बात करते हुए गायत्री शर्मा ने कहा, ''इसमें दान का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति वाले दिन लोग दान, उपवास, स्नान और अनुष्ठान करते हैं। सब अलग-अलग चीजें दान करते हैं और इस दिन शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। मकर संक्रांति में विशेष रूप से मिठाई, खिचड़ी, खाने की सामग्री और कपड़े भी दान किए जाते हैं। इसके साथ ही उत्तर भारत में सर्दी के मौसम में खाई जाने वाली चीजें गजक, मूंगफली तक भी दान में दी जाती हैं। शर्मा के मुताबिक ''लोग मंदिरों में जाकर दान करते हैं। अपने घर की बेटियों को भी ऐसे में कुछ दिया जा सकता है। ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। अनुष्ठान किए जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य करने से बंद किस्मत के दरवाजे तक खुल सकते हैं।

# एचएमपीवी : केंद्र ने राज्यों से कहा श्वसन संबंधी बीमारियों पर रखें नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र ने मंगलवार को राज्यों से देश में श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी की समीक्षा करने को कहा है। देश में अब तक कर्नाटक (2), गुजरात (1) और तमिलनाडु (2) से एचएमपीवी के सात मामले सामने आए हैं। सभी मामले 3 महीने से लेकर 13 साल की उम्र के छोटे बच्चों में पाए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने वर्चुअल मोड में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, "राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) निगरानी को मजबूत करना चाहिए और इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, "देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार है। श्रीवास्तव ने कहा, "एचएमपीवी से जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह बैठक भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और चीन में एचएमपीवी मामलों में उछाल की रिपोर्ट के बाद रखी गई थी। इसके साथ ही इस बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में सचिव (डीएचआर) डॉ. राजीव बहल, डीजीएचएस डॉ. (प्रो.) अतुल गोयल, राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीवास्तव ने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, "देश में कहीं भी आईएलआई/एसएआरआई मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। श्रीवास्तव ने राज्यों को वायरस के संक्रमण की रोकथाम के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की भी सलाह दी है। जारी की गई सलाह में साबुन से बार-बार हाथ धोना, बिना धुले हाथों से अपनी आंखें, नाक या मुंह को छूने से बचना, ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना जिनमें बीमारी के लक्षण दिख रहे हों। इसके साथ ही खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढकना जैसी बातें कही गई हैं। एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में संक्रमण का कारण बन सकता है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का और स्व-सीमित स्थिति वाला होता है और अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं।

## नागपुर में दो बच्चों में एचएमपीवी की पुष्टि मामलों की संख्या हुई सात

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नागपुर में दो बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि हुई है, जिससे मंगलवार को देश में कुल मामलों की संख्या 7 हो गई। नागपुर में दो मामले सात वर्षीय और 13 वर्षीय बच्चे के हैं।

शुरू में बच्चों को एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) से संक्रमित होने का संदेह था, लेकिन बाद में पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) परीक्षणों ने एचएमपीवी की पुष्टि की। नागपुर में मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने बताया कि दोनों बच्चे आउट पेशेंट देखभाल के माध्यम से ठीक हो गए। अन्य मामले कर्नाटक (2), गुजरात (1), तमिलनाडु (2) से थे। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की है। सरकार ने एचएमपीवी पर अपने नवीनतम अपडेट में कहा, "देश में श्वसन संबंधी बीमारियों में कोई उछाल नहीं है। ऐसे मामलों का पता लगाने के लिए मजबूत निगरानी की जा रही है। वहीं राज्यों को निवारक उपायों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई है। राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की भी सलाह दी गई है। इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि भारत का निगरानी नेटवर्क सतर्क बना हुआ है और देश किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौती का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, "चिंता करने की कोई बात नहीं है। हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकर के अनुसार, एचएमपीवी निश्चित रूप से जानलेवा नहीं है और आज तक मृत्यु दर या गंभीर संक्रमण दर का कोई सबूत नहीं है।

## बिहार में एचएमपीवी वायरस को मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर होंगे इंतजाम

**पटना।** चीन में फैले एचएमपीवी वायरस को बिहार में मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के बाद सभी जिलों के जिलाधिकारियों, मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षक, सिविल सर्जनों को इस वायरस से बचाव के लिए कोरोना की तर्ज पर ही इंतजाम करने का निर्देश दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह एक श्वसन तंत्र से जुड़ा हुआ वायरस है। इसके संक्रमण से बचने के लिए कोई विशेष एंटी वायरल या वैक्सीन अबतक उपलब्ध नहीं है। विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा इन्फ्लूएंजा के समान बीमारी एवं सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी न्यूमोनिया (सारी) का सर्विलांस सुनिश्चित करते हुए इसको आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन रिपोर्ट दी जाए। कोविड-19 से संबंधित दवा, किट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, मास्क इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके ट्रेंड पर ध्यान रखने और इसके बढ़ने की स्थिति में सभी अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण गतिविधियों की सघन निगरानी करने को कहा गया है। अस्पताल में गंभीर रूप से भर्ती मामलों के सैंपल को राष्ट्रीय लैब में भेजकर जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जिससे एचएमपीवी की लैब में पुष्टि हो सके। विभाग के अनुसार इसके लक्षणों में कफ, बुखार, नाक में संक्रमण, श्वास में परेशानी, गंभीर स्थिति में ब्रोंकाइटिस एवं न्यूमोनिया शामिल है। एचएमपीवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने अथवा छींकने से फैलता है।

## ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक आम इंफेक्शन है, डरने की जरूरत नहीं : विशेषज्ञ



**चंडीगढ़।** चीन में फैला ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) अब भारत में भी पैर पसार रहा है। देश के कई राज्यों में एचएमपीवी के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, एचएमपीवी को लेकर चंडीगढ़ पीजीआई की डॉ. पीवीएम लक्ष्मी ने मंगलवार को खास बातचीत की। उन्होंने कहा, "ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को लेकर लोगों में काफी डर है। मगर मैं यही कहूंगी कि इस वायरस से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ये आम इंफेक्शन वाला वायरस है। इस वायरस से संबंधित कुछ केस चीन में मिले हैं और इसी वजह से लोगों में डर का माहौल है। लेकिन, पीजीआई में पिछले साल भी कई केस मिले थे। यह वायरस खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों या कम इम्युनिटी वाले लोगों में ही गंभीर संक्रमण हो सकता है। अधिकतर लोगों में खांसी-जुकाम जैसा होता है, जो जल्द सही हो जाता है। इसको लेकर केंद्र सरकार की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। कहा गया है कि डरने की जरूरत नहीं है और राज्य सरकारें भी सतर्क रहें। डॉ. लक्ष्मी ने कहा, "सरकार ने कहा है कि अगर इस वायरस से संबंधित केस आते हैं तो उनके सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए लैब में भेजे जाएं। इसमें देखना यह होगा कि पिछले साल की तरह के केस बढ़ तो नहीं रहे हैं? इसमें ये भी देखा जाएगा कि वायरस में म्यूटेशन तो नहीं आ रहा है, जिससे वायरस आइसोलेशन करके सिक्वेंसिंग करने की कोशिश कर रहा हो? इन लक्षणों के साथ एडमिट होने वाले सभी मरीजों के सैंपल लेकर लैब में भेजे जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, "लोगों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें सतर्कता बरतनी है। खांसी-जुकाम वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें और ऐसे मरीज खुद ग्लव्स और मास्क पहनें। इसके अलावा भीड़भाड़ वाली जगह में अपनी सुरक्षा को लेकर मास्क पहन सकते हैं। वायरस के बढ़ने और घटने के लिए निगरानी जरूरी है, जिसके लिए हर राज्य में लैब्स भी मौजूद हैं। राज्यों को भी बताया गया है कि उनके राज्यों में लैब हैं, वहीं इसकी जांच की जाए। डॉक्टर ने बताया, "गंभीर केसों में ही सैंपल लेकर जांच की जाएगी और सामान्य मामलों में ऐसा नहीं किया जाएगा। कोविड के दौरान जिस तरह के प्रिकॉशन लिए गए थे, उसका पालन अब भी करना है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मोहन यादव सरकार का युवाओं पर फोकस, युवा शक्ति मिशन शुरू होगा



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का युवाओं पर खास फोकस है और इस वर्ग को सक्षम बनाने के साथ उनकी क्षमताओं का बेहतर उपयोग करना चाहती है। सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने का फैसला लिया है। मोहन यादव कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य सरकार ने युवाओं को नई दिशा देने, उनके कौशल का सही उपयोग करने, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इस दिशा में एक समेकित प्रयास करने का फैसला लिया है। इसमें तकनीकी शिक्षा विभाग, कौशल विकास, रोजगार विभाग एवं युवा कल्याण विभाग, अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस मिशन का मकसद युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा, शिक्षा कौशल में आगे बढें. और वह रोजगार से कैसे जल्दी से जल्दी जुड़ें, इस दिशा में प्रयास होंगे। जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति के जरिए किया है। शिक्षा रोजगार देने वाली हो, इसी को ध्यान में रखकर मिशन की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगी। इसके लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। मिशन का सिर्फ युवाओं पर फोकस रहेगा। कुल मिलाकर युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना मध्य प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। देश की युवा आबादी का जिक्र करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज दुनिया में भारत सबसे युवा देश है क्योंकि यहां की 27 प्रतिशत आबादी युवा है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी ऊर्जा का सदुपयोग करने के लिए मध्य प्रदेश एक मिशन की तरह ले रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी मंत्रियों से कहा है कि वह अपने विभाग में युवाओं को किस तरह से जोड़ सकते है, रोजगार दे सकें इसके लिए काम करें। राज्य में वर्तमान में अनुसूचित जाति व जनजाति के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सरकार ने अन्य वर्गो के गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को भी इसी तरह की सुविधा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे बताया कि किसानों की आय को दोगुना करने को लेकर मछली उत्पादन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में काम किया जाएगा। किसानों के साथ मिलकर दूध की पैकिंग से लेकर दूध की चिलिंग तक की प्रक्रिया के लिए काम किया जाएगा। कलेक्शन सेंटर की संख्या बढ़ाई जाएगी। प्रदेश के ब्रांड सांची को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे। राज्य में 16वां वित्त आयोग आने वाला है।

## पटना में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर एसआई को लगी गोली

**पटना।** बिहार के पटना जिले के फुलवारी शरीफ इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों को मार गिराया गया जबकि एक सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्तौल भी बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लूटपाट के उद्देश्य से आठ- दस की संख्या में अपराधी फुलवारी शरीफ के हिंदुनी गांव में इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने दो से तीन थाना पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पटना पश्चिम के सिटी पुलिस अधीक्षक शरत आर एस ने बताया कि पिछले कई दिनों से डकैती और चोरी की घटनाएं हो रही थीं। डकैतों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया था। इसी बीच सोमवार की रात सूचना मिली कि हिंदूनी गांव में वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाश पहुंचने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम हिंदुनी गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एसआई विवेक कुमार को गोली लग गई। पुलिस ने भी अपराधियों को वार्निंग देते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अपराधियों को गोली लगी। गोली लगने वाले अपराधियों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा दरार वादी पार्टी, इसका इंसान के जीवन से कोई लेना देना नहीं : अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है। मैं सभी साधु-संतों और ऋषियों से प्रार्थना करता हूं कि जब वे यहां से जाएं, तो किसी साथी को भी साथ लेकर जाएं। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो उन कामों में लगे हैं, जो उन्हें नहीं करने चाहिए। इससे दोनों तरफ का काम प्रभावित हो रहा है। इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई।

# एएफसी एशियन कप (2027) 7 जनवरी से 5 फरवरी तक रियाद

- जेद्दा और अल खोबर में आयोजित किया जाएगा
- रियाद में कुल पांच स्टेडियम टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी करेंगे
- 2023 में 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए सऊदी अरब को मेजबान देश घोषित किया गया था।



**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** एएफसी ने मंगलवार को घोषणा की कि एएफसी एशियन कप 2027 सऊदी अरब के तीन शहरों - रियाद, जेद्दा और अल खोबर में 7 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रियाद में कुल पांच स्टेडियम टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी करेंगे; किंग फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, किंग सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, किंगडम एरिना और अल शबाब स्टेडियम। जेद्दा के लिए दो स्टेडियमों की पुष्टि की गई है - किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी और प्रिंस अब्दुल्ला अल फैसल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम - अल खोबर में एक नया अत्याधुनिक स्थल बनाया जाएगा, जो एशिया की शीर्ष 24 राष्ट्रीय टीमों के लिए पृष्ठभूमि प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। 2023 में 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए सऊदी अरब को मेजबान देश घोषित किया गया था। यह पहली बार होगा जब सऊदी अरब इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ के प्रमुख यासर अल मिसेहल ने कहा, "एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए तारीखों की पुष्टि करना और स्टेडियमों का चयन करना टूर्नामेंट की मेजबानी करने की हमारी यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। यह घोषणा केवल स्थानों और कार्यक्रमों की पहचान करने से परे है; यह हमारे और एएफसी के बीच चल रहे उच्च-स्तरीय सहयोग को दर्शाता है क्योंकि हम एक असाधारण टूर्नामेंट देने की दिशा में काम कर रहे हैं जो पूरे एशियाई महाद्वीप की आकांक्षाओं को पूरा करता है।"

# कमिंस, बुमराह, पैटरसन दिसंबर के पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित

1. बुमराह ने तीन टेस्टों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए ।
2. कमिंस ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीत दिलाई




**दुबई,(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के स्टार सीमर डेन पैटरसन को आईसीसी दिसंबर 2024 के पुरुष खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन पर थे, उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीत दिलाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में स्थान सुरक्षित हो गया। तेज गेंदबाज ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एडिलेड में आया, जहां उन्होंने शानदार 5/57 गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 10 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण रन बनाए, जिसमें मेलबर्न में 49 और 41 रन की पारी शामिल है, जो ऑस्ट्रेलिया की जीत में निर्णायक साबित हुई। कमिंस के नेतृत्व और हरफनमौला योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला जीतने और जून 2025 में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर दिखाया कि वह दुनिया के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से क्यों हैं। भारत के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बावजूद, बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि उन्होंने दिसंबर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीन टेस्टों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए । बुमराह की प्रतिभा ब्रिसबेन और मेलबर्न में पूरी तरह से देखने को मिली, जहां उन्होंने प्रत्येक टेस्ट में नौ विकेट लिए। उनके शानदार स्पैल ने भारत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिलाया। इसके अलावा, बुमराह के प्रयासों ने उन्हें किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा अब तक के सबसे अधिक आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद की। दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को डब्ल्यूटीसी25 फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# रोहित-कोहली का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर : गावस्कर

**एजेंसी**

**सिडनी।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, ''वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ।' डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जबकि भारत इसके फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। वह रविवार को समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को इस हार के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा। उसकी पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए। कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए, जबकि रोहित ने पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे।'

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।' गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा, 'जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे?' गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के जिन तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए उनमें रेड्डी भी शामिल थे। शतक लगाने वाले अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कोहली थे। उन्होंने कहा, 'नितीश कुमार रेड्डी में क्षमता देखने और उसे टेस्ट टीम में चुनने के लिए अजीत अगरकर और उनकी टीम को बधाई।'

> 'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।
>
> **पूर्व भारतीय कप्तान**



## मैं ऑस्ट्रेलिया के ओपनर की दौड़ में बिल्कुल भी नहीं था: मैट रेनशॉ

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से जीतने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया का अगला ध्यान इस महीने के अंत में दो टेस्ट के लिए श्रीलंका के दौरे पर होगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के संन्यास के बाद, ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के लिए उपयुक्त जोड़ीदार खोजने में संघर्ष करना पड़ा, जब तक कि सैम कोंस्टास नहीं आ गए, जिन्होंने भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट खेले और अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर अर्धशतक बनाया। भारत के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से पहले, मैट रेनशॉ, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, नाथन मैकस्वीनी और कोंस्टास को संभावित ओपनिंग विकल्पों के रूप में चर्चा में रखा गया था। हालांकि, केवल मैकस्वीनी और कोंस्टास को ही सीरीज में खेलने का मौका मिला।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ब्रेक लेंगे राहुल



**नई दिल्ली(हि.स.)।** बल्लेबाज के.एल. राहुल वडोदरा में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट दौर में कर्नाटक की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले राहुल ब्रेक लेंगे। 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के लिए राहुल की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो दोनों ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे, वडोदरा में कर्नाटक के लिए खेलेंगे। पडिक्कल ने पर्थ में पहला टेस्ट खेला था, जबकि प्रसिद्ध को पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुलाया गया।

## हैदराबाद एफसी से तीन अंक जीतने उतरेगी एफसी गोवा



**फातोरदा (आईएएनएस)।** एफसी गोवा बुधवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेगी। गौर्स अपने आईएसएल इतिहास में हैदराबाद के खिलाफ लगातार चार क्लीन शीट के साथ जीत पाने उतरेंगे जो एक रिकॉर्ड होगा जबकि हैदराबाद एफसी इस प्रतिद्वंद्वी के हाथों लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। एफसी गोवा 13 मैचों में सात जीत, चार ड्रा और दो हार से 25 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद एफसी 14 मैचों में दो जीत, दो ड्रा और 10 हार से आठ अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। एफसी गोवा ने लीग में अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार जीते हैं, जबकि हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले पांच मैचों में चार हारे हैं।

**गौर्स की फॉर्म**

गोल करने वाली टीमः गौर्स ने अपने पिछले 13 आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है और वे अब तक 27 गोल कर चुके हैं।

**रक्षात्मक सुदृढ़ताः** गौर्स रक्षात्मक रूप से मजबूत रहे हैं। इस सीजन में उन्होंने ओपन-प्ले के दौरान बॉक्स के अंदर से केवल आठ गोल खाए हैं।



# भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, एचएमपीवी का खत्म हुआ डर

- सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 पर बंद हुआ
- निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 पर बंद हुआ।
- निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 502.35 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,869.3 पर बंद हुआ

**मुंबई, (आईएएनएस)।** देश भर में निगरानी बढ़ने और एचएमपीवी के बारे में अधिक स्पष्टता आने के बाद, भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबार के अंत में मेटल, मीडिया, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 पर बंद हुआ और निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 280.15 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,202.15 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 502.35 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,869.3 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 248.20 अंक या 1.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,673.45 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,627 शेयर हरे और 1,356 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 103 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, एचएमपीवी को लेकर किसी तरह की बड़ी चिंता न पैदा होने से जुड़े सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच, घरेलू बाजार सोमवार की तेज बिकवाली से कुछ हद तक उबर गया। लेकिन, भारत के वित्त वर्ष 2025 के जीडीपी के लिए महत्वपूर्ण अनुमानों से पहले, बाजार एक दायरे में कारोबार कर रहा था। जानकारों ने बताया, "आगामी परिणाम सत्र के दौरान आय सुधार के संकेतों की प्रतीक्षा में निकट भविष्य में बाजार के सतर्क रहने की उम्मीद है। साथ ही एफआईआई की चल रही बिकवाली से भी निपटना होगा, जो डॉलर के मजबूत होने, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और आगे ब्याज दरों में कटौती की कम उम्मीदों से प्रेरित है।"




## सेक्टोरल फ्रंट पर ऑटो, आईटी और कंजम्पशन सेक्टर में रही गिरावट

सेंसेक्स पैक में, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, सनफार्मा और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। वहीं, जोमैटो, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 6 जनवरी को 2,575.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,749.65 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जानकारों ने कहा, "जैसे-जैसे बाजार महत्वपूर्ण समर्थन और प्रतिरोध स्तरों के करीब पहुंच रहा है, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे मूल्य कार्रवाई पर बारीकी से नजर रखें और आने वाले सत्रों में सतर्क रुख अपनाएं।"

## मुंबई में 2024 में ऑफिस लीजिंग और आवासीय बिक्री में जबरदस्त उछाल

**मुंबई(आईएएनएस)।** ऑफिस लीजिंग और आवासीय मांग को लेकर मुंबई में पिछले साल सभी महानगरों में ऐतिहासिक उछाल देखने को मिला। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार प्रीमियम हाउसिंग और ट्रांसफोर्मेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की निरंतर मांग के कारण यह तेजी देखी गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी में 2024 में ऑफिस ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में ऐतिहासिक उछाल दर्ज करते हुए 10.4 मिलियन वर्ग फीट तक पहुंच गया, जो 2023 में 7.4 मिलियन वर्ग फीट से 40 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 2024 की दूसरी छमाही में, मुंबई में कुल 4.6 मिलियन वर्ग फीट ऑफिस स्पेस ट्रांजैक्शन देखा गया, जो 9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मुंबई में सबसे ज्यादा लेन-देन भारत-केंद्रित व्यवसायों द्वारा किए गए, जिसने 2024 में कुल हिस्सेदारी में लगभग 77 प्रतिशत का योगदान दिया। 2024 में, मुंबई में 5.8 मिलियन वर्ग फीट नए ऑफ़िस सप्लाई की वृद्धि देखी गई, जो 2023 की तुलना में साल-दर-साल 89 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के विरल देसाई के अनुसार, "बढ़ते आर्थिक माहौल, बढ़ती फिजिकल ऑक्यूपेंसी और इंफ्रास्ट्रक्चर की उन्नति के कारण ऑक्यूपायर सेंटीमेंट मजबूत बना रहा।" विरल देसाई ने कहा, "बीकेसी मेट्रो जैसी प्रमुख मेट्रो लाइनों की शुरूआत ने पहुंच को बढ़ाया है।"

# एलपीजी कनेक्शन की संख्या पिछले 10 साल में दोगुनी होकर 32.83 करोड़ हुई



- 2014 में 14.52 करोड़ थी।
- पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 222 करोड़ एलपीजी रिफिल दिए जा चुके हैं
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश में घरेलू एलपीजी कनेक्शन की संख्या बीते 10 सालों में (1 नवंबर, 2024 तक) दोगुनी से अधिक बढ़कर 32.83 करोड़ हो गई है, जो कि 2014 में 14.52 करोड़ थी। यह जानकारी पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दी गई। मंत्रालय द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीब परिवारों को सब्सिडी वाली कीमत पर रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 222 करोड़ एलपीजी रिफिल दिए जा चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 13 लाख रिफिल लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है। बयान में कहा गया कि सरकार के प्रयासों से उज्ज्वला परिवारों द्वारा एलपीजी की खपत में वृद्धि हुई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की प्रति व्यक्ति खपत 2019-20 में 3.01 से बढ़कर 2023-24 में 3.95 हो गई है। अक्टूबर 2024 तक प्रति व्यक्ति खपत बढ़कर 4.34 हो गई है। बयान में आगे कहा गया कि 2014 से अब तक एलपीजी वितरकों की संख्या 13,896 से बढ़कर 1 नवंबर 2024 तक 25,532 हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। 90 प्रतिशत से अधिक नए वितरक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे हैं।इसके अलावा देश में पिछले 10 वर्षों में नेचुरल गैस की पाइपलाइन नेटवर्क में भी बड़ा विस्तार हुआ है। 2024 में इसकी लंबाई बढ़कर 24,945 किलोमीटर की हो गई है, जो कि 2014 में 15,340 किलोमीटर थी। इसके अलावा 10,805 किलोमीटर की नेचुरल गैस पाइपलाइन का निर्माण चल रहा है। इन पाइपलाइनों के पूरा होने से राष्ट्रीय गैस ग्रिड पूरा हो जाएगी और इससे भारत में सभी प्रमुख मांग और आपूर्ति केंद्रों जुड़ जाएंगे ।
और सभी क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगा तीन अरब डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड में दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 3 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ, सत्या नडेला ने मंगलवार को कहा कि इस निवेश का उद्देश्य देश में एआई इनोवेशन को बढ़ाना है। यह निवेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन (विकसित भारत 2047) में बड़ी भूमिका निभएगा। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की है। कंपनी ने अब तक सिविल सर्वेंट, कॉलेज के छात्रों और विकलांग लोगों सहित 24 लाख भारतीयों को एआई कौशल के साथ सशक्त बनाया है। नडेला ने कहा, "भारत तेजी से एआई इनोवेशन में लीडर बन रहा है। इससे देश के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल में जिस निवेश की घोषणा कर रहे हैं, वह भारत को एआई-प्रमुख बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि देश भर के लोगों और संगठनों को व्यापक लाभ मिले।" सोमवार को पीएम मोदी ने नडेला से मुलाकात की थी और कहा कि उन्हें देश में माइक्रोसॉफ्ट की महत्वाकांक्षी विस्तार और निवेश योजनाओं के बारे में जानकर खुशी हुई। एक इवेंट में माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च लैब ने 'एआई इनोवेशन नेटवर्क' लॉन्च किया, जो रिसर्च से रियल, जरूरी व्यावसायिक समाधानों में बदलाव को गति देने के लिए डिजाइन की गई एक अभूतपूर्व पहल है। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट और सासबूमी ने भारत के एआई और सास इकोसिस्टम को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए साझेदारी की है।

## एक नजर

### डीपीसी ने एक सप्ताह से गायब सीएचओ की हाजरी काटी, दी चेतावनी

**केतार।** दैनिक अखबार 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में 7 जनवरी के अंक में प्रकाशित खबर'हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' से सीएचओ गायब, परेशानी बढ़ी के आलोक में मंगलवार को जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) रोहित कुमार सिंह ने वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सीएचओ राजेश कुमार अनुपस्थित मिले, इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। जिला कार्यक्रम समन्वयक रोहित कुमार सिंह ने उपस्थिति पुस्तिका से सीएचओ का एक सप्ताह का हजारी काट दिया है। उन्होंने कहा की सीएचओ द्वारा कार्यशैली में सुधार नहीं किया गया और नियमित केंद्र पर उपस्थिति नहीं रहा तो विभागीय कार्रवाई किया जायेगा। बताते चलें की केतार वेलनेस सेंटर के सीएचओ राजेश कुमार बीना छुट्टी लिये एक सप्ताह से केंद्र से गायब है।

### ट्रैफिक नियमों का चालक पूरी निष्ठा से पालन करें : थाना प्रभारी

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने सभी वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों की पूरी निष्ठा से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी कर वाहनों का परिचालन करना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकता है। वहीं थाना प्रभारी ने बाइक चालकों से बिना हेलमेट पहने किसी भी सूरत में घर से नहीं निकलने की सख्त हिदायत भी है। एक जवाब में उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ सीधे तौर पर कार्रवाई किया जाएगा।

# एक तरफ मिट्टी का टीला तो दूसरी तरफ खाई, मौत का खुला निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोनेहारा रमना मुख्य मार्ग में बुढ़वा पुल मोड़ के पास सड़क किनारे सटा कर ही एलएनटी कम्पनी द्वारा करीब बीस फिट गहरा गढ़ा गत माह पूर्व ही खोद कर छोड़ दिया गया हैं, जिससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस सड़क में आये दिन लगातार दुर्घटनायें हो रहा है, और आजकल घने कोहरे के कारण भी दृश्यता पांच दस मीटर से ज्यादा नहीं हैं। इसी मार्ग में गत दिन तीन मुहान के पास खतरनाक



दुर्घटना घटी, जिसमे दो लोग को सदर अस्पताल से भी रेफर कर दिया गया। साथ ही उक्त स्थल पर ही सड़क के दूसरे किनारे पसस के 15 वें वित्त से एक लाख रुपए की लागत से नाली का निर्माण किया गया हैं जिसका मिट्टी का मलबा सड़क पर ही छोड़ दिया गया है जिससे एक तरफ सड़क पर मिट्टी का टीला और दुसरी किनारे एलएनटी का खाई हैं जो वाहन चालकों के लिए यमराज बनकर इंतजार कर रहा है।

इस संबंध में अलोक सिंह बोले की उक्त गढ़ा खोदे हुए दो तीन माह के करीब हो गये साथ ही सड़क से सटा हैं और किसी भी प्रकार का कोई चेतावनी का बोर्ड भी नहीं लगा हैं जिससे छोटी मोटी घटनाये हो रही हैं यदी जल्द ही इसका समाधान नहीं किया गया तो बड़ी घटनाये होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे पूर्व इसी प्रकार के बिना चेतावनी लगा गढ़ा में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। मृत्युनंजय कुमार सिंह बोले की एक तो घना कुहासा और ऊपर से सड़क के एक किनारे मिट्टी के टीला और दूसरे तरफ खाई वाहन चालकों को दुर्घटना के लिए खुला निमंत्रण पर इस पर शासन प्रशासन का कोई ध्यान ही नहीं। जब कोई बड़ा दुर्घटना होगा तब नींद खुलेगी।

# मकई लदा ट्रक चंपा घाटी में पलटा चालक उपचालक दोनों सुरक्षित



**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़-कुसुमी अम्वाटोली भाया चंपा मार्ग होते हुए छत्तीसगढ़ से झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ आ रहा मकई लदा ट्रक मंगलवार तड़के सुबह लगभग 4 बजे मेराम घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक पर सवार ड्राइवर और उपचालक सुरक्षित बच गये।

## पांडेय गिरोह के दो शूटरों की हत्या मामला

# विकास तिवारी समेत 10 के खिलाफ एफआईआर

**पलामू (हि.स.)।** पांडेय गिरोह के दो शूटरों भरत पांडेय और दीपक साव की हत्या मामले में चैनपुर थाना में कोयलांचल के डॉन विकास तिवारी और गिरोह से जुड़े 10 लोगों के खिलाफ नामजद एफआइआर दर्ज की गई है। भारत पांडे के पिता प्रदीप पांडे के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज कराई गई एफआइआर में सभी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। इससे पूर्व रविवार की रात पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर पांडेय गिरोह के दो शूटरों भरत पांडेयऔर दीपक साव की हत्या कर दी थी। दोनों कोयलांचल में आपराधिक गिरोह का संचालन करते थे और रामगढ़ के पतरातू के रहने वाले थे। इस घटना में घर के दो सदस्यों अंशु सिंह एवं महावीर उर्फ बबलू सिंह को भी गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। अंशू को दोनों पैर में, जबकि महावीर को बांह में गोली लगी है।



**भरत ने 2022 में की थी अमित बख्शी की हत्या**

गैंगवार में मारा गया भरत पांडेय वर्ष 2022 में भुरकुंडा थाना क्षेत्र में अमित बख्शी की हत्या कर दी थी। साथ ही हत्या की जिम्मेवारी ली थी। इसी घटना के बाद से वह सुर्खियों में आ गया था। दरअसल पांडेय गिरोह के खासमखास माने जाने वाले अशोक पांडेय की हत्या कर दी गयी थी। इसका आरोप पांडेय गिरोह पर लगा था। अशोक भरत पांडेय के चाचा थे। भरत ने अशोक पांडेय की हत्या का बदला सीसीएल कर्मी अमित बख्शी की हत्या करके ली थी। यह घटना 8 अगस्त 2022 को हुई थी।

पलामू पुलिस ने घटना की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का भी गठन किया है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एसआइटी जांच में जुटी है। सदर और शहर अंचल के इंस्पेक्टर, सतबरवा, रामगढ़, सदर, मनातू, हैदरनगर के थाना प्रभारी को इसमें शामिल किया गया है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को बताया कि मामले में डबल मर्डर केस में एसआईटी का गठन किया गया है और विभिन्न इलाकों में छापेमारी की जा रही है। इधर, फॉरेंसिक की टीम ने घटनास्थल पर जांच की एवं कई सैंपल ली। घटनास्थल से पुलिस ने 25 खोखा एवं गोली बरामद किया है।

### प्रचंड ठंड और घने कुहासे ने खरौंधी में जीवन किया प्रभावित



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में मंगलवार को प्रचंड ठंड और घने कुहासे ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए, जिससे ठंड और भी बढ़ गई। सुबह से ही तेज हवा के साथ चल रही कनकनी ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया। बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, और दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हुए। खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह ठंड अत्यधिक कष्टकारी साबित हो रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं, लेकिन तेज हवा के चलते उसका प्रभाव भी सीमित हो गया है। किसान और मजदूर वर्ग के लोग भी ठंड के कारण अपने काम पर नहीं जा सके। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन की ओर से ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। लोग सरकार से कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# एचएमपीवी वायरस जानलेवा नहीं, सतर्क रहने की जरूरत : सिविल सर्जन

**पलामू (हि.स.)।** कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि के बाद झारखंड भी अलर्ट हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचएमपीवी वायरस पहले से मौजूद है, पर ज्यादा आक्रामक नहीं है। इसके बावजूद लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधानी बरतनी है। इस वायरस से बचाव को लेकर राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ स्वास्थ्य विभाग ने बैठक की। साथ ही बचाव को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। पलामू में हेल्थ डिपार्टमेंट भी सजग हो गया है। सदर अस्पताल, सीएचसी एवं पीएससी को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की वजह से पलामू में आपाधापी न मचे, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार के मुताबिक एचएमपीवी जानलेवा नहीं है पर सर्तक रहने की जरूरत है। इसके लिए कई स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की गयी है।

मंगलवार को जेलहाता स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए सिविल सर्जन



डा. अनिल ने कहा कि एचएमपीवी वायरस का कोई मामला झारखंड में नहीं है, लेकिन दूसरे राज्य जैसे कर्नाटक में मामला सामने आया है। यहां से लोग काम करने के लिए कर्नाटक में गए हैं। वहां से लौटने के बाद इस वायरस के फैलने की संभावना है, लेकिन ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं है। इससे बचाव के लिए जागरूकता अभियान पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और सिमटम वाले लोगों को इलाज कराने और मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी वायरस के लक्षण और संकेत सर्दी, खांसी, बुखार, नाक बहना, गला खराब होना, घबराहट, सांस की तकलीफ एवं रैशेज हो सकते हैं। इससे बचने का तरीका हाथों को रेगुलर तौर पर साबुन और पानी से धोने, खांसते या छींकते समय रूमाल, टिशू पेपर या कोहनी का प्रयोग करें। भीड़ भाड़ वाली जगहों में मास्क पहने, संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें।

सीएस ने कहा कि 14 वर्ष से नीचे और रोग निरोधक क्षमता नहीं रखने वाले लोगों पर इस वायरस का ज्यादा असर होता है। ऐसे लोगों को विशेष सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर कोरोना काल के समय बनाये गए कोविड वार्ड तैयार किये जायेंगे। पीएसए ऑक्सीजन प्लांट भी है। दवा उपलब्ध है। आवश्यकता अनुसार इस्तेमाल किया जायेगा।

जगह जगह जागरूकता के लिए पंपलेट, बैनर, हाडिंग आदि लगाये जायेंगे। सीएचसी एवं पीएचसी प्रभारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर जानकारी दी जायेगी। सहिया के माध्यम से घर घर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। मौके पर डीपीएम प्रकाश कुमार, कोराना महामारी विशेषज्ञ डा. अनूप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिछड़े हुए हाथी के आतंक से ग्रामीण भयभीत

# एक पशु को फिर कुचला, दरवाजा तोड़कर अनाज चट, फसल को भी किया बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम जबरा निवासी संतोष प्रजापति के घर मे लगे दरवाजा को बीते रात्रि बिछड़े हुए अकेला हाथी ने उत्पात मचाते हुए घर का ग्रिल दरवाजा को तोड़कर घर मे रखे तीन क्विंटल धान को खाकर चाट कर दिया। पीड़ित परिवार संतोष प्रजापति ने बातया की हम सभी परिवार प्रत्येक दिन की भांति बीते रात्रि मे सो रहे थे की अचानक लगभग 2 बजे रात्रि को मेरा घर का ग्रिल टूटने की आवाज सुनाई दिया तो बाहर निकाल कर देखे की जंगली हाथी ने ग्रिल तोड़कर धान खा रहा था. फिर वहां से हाथी निकल गया। वहीं ठाकुरी प्रजापति का खेत में लगे आलू लगभग डेढ़ क्विंटल खा गए। गिलास प्रजापति का 50 किलो धान खाकर चट कर दिया। इधर रोन्हे ग्राम सड़क किनारे एक झोपड़ी को उजाड़ते हुए लालदेव उरांव पिता जागो उरांव का घर के बाहर बंधे 65 किलो का सूअर को पैर से कुचल कर डाला जिससे लालदेव का लगभग 24 हजार का आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सुचना पाकर पीड़ित परिवार से भाजपा नेता सह झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने सभी पीड़ितों को आश्वासन देते हुए कहा की फसल क्षती का उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वही पीड़ित परिवारों ने विभाग से इस क्षेत्र से जंगली हाथियों को हटाने की मांग की है।

### सल्फास खाने से युवक की हुई मौत

**सतबरवा।** सतबरवा थाना क्षेत्र तुम्बा गड़ा अस्पताल में बिते रात रितेश यादव उम्र 19 वर्ष पिता विनोद यादव गांव गोंदा, थाना मेराल निवासी की जहर खाने से मौत हो गई। मंगलवार को सतबरवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर एमएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया। सतबरवा थाना के एस आई विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि मृतक का पिता विनोद यादव ने आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि मेरा पुत्र की मानसिक संतुलन ठीक-ठाक नहीं था। जिसके कारण सोमवार को सल्फास खा लिया।

## मालहन पंचायत में पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# पोस्ता की फसल को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के दालचुंवा मे लगभग तीन से चार एकड़ में अलग अलग जगहों पर लगे पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया गया है। पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस सदल बल दालचुंवा पहुंची जिसके बाद वन विभाग व चंदवा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर लगभग चार एकड़ वन भूमि मे लगे पोस्ते की खेती को रौंद कर नष्ट कर दिया गया। पुलिस इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इसमें शामिल लोगो को किसी भी सुरत मे बख्शा नही जाएगा। इस मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर मादक पदार्थ की खेती करने वाले लोगो की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। थानेदार ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। यह कदम समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रोकने और युवाओं को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अभियान मे एएसआई शशि रंजन कुमार,भीम सिंह,अरविंद सिंह,अंचल अमीन समेत पुलिस के जवान समेत वन विभाग की टीम शामिल थे।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान प्रशिक्षण की हुई शुरूआत

# बीडीओ ने शिविर का किया शुभारंभ

*दो बैच मे मनिका प्रखंड के पंद्रह पंचायत के सहजकर्ता दल के सदस्यो को दिया जा रहा प्रशिक्षण*



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मे मंगलवार दिन को पंचायती राज विभाग के द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मनिका बीडीओ संदीप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा की सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत प्रशिक्षण का लाभ उठाकर गांव के विकास मे सहभागिता निभाये। उक्त प्रशिक्षण शिविर मे दिया जा रहा प्रशिक्षण का लाभ उठाकर सहजकर्ता दल के सदस्य पंचायत के विकास मे एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगें। सबकी योजना सबका विकास अभियान पंचायत के विकास मे मिल का पत्थर साबित होगा। वही प्रशिक्षण शिविर में प्रथम दिन सहजकर्ता दल को पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित एमटी विनिता कुमारी ने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सहजकर्ता दल के सदस्यो को जानकारी देते हुए कहा की सबकी योजना सबका विकास अभियान के द्वारा पंचायत के विकास के लिए गांवो मे कई अंग होते है।

सबका सहयोग के साथ पंचायत का सवार्गीण विकास किया जा सकता है। उक्त प्रशिक्षण शिविर मे सहजकर्ता दल के लोगो को दो बैच मे प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम बैच में मनिका प्रखंड के सिंजो मनिका नामुदाग रांकीकला कोपे बड़काडीह जान्हो बरवैया कला व द्वितीय बैच में मटलौंग दुंदू विशुनबांध जूंगूर पल्हैया बंदुआ डोंकी पंचायत के सहजकर्ता दल के सदस्यो को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद एमटी विनिता कुमारी मोरवाई कला मुखिया आशिष सिंह सहित पंचायत के वार्ड सदस्य पंचायत स्वयं सेवक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एनएच 98 के किनारे लटकते बिजली के तार बन गए हैं खतरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत करमा कला, एनएच 98 के किनारे स्थित गांव के निवासियों की सुरक्षा पर एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यहां 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार अधिकतर घरों के ऊपर से गुजर रहे हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय निवासी इस गंभीर समस्या को लेकर लंबे समय से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं। लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया है, जिससे उनकी चिंताएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। मजबूरी में उन्होंने अपने घरों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया है, क्योंकि बिजली के इन खतरनाक तारों के कारण वे अपने घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। इस संदर्भ में कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र से गुजरे हैं, लेकिन किसी ने भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। यह प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है, जो लोगों की जान को जोखिम में डाल रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि इस समस्या का तुरंत समाधान निकाला जाए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने मांग की है कि बिजली के इन तारों को हटाकर या स्थानांतरित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## पेज एक के शेष

### एक चरण में...

कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 08 फरवरी को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग 52,554 मतदाता जोड़े गए हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। 70 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित होंगे। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 58 सामान्य और 12 आरक्षित हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में बफीर्ले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई। मिल्कीपुर सीट विधायक अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के कारण रिक्त है। इरोड के विधायक की निधन की वजह से यह सीट रिक्त है। राजीव कुमार ने कहा कि ईवीएम में अविश्वसनीयता या किसी तरह की खामी का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द 100 करोड़ वोटर वाला देश बनेंगे। अब तक 99 करोड़ वोटर बन चुके हैं।

### आप ने 70...

इसके बाद आतिशी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री आतिशी भी इस चुनाव प्रचार में पार्टी के लिए बड़ा चेहरा हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह व पंजाब के मुख्यमंत्री मान पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, तो पीएम मोदी सबसे बड़े प्रचारक हैं। उन्होंने चुनाव घोषणा के पहले कई योजनाओं की घोषणा करते हुए पूरा जोर लगा दिया है। आगे वह दिल्ली में कई रैलियां करने वाले हैं। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्थानीय नेताओं में प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी से लेकर बांसुरी स्वराज तक अपने-अपने इलाके में पार्टी की जीत के लिए हर उपक्रम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी सीट से उतारा है। बिधूड़ी अभी हाल ही में आतिशी व प्रियंका गांधी को लेकर एक विवादास्पद टिप्पणी करके चर्चा में आए हैं। कांग्रेस की तरफ से बड़ा चेहरा राहुल गांधी व प्रियंका गांधी हैं। स्थानीय चेहरों में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अलका लांबा, संदीप दीक्षित हैं।

### तिब्बत के शिगात्से...

शक्तिशाली भूकंप के कारण तिब्बत क्षेत्र में 95 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। वैसे, 100 से अधिक व्यक्ति की मौत हो सकती है। भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र नेपाल-चीन सीमा पर एवरेस्ट क्षेत्र के पास था। चीनी अधिकारियों ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.8 थी। चीनी अधिकारियों ने पुष्टि की कि भूकंप के बाद तिब्बत के शहर शिगात्से में सैकड़ों इमारतें ढह गईं। 100 के करीब मौत हो गई और 130 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चीनी सेना बचाव कार्य में लगी हुई है। माउंट एवरेस्ट के पास दूरदराज के इलाकों में मानव रहित ड्रोन तैनात किए हैं। ज्ञात हो कि दक्षिण-पश्चिम चीन में भूकंप अक्सर आते रहते हैं। 2008 में सिचुआन प्रांत में आए भीषण भूकंप में लगभग 70,000 लोग मारे गए थे। चीन के सीसीटीवी के अनुसार मंगलवार के भूकंप से पहले पिछले पांच वर्षों में शिगात्से के आसपास 200 किलोमीटर के क्षेत्र में 3 या उससे अधिक तीव्रता के 29 भूकंप दर्ज किए गए थे।

### कोर्ट ने झारखंड...

से एक को चयन समिति में नामित करे और उसके बाद नियुक्तियां शुरू हो सकती हैं। पीठ ने अन्य राज्यों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने आयोगों में रिक्तियों के अलावा चयन समिति की संरचना, उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट करने के मानदंड और साक्षात्कार और नियुक्तियों के लिए समय सीमा के अलावा आवेदकों की सूची एक सप्ताह के भीतर अधिसूचित करें। पीठ ने राज्यों के मुख्य सचिवों को रिक्तियों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया और नियुक्तियों पर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, जिन राज्यों में नियुक्तियां की गई हैं, वे आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची, खोज समिति की संरचना, शॉर्ट लिस्टिंग के लिए अपनाए गए मानदंड और नियुक्ति अधिसूचनाओं के बारे में अनुपालन हलफनामा प्रस्तुत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने सीआईसी व एसआईसी में केवल एक विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों के लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग काम करते हैं। केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाए और कई क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जाए। हम इस पर और कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि 2019 में शीर्ष अदालत ने सीआईसी और एसआईसी में पदों को भरने के लिए मौलिक निर्देश जारी किए थे, लेकिन राज्यों ने चयन प्रक्रिया में देरी की और सूचना के अधिकार अधिनियम को लगभग समाप्त कर दिया। संबंधित सचिवों को बुलाने या जवाब मांगने का न्यायालय से आग्रह करते हुए भूषण ने कहा कि रिक्तियों के कारण इस मंच का उपयोग करने वाले लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और राज्य सरकारों की तरफ से लोगों को नियुक्त करने में विफलता ने अधिनियम के मूल उद्देश्य को ही विफल कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत ने कई क्षेत्रों से लोगों की नियुक्ति के लिए निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने केंद्र को ऐसे पदों के लिए अगस्त, 2024 में शुरू हुई चयन प्रक्रिया पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने और इसके पूरा होने की समय सीमा बताने का निर्देश दिया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के संयुक्त सचिव को हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा गया कि सूचना आयुक्तों के पद के लिए आवेदन करने वाले 161 उम्मीदवारों के नामों पर कब कार्रवाई की जाएगी। पीठ ने केंद्र से दो सप्ताह में पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के नाम और उन्हें शॉर्ट लिस्ट करने के मानदंड का खुलासा करने को कहा।

## असम में कोयला खदान हादसा, 10 मजदूर बचाए गए, 11 अभी भी फंसे

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्य के उमरंगसू इलाके के कलामाटी में कोयला खदान में फंसे 10 मजदूरों को जिंदा बचा लिया गया है। खदान में अभी 11 मजदूरों के फंसे होने की सूचना है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), भारतीय सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और असम राइफल्स के जवान खदान में फंसे इन मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान चला रहे हैं। इसी बीच प्रशासन नेअब खदान में फंसे 11 में से 9 मजदूरों की शिनाख्त कर ली है। असम के पहाड़ी जिला डिमा हसाओ के उमरांग्सू से 25 किमी दूर असम-मेघालय के सीमावर्ती इलाके में सोमवार की सुबह एक कोयला खदान में पानी भर जाने से कई मजदूर फंस गए थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की प्रथम वाहिनी के जवान बचाव अभियान में जुट गया। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और भारतीय सेना के जवान भी जुटे हैं। बताया गया है कि सहायता के लिए विशाखापत्तनम से नौसेना के गहरे गोताखोरों को बुलाया गया है।

## अमृतसर में पांच किलो हेरोइन के साथ चार तस्कर किए गए गिरफ्तार

**अमृतसर (आईएएनएस)।** नशे के खिलाफ अपनी मुहिम में पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में शामिल 4 तस्करों की गिरफ्तारी की है। साथ ही, उनके पास से 5 किलो हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक महिला तस्कर भी शामिल है। इस बारे में पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने बताया, अमृतसर में पुलिस कमिश्नर को बड़ी सफलता मिली है। 5 किलो हीरोइन के साथ चार प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला तस्कर भी शामिल है। यह लोग एक पुराने नेटवर्क का हिस्सा थे, जो पाकिस्तान के स्मगलरों से जुड़ा हुआ था और यह ड्रोन के जरिए कंसाइनमेंट्स की तस्करी कर रहे थे।

## कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने स्वयं को मारी गोली, मौत

**कटरा (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने मंगलवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था। दरअसल, मृतक जवान का नाम राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की प्रधानमंत्री



**ओटावा (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफ के बाद से उनके उत्तराधिकारी को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। खबरों के अनुसार भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद पीएम पद की एक मजबूत दावेदार हैं। बता दें जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों अब दिवंगत हो चुके हैं) भारतीय फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं - गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और शोधकर्ता हैं।

## प्रवासी भारतीयों ने किए भगवान जगन्नाथ के दर्शन

# भारत विविधताओं से भरा देश है : डॉ स्नेहा सोनी

**पुरी (आईएएनएस)**






ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पहली बार भारतीय प्रवासी दिवस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन में प्रवासी भारतीयों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। तीर्थ स्थल पुरी में भी प्रवासी भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। प्रवासी भारतीयों ने आभार व्यक्त करते हुए इसे दिव्य सौभाग्य बताया। ओडिशा सरकार ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए 31 पर्यटक स्थलों का दौरा करा रही है। इसमें जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, रामचंडी, रघुराजपुर के विरासत गांव, सतपदा और ओडिशा के ब्लू फ्लैग समुद्र तटों जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा शामिल है। लंदन से आई एक प्रतिनिधि डॉ स्नेहा सोनी ने निमंत्रण के लिए ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिदा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर राज्य अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं पेश करता है। ओडिशा कला, विरासत और पर्यटन की संभावनाओं का खजाना है। हम इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लंदन से आए एक प्रवासी भारतीय कपल ने भी भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा, मैं इंग्लैंड में डॉक्टर हूं और प्रैक्टिस करता हूं। हम ब्रिस्टल सिटी में रहते हैं। मैं और मेरी पत्नी यहां आए हैं। हमारा एयरपोर्ट से ही शानदार स्वागत किया गया। मैं ओडिशा सरकार को इतनी सुंदर व्यवस्था करने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम आज जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पुरी आए थे। यह 1900 साल पुराना प्राचीन मंदिरों में से एक है। और, मैं मंदिर की सुंदरता देखकर चकित था। उन्होंने आगे कहा, हमने स्थानीय पुलिस अधिकारियों की देखरेख में बहुत ही सुंदर दर्शन किए। मुझे लगा कि यह भारत में एक सुंदर राज्य है। मैं मूल रूप से असम से हूं, और मैंने भारत के कई राज्यों का दौरा किया है। और, समुद्र के किनारे खूबसूरत राज्यों में से एक ओडिशा का पुरी एक और खूबसूरत जगह है। भुवनेश्वर एक और खूबसूरत जगह है। मैं यहां की सुंदर व्यवस्था के लिए मुख्य तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकता। यह बेहद ही अद्भुत और खास तरह का अनुभव था। मैं इसे अपने जीवन में हमेशा संजोकर रखूंगा। ओडिशा की सुंदरता की सराहना करते हुए, प्रतिनिधियों ने पुरी में स्वच्छ समुद्र तटों की आवश्यकता पर ध्यान दिलाया और सभी से पर्यावरण को बनाए रखने की अपील की। भारतीय प्रवासी दिवस सम्मेलन का आयोजन 8 से 10 जनवरी के बीच भुवनेश्वर में किया जा रहा है।

● प्रवासियों ने पुरी आने को दिव्य सौभाग्य बताया

### ओडिशा पहली बार कर रहा है प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन

यह पहली बार है जब ओडिशा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, इस कदम से राज्य की वैश्विक छवि को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रतिनिधियों का मानना है कि यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करेगा और रोजगार के अवसर पैदा करेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने भारतपोल पोर्टल किया लांच

# अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान : शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)**



**बोले मंत्री**

● अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की हुई शुरुआत

● भारतीय एजेंसी व पुलिस इंटरपोल से आसानी से जुड़ सकेंगी

केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है, या फिर अपराध करके विदेश में भाग गए हैं, जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एब्सेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी, जो इंटरपोल के साथ काम करती थी। लेकिन, अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी, जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी, लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही, संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे।

### अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक संभव होगी तेज पहुंच

**नई दिल्ली (हि.स.)।** गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए सीबीआई ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा।

## 'बाल सैनिक' के रूप में युद्ध लड़ने वाले बलदेव सिंह का निधन



● सेना में शामिल होकर पाकिस्तान से लड़े 4 युद्ध

● सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली (हि.स.)**

देश के बंटवारे के समय 1947-48 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में 'बाल सैनिक' के रूप में शामिल होने वाले योद्धा 93 वर्षीय हवलदार बलदेव सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंक के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और 2021 में नरेंद्र मोदी ने उन्हें सम्मानित किया था। पाकिस्तान के खिलाफ चार युद्ध लड़ने वाले वयोवृद्ध सैनिक हवलदार (सेवानिवृत्त) बलदेव सिंह का 93 वर्ष की उम्र में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के गृहनगर नौशेरा में सोमवार को उनके आवास पर निधन हो गया। पाकिस्तान के साथ युद्ध के इस महान नायक का जन्म नौनिहाल गांव में 27 सितंबर, 1931 को हुआ था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने 1947-48 में नौशेरा और झंगर की लड़ाई के दौरान 50 पैरा ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व में बाल सेना बल में शामिल होकर स्वेच्छा से काम किया था। बाल सेना 12 से 16 वर्ष की आयु के स्थानीय लड़कों का एक समूह था, जो पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारतीय सेना के लिए 'डिस्पैच रनर' के रूप में काम करता था।

## सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे बाइडेन : ट्रंप



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति बन जाएंगे, लेकिन प्रेसिडेंट जो बाइडेन के खिलाफ उनके तल्ख तेवर कायम हैं। अब उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन पर सत्ता हस्तांतरण को कठिन बनाने का आरोप लगाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, बाइडेन इस बदलाव को जितना संभव हो सके, उतना मुश्किल बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

## दिल्ली विस चुनाव की घोषणा करने के बाद सीईसी राजीव कुमार ने ईवीएम पर कहा

# नहीं की जा सकती है ईवीएम से छेड़छाड़

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के दौरान ही ईवीएम को लेकर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुछ खास तरह की चिंताएं थीं, जिसे राजनीतिक दलों ने उठाई थीं। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जोड़े और हटाए गए। यह भी दावा किया गया कि कुछ समूहों को निशाना बनाया गया और उनके नाम हटा दिए गए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, हर गांव में हर पोलिंग स्टेशन पर जो भी ड्राफ्ट रोल है, उसकी कॉपी पब्लिश की जाती है। बिना पर्सनल हियरिंग के नाम नहीं कट सकता है। दो प्रतिशत से ज्यादा के नाम कटने से एआरओ व आरओ जाकर खुद चेक करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर बोलते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, ईवीएम पर सारे जवाब देने के बाद भी कहा गया कि इसे मैनिपुलेट किया जा सकता है। वोटर टर्न आउट 5 बजे के बाद बढ़ जाता है। कई इलाकों में वोटर बढ़ गए। उन्होंने आगे कहा कि काउंटिंग में मिसमैच हो गया, कहीं कम गिन लिए, कहीं ज्यादा गिन लिए गए। सभी सवालों का जवाब आज देंगे।

चुनाव आयुक्त ने कहा, चुनाव से पहले नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील की जाती है। जिस दिन पोलिंग डे होता है, उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं, कौन आया कौन गया।

किसमें कितने वोट पड़े, इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है। फॉर्म 17-सी से मिलान होता है। उसके बाद बाद पांच रेंडमली सिलेक्टेड वीवीपैट की गिनती भी की जाती है। सारी चीजों को बहुत बार चैलेंज किया गया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईवीएम रद्द नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है। ईवीएम की कमीशनिंग चुनाव के 7-8 दिन पहले की जाती है। उसके बाद उम्मीदवार की नजर से ओझल ही नहीं होती।

### मतदान के पहले

- कमीशनिंग में प्रतीक लोड किया जाता है।
- 5% रैंडमली चुनी गई ईवीएम पर 1000 वोट का मॉक पोल।
- बैटरी लगाई जाती है और सील की जाती है।
- ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाती है।
- मतदान के दिन ईवीएम का वितरण होता है।

### मतदान के दिन

- मतदान से पहले मॉक पोल होता है।
- मतदान केंद्र के अंदर पोलिंग एजेंट्स रहते हैं।
- मतदान समाप्त होने पर मशीनों को सील किया जाता है।
- डाले गए वोटों का ब्यौरा 17a में पोलिंग एजेंट्स को देना।
- मतदान केंद्रों से स्ट्रांग रूम तक ईवीएम का स्थानांतरण होता ळै।
- स्ट्रॉन्ग रूम को सील किया जाता है। निरंतर सीसीटीवी से निगरानी होती है।

### मतगणना के दिन

- ईवीएम को काउंटिंग सेंटर तक ले जाया जाता है।
- कंट्रोल यूनिट की सील की जांच होती है।
- ईवीएम और 17-सी (भाग-1) में दर्ज वोटों का मिलान होता है।
- प्रति विधानसभा क्षेत्र (एसी/एएस) 5 रैंडमली चयनित वीवीपैट का सत्यापन होता है।

### संवैधानिक अदालत के 42 बार निर्णय

- ईवीएम हैक नहीं हो सकती।
- इसमें अविश्वसनीयता या किसी कमी का कोई प्रमाण नहीं।
- ईवीएम में वायरस या बग डालने का कोई सवाल नहीं।
- ईवीएम में अवैध वोट का कोई सवाल नहीं।
- धांधली संभव नहीं।
- ट्रॉजन हॉर्स एक्टिवेट कर परिणाम बदलने का कोई सवाल नहीं।
- अदालत को प्रस्तुत प्रमाण से यह विश्वास होता है कि ईवीएम छेड़छाड़-रोधी हैं।
- ईवीएम परिणामों की गणना के लिए पूर्णत: भरोसेमंद उपकरण हैं।
- छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं।

### ईवीएम के बारे में न्यायालय

- आविष्कार निस्संदेह एक महान उपलब्धि और राष्ट्रीय गौरव है।
- वीवीपैट प्रणाली के साथ ईवीएम मतदान प्रणाली की सटीकता सुनिश्चित करती है।
- चुनाव आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं।
- संवैधानिक निकाय की छवि और प्रतिष्ठा को कम करना स्वीकार्य नहीं है।

### पेपर बैलट प्रणाली

- पुरानी पेपर बैलट प्रणाली पर लौटना अनुचित और प्रतिगामी है।
- चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारने का उद्देश्य है।
- निर्वाचकों के मन में अनावश्यक संदेह पैदा करता है, जबकि इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है।

## लोग 'हमारे काम की राजनीति' में विश्वास जताएंगे : केजरीवाल




● नड्डा ने जनता से कहा, 'विकसित दिल्ली' बनाने वाली सरकार चुनें

● कांग्रेस ने कहा, दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करें

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में काम और गाली की राजनीति के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत झोंक देने को कहा। उन्होंने कहा कि लोग 'हमारी काम की राजनीति' में विश्वास जताएंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने तथा लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को सुनिश्चित करने में इसकी अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा, मैं यहां की जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करता हूं। इधर, कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद कहा कि वह और उसके प्रत्याशी पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि लोगों को यह अहसास करने के साथ मतदान करना चाहिए कि 'आप' व भाजपा ने दिल्ली को कितना नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने कहा, कांग्रेस, उसके प्रत्याशी चुनाव के लिए तैयार हैं। हम तारीख की घोषणा का स्वागत करते हैं। मैं लोगों से चुनाव में वोट करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा, लोगों को दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करना चाहिए, उन्हें अच्छी सरकार चुननी चाहिए, उन्हें इस बात का एहसास होना चाहिए कि केंद्र में भाजपा व दिल्ली में आप के शासन से उन्हें कितना नुकसान पहुंचाया है।

इधर, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव हो जाने के बाद 15 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उसके बाद वह अपने को चार-पांच माह हिमालय में जाकर ध्यान आदि करते हुए अपने को डिटॉक्सिफाई करेंगे।

## आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की।

## इंडोनेशिया को 'ब्रिक्स' में मिली एंट्री, बना 11वां देश

**साओ पाउलो।** दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के औपचारिक समूह 'ब्रिक्स' का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया की ब्रिक्स समूह में एंट्री हो गई है। इसी के साथ इंडोनेशिया ब्रिक्स का हिस्सा बनने वाला 11वां देश बन गया है। समूह के मौजूदा अध्यक्ष ब्राजील ने मंगलवार को ऐलान किया कि इंडोनेशिया ब्रिक्स समूह का पूर्ण सदस्य बन गया है। ब्राजील ने कहा कि 2023 में जोहांसबर्ग शिखर सम्मेलन में ब्लॉक के सदस्यों ने इंडोनेशिया की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।